राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र


# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ प्रतीक गांधी और पत्रलेखा की फिल्म...



कश्मीर के दुश्मन...अमेरिका-ब्रिटेन... ◀ 12

गाजियाबाद, बुधवार 19 मार्च 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 12 अंक: 12, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### एटीएस और डीआरआई को बड़ी कामयाबी, अहमदाबाद में 90 किलो सोना किया जब्त

**अहमदाबाद (आरएनएस)।** गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने अवैध सोने की तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। गुजरात एटीएस और डीआरआई ने अहमदाबाद के पालडी इलाके में एक दलाल के घर से छापेमारी कर लगभग 90 से 100 किलोग्राम सोना जब्त किया। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि जब्त किए गए सोने की अनुमानित कीमत करीब 83 करोड़ रुपए है। खुफिया जानकारी मिलने के बाद एटीएस अधिकारी पीआई निखिल और पीआई चावड़ा के नेतृत्व में पालडी में स्थित एक घर पर छापा मारा गया। इस छापेमारी के दौरान अधिकारियों को बिस्कुट के रूप में रखा सोना और अन्य आभूषण मिले हैं। घर से बरामद किए गए सोने के वजन का अंतिम आकलन अभी भी जारी है, लेकिन प्रारंभिक



अनुमान के अनुसार यह करीब 95.5 किलोग्राम (अनुमानित) है। इसके अलावा, 60-70 लाख रुपए की नकदी भी जब्त की गई। अधिकारियों को अभी भी सोने के सटीक स्रोत का पता लगाना बाकी है और आगे की जांच चल रही है। एटीएस और डीआरआई सोने की तस्करी नेटवर्क और वित्तीय अनियमितताओं के संभावित लिंक की भी जांच कर रहे हैं। हालांकि, जांच आगे बढ़ने और अधिक विवरण सामने आने की उम्मीद है। गुजरात में हाल के वर्षों में सोने की तस्करी के कई महत्वपूर्ण मामले सामने आए हैं। जुलाई 2023 में राजस्व खुफिया निदेशालय ने सूरत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से लगभग 25 करोड़ रुपए मूल्य के 48.2 किलोग्राम गोल्ड पेस्ट को जब्त किया था। इस कार्रवाई के दौरान शारजाह से आने वाले तीन यात्रियों और एक हवाई अड्डे के अधिकारी को गिरफ्तार किया गया था। सोने को पांच ब्लैक बेल्ट के भीतर 20 पैकेट में छिपाया गया था, जिसमें स्क्रीनिंग से बचने के लिए इमिग्रेशन चेकपॉइंट से पहले शौचालय में सोने का आदान-प्रदान करने की योजना थी। इसके अलावा, जुलाई 2023 के एक अन्य मामले में अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने दुबई से सोने की तस्करी में शामिल एक जौहरी और एक जोड़े को गिरफ्तार किया था।

### पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई, रायपुर-रसूलपुर में यूट्यूबर के घर पर ग्रेनेड हमला करने वाले का एनकाउंटर

**जालंधर (आरएनएस)।** जालंधर के रायपुर-रसूलपुर में यूट्यूबर रोजर संधू के घर पर ग्रेनेड हमले के आरोपियों में से एक यमुना नगर के शादीपुर गांव का रहने वाला हार्दिक पुलिस एनकाउंटर में घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, हार्दिक की टांग में गोली लगी है। पुलिस ने घटना के तुरंत बाद आरोपी से वेपन रिकवरी हेतु राजपुर-रसूलपुर के बल्लां क्षेत्र में संपर्क किया। जब पुलिस



ने उसे गिरफ्तार करने का प्रयास किया, तो उसने उन पर फायरिंग की। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि आरोपित गैंगस्टर लॉरेंस की गैंग से जुड़ा हुआ है। वर्तमान में पुलिस हथियारों और अन्य ग्रेनेड की बरामदगी के लिए जांच में जुटी हुई है।

# बेखौफ लुटेरे: गन पॉइंट पर व्यापारी से 80 लाख रुपये लूटे, वारदात सीसीटीवी में कैद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के लाहौरी गेट थाना इलाके में एक अंगड़िया व्यापारी से लगभग 80 लाख रुपये की लूट का मामला सामने आया है। बदमाश ने पहले फायरिंग की और फिर रुपये से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। घटना हवेली हैदर कुली चांदनी चौक की है। लूट की पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। गन पॉइंट पर हुई लूट का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।वायरल वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि व्यापारी हवेली हैदर कुली चांदनी चौक में बैग लेकर जा रहा है। आसपास की दुकानों पर लोग भी हैं। इसी बीच उसके पीछे एक बदमाश आता है और अचानक उससे पिस्टल सटा देता है। इसके बाद बदमाश व्यापारी से बैग छीन लेता है। हालांकि, इस दौरान व्यापारी उससे बैग नहीं छीनने का अनुरोध भी करता है, लेकिन वह बैग लेकर फरार हो जाता है।

इलाके में मौजूद दीपक ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि इलाके में सोमवार शाम छह से सात बजे के बीच अचानक भगदड़ हुई। पता चला कि एक व्यापारी के साथ लूट हो रही है। तीन से चार लोगों ने मास्क लगा रखा था और कुछ ने मास्क नहीं लगाया था। इस मार्केट में महिलाएं भी रहती हैं और शॉपिंग करती हैं। हालांकि, किसी के साथ कोई हादसा





नहीं हुआ। लूट जरूर हुई है। व्यापारी सुरक्षित है। अभी बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, प्रमोद यादव ने बताया कि यहां पर शाम छह से सात बजे के बीच लूट की घटना हुई है। चार से पांच लोगों ने मिलकर एक व्यापारी को लूटा है। आरोपी फायरिंग कर व्यापारी से रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। व्यापारी का अंगड़िया काम करता है। लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मेन चांदनी चौक रोड की तरफ गए थे। लूट का वीडियो वायरल होने के बाद उत्तरी जिले की कई अलग-अलग पुलिस की टीमें मामले की जांच कर रही हैं। पुलिस पीड़ित से भी पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष से रवाना, पीएम मोदी ने खत लिखकर कही बेहद खास बात

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मर



करीब नौ महीने तक अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 'फंसे रहने के बाद आखिरकार धरती पर लौट रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनीता विलियम्स के नाम एक भावपूर्ण पत्र लिखकर उनकी सुरक्षित वापसी की कामना की है। प्रधानमंत्री द्वारा 1 मार्च को लिखा गया यह पत्र प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया है। उन्होंने लिखा, पूरी दुनिया सुनीता विलियम्स की सुरक्षित वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रही है। इस महत्वपूर्ण क्षण में पीएम मोदी ने भारत की इस गौरवशाली बेटी के लिए अपनी चिंता और शुभकामनाएं व्यक्त की हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पत्र में लिखा, भले ही आप हजारों मील दूर हैं, लेकिन आप हमारे दिलों के बेहद करीब हैं। भारत के लोग आपकी अच्छी सेहत और आपके मिशन की सफलता के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

# औरंगजेब कब्र विवाद : हिंसा के बाद नागपुर के 10 इलाकों में कर्फ्यू

**नागपुर (आरएनएस)।** नागपुर में औरंगजेब की कब्र को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। नागपुर के महाल में सोमवार रात दो गुटों के बीच हिंसा भड़क गई थी। महाल के बाद देर रात हंसपुरी में भी हिंसा हुई। अज्ञात लोगों ने दुकानों में तोड़फोड़ की और वाहनों में आग लगा दी। प्रशासन ने हिंसा के बाद कई इलाकों में कर्फ्यू लगा

**65 उपद्रवी हिरासत में, 25 पुलिसवाले घायल**

दिया गया है। महाल में हुई हिंसा में कई लोग घायल हुए। इनमें पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। उग्र भीड़ ने 25 से अधिक बाइक और 3 कारों को आग के हवाले कर दिया। अब तक 60 से 65 दंगाइयों को हिरासत में लिया गया है जबकि 25 से 30 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। यह हिंसा समभाजी नगर में औरंगजेब की कब्र को लेकर विवाद के बीच हुई। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने इस कब्र को ध्वस्त करने की मांग की थी। दोनों समूहों ने सोमवार सुबह नागपुर में भी प्रदर्शन किया था, इसके कुछ ही घंटों बाद हिंसा भड़क उठी। नागपुर पुलिस का कहना है कि अफवाहों की वजह से झड़प हुई। नागपुर पुलिस



के डीसीपी (ट्रैफिक) अर्चित चांडक ने बताया कि घटना गलतफहमी की वजह से हुई लेकिन स्थिति अब नियंत्रण में है। पत्थरबाजी हो रही थी, इसलिए हमने बल प्रयोग किया और आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया। अपराधियों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। नागपुर के पुलिस आयुक्त डॉ. रविंदर सिंघल ने आश्वस्त किया है कि हालात नियंत्रण में हैं। वहीं सीएम फडणवीस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। हिंसा भड़कने के बाद नागपुर के कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता (ब्रहस) की धारा 163 लागू की गई है। यह कर्फ्यू कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकड़गंज, पचपाओली, शांतिनगर, शक्करदारा, नंदनवन, इमामवाड़ा, यशोधरानगर और कपिलनगर में लागू किया गया है।

**चुनाव आयोग और गृह मंत्रालय की मीटिंग में हो गया बड़ा फैसला**


# वोटर कार्ड को आधार से जोड़ा जाएगा

**नई दिल्ली।** आने वाले महीनों में वोटर आईडी कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ने का अभियान तेज किया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) को आधार से जोड़ने पर चर्चा करने के लिए प्रमुख अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ-साथ केंद्रीय गृह सचिव, विधायी विभाग के सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव तथा यूआईडीएआई के सीईओ और चुनाव आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों ने भी भाग लिया। आयोग ने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया



संविधान के अनुच्छेद 326 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रासंगिक प्रावधानों का सख्ती से पालन करेगी। यूआईडीएआई और ईसीआई के तकनीकी विशेषज्ञों के बीच तकनीकी परामर्श भी शीघ्र ही शुरू होने वाला है। इससे पहले 10 मार्च को चुनाव आयोग ने कहा था कि डुप्लीकेट वोटर आईडी कार्ड से जुड़ा मामला एक "विरासत का मुद्दा" है। इसने राज्यों को वार्षिक मतदाता सूची अपडेट के दौरान मतदाता के फोटो पहचान पत्र में सभी विसंगतियों को दूर करने का भी निर्देश दिया था। ईपीआईसी नंबर पर भी स्पष्टीकरण दिया गया। चुनाव निकाय ने कहा कि कोई भी मतदाता ईपीआईसी नंबर के बावजूद केवल अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर ही वोट डाल सकता है।

# हेमा मालिनी के खिलाफ दर्ज हुई शिकायत, जगन्नाथ दौरे से विवाद शुरू हुआ



**ओडिशा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता और सांसद हेमा मालिनी ने पिछले सप्ताह होली के अवसर पर ओडिशा के पुरी जगन्नाथ मंदिर में दर्शन किए। हालांकि, ड्रीम गर्ल की यात्रा को अवैध माना गया है, जिसके चलते पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। हेमा मालिनी ने पुरी सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा की मौजूदगी में भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना की और उनका आशीर्वाद लिया। रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय संगठन श्री जगन्नाथ सेना ने सिंहद्वार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें बीजेपी हेमा मालिनी पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और उनका उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। संगठन ने आरोप लगाया कि भाजपा सांसद ने एक मुस्लिम धर्मेंद्र से शादी की और श्रीमंदिर जाकर परंपराओं का उल्लंघन किया। इसके प्रमुख प्रियदर्शन पटनायक ने मांग की कि अगर दावे सच साबित होते हैं तो हेमा मालिनी की गिरफ्तारी की जाए। हेमा मालिनी ने 1980 में धर्मेंद्र से शादी की थी। शिकायत के अनुसार, धर्मेंद्र जो पहले से ही प्रकाश कौर से विवाहित थे, एक्टर ने इस्लाम धर्म अपना लिया और हिंदू विवाह अधिनियम को दरकिनार कर दिया और मौलाना काजी अब्दुल्ला फैजाबादी द्वारा निकाह करवाकर मालिनी से शादी कर ली।

# मोदी बोले-महाकुंभ में अनेक अमृत निकले: एकता का अमृत इसका पवित्र प्रसाद, राहुल बोले भगदड़ में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि नहीं दी

दिल्ली। बजट सत्र के दूसरे फेज के पांचवें दिन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ को लेकर संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि

**● पीएम ने कहा कि महाकुंभ पर सवाल उठाने वालों को जवाब मिला है। देश के कोने-कोने में आध्यात्मिक चेतना उभरी है**

महाकुंभ में अनेक अमृत निकले हैं। एकता का अमृत इसका पवित्र प्रसाद है। पीएम ने कहा कि महाकुंभ पर सवाल उठाने वालों को जवाब मिला



है। देश के कोने-कोने में आध्यात्मिक चेतना उभरी है। महाकुंभ में राष्ट्रीय चेतना के दर्शन हुए और महाकुंभ के उत्साह-उमंग को महसूस किया। देश की सामूहिक चेतना का नतीजा महाकुंभ के दौरान देखने को मिला। युवा पीढ़ी भी पूरे भाव से महाकुंभ से जुड़ी। पीएम मोदी ने मॉरीशस यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि वहां के गंगा तालाब में त्रिवेणी का पवित्र जल डाला।

अनेकता में एकता हमारी बहुत बड़ी ताकत है। इसी विशेषता को हम निरंतर समृद्ध करते रहें, ये हमारा दायित्व है। इधर, राहुल गांधी ने मोदी के महाकुंभ पर दिए गए वक्तव्य पर कहा- मैं प्रधानमंत्री की बात का समर्थन करना चाहता था। कुंभ हमारी परंपरा है, संस्कृति है, इतिहास है। एक शिकायत थी कि प्रधानमंत्री ने जिनकी मृत्यु हुई उन्हें श्रद्धांजलि नहीं दी। जो युवा कुंभ में गए उन्हें प्रधानमंत्री से रोजगार चाहिए और प्रधानमंत्री को उस पर भी बोलना चाहिए था।

**नवजात को जन्म** | ग्रेटर नोएडा के कृष्णा अस्पताल में पाकिस्तानी भाभी ने दिया बेटी को जन्म

# सीमा हैदर बनीं मां,सचिन को मिली पहली संतान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** पाकिस्तानी भाभी सीमा हैदर पांचवी बार मां बनी हैं। सचिन मीणा को पहली संतान मिली है। सीमा हैदर ने ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में मंगलवार तड़के करीब चार बजे नवजात को जन्म दिया। पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर ने मंगलवार सुबह एक बच्ची को जन्म दिया। यह खुशखबरी ग्रेटर नोएडा के कृष्णा अस्पताल से आई, जहां सीमा ने सुबह 4 बजे बेटी को जन्म दिया। मां और नवजात दोनों स्वस्थ हैं।

सीमा हैदर जो 2023 में अपने प्रेमी सचिन मीणा के पास पाकिस्तान से भारत आई थीं। तब से सुर्खियों में रही हैं। उनके प्रेम और संघर्ष की कहानी को लेकर देशभर में चर्चा होती रही है। अब उनके घर नए मेहमान के आगमन की खबर ने एक बार फिर उन्हें चर्चा का विषय बना दिया है। सीमा को सोमवार को प्रसव पीड़ा हुई थी।

जिसके बाद सचिन और उनका परिवार उन्हें ग्रेटर नोएडा के कृष्णा अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों की देखरेख में मंगलवार तड़के 4 बजे उन्होंने स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया।

परिवार का कहना है कि जच्चा और बच्चा दोनों ठीक हैं और जल्द ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। वह





बेटी के जन्म से वे बहुत खुश हैं। इसे भगवान का आशीर्वाद मानते हैं। बेटी का जन्म परिवार के लिए एक नया अध्याय है। उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। सचिन और सीमा ने अभी तक अपनी नवजात बेटी के नाम का खुलासा नहीं किया है, लेकिन परिवार के करीबी सूत्रों के अनुसार वह जल्द ही एक पारिवारिक समारोह में बच्ची का नामकरण करेंगे।

पुत्री के जन्म से पहले सीमा हैदर की गोदभराई की रस्म भी पूरी हुई थी। जिसमें पूरा परिवार सम्मिलित हुआ था। वहीं सीमा हैदर के अधिवक्ता और मोह बोले भाई पहले ही कह चुके हैं कि सीमा हैदर के बच्चे को भारतीय नागरिकता दिलाएंगे। बच्चे को भारतीय नागरिकता ही मिलेगी। गौरतलब है कि सीमा हैदर पाकिस्तान के सिंध प्रांत की रहने वाली हैं। 2023 में वे अवैध रूप से नेपाल के रास्ते भारत आईं और अपने प्रेमी सचिन मीणा के साथ ग्रेटर नोएडा में बस गईं। उनके भारत आने के बाद से ही उनके मामले ने राजनीतिक और कानूनी बहस को जन्म दिया। सीमा पर अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने का आरोप भी लगा था, लेकिन बाद में उन्हें जमानत मिल गई। सीमा के पहले से चार बच्चे हैं, जो उनके साथ भारत में रह रहे हैं। अब नवजात बच्ची उनके परिवार में पांचवीं संतान है ।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# दी-बार एसोसिएशन ने चुनावों के लिए तहसील बार सदन में की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**शिकारपुर।** तहसील में दी-बार एसोसिएशन के द्वारा मंगलवार को तहसील बार सदन में एक बैठक की गई। जिसमें वर्ष 2024-25 के कार्यकाल की समाप्ति की घोषणा की गई एवं चुनाव अधिकारी के लिए केवल एक नामांकन एडवोकेट राकेश कुमार शर्मा का प्राप्त हुआ। चुनाव का कार्यक्रम पृथक से जारी किया जाएगा। यह जानकारी दी-बार एसोसिएशन निवर्तमान अध्यक्ष एडवोकेट के.एल. प्रभात के द्वारा दी गई। इस अवसर पर एड. राहुल भारद्वाज, एड. हिमांक गुप्ता, एड. अमर सिंह राठौर, एड. टीपी शर्मा, एड. मूल कुमार गौड, एड. कांति प्रसाद गोस्वामी, एड. प्रकाश वीर यादव, एड. सरदार सिंह, एड. प्रदीप कुमार गिरी, एड. संजय बरगौती आदि एडवोकेट मौजूद रहे।

# ऐडवांस्ड फाइनेन्शियल अकाउंटिग प्रोग्राम पर छः दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** गौरी शंकर कन्या महाविद्यालय, बुलन्दशहर में वाणिज्य विभाग द्वारा छात्राओं के व्यावसायिक कौशल विकास हेतु ऐडवांस्ड फाइनेन्शियल अकाउंटिग प्रोग्रामह्य पर छः दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के द्वितीय दिवस का उद्देश्य छात्राओं को आधुनिक लेखांकन प्रणालियों एवं सॉफ्टवेयर का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान कराना था। प्रथम सत्र में कम्प्यूटर प्रशिक्षक कु0 गुंजन द्वारा अकाउंटिंग



मास्टर इन टैली ERP9 विषय पर प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें उन्होंने छात्राओं को टैली ERP9 में अकाउंटिंग मास्टर्स निर्माण व संचालन की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया।

द्वितीय सत्र में कम्प्यूटर प्रशिक्षक कु0 नेहा द्वारा इन्वेटरी मास्टर्स इन टैली ERP9 पर प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें उन्होंने छात्राओं को स्टॉक ग्रुप्स, स्टॉक आइटम्स, यूनिट्स ऑफ मेजर आदि का निर्माण तथा प्रबधंन करने की तकनीक पर व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। इन दोनों सत्रों में छात्राओं को सॉफ्टवेयर के माध्यम से लेखांकन एवं इन्वेन्टरी प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ, जिससे उनके व्यावसायिक कौशलों का विकास हुआ।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अंशु बंसल जी ने इस कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षण छात्राओं को भविष्य के लिए सक्षम बनाते हैं। कार्यक्रम का आयोजन वाणिज्य विभाग की प्राध्यापिका कु0 मोनिका चधरी एवं कु0 सुरभि श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# एएमयू में प्रो.आफताब अहमद इराकी के निधन पर शोक

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** अमुवि बिरादरी द्वारा प्रतिष्ठित अस्थि रोग विशेषज्ञ और जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज (जेएनएमसी) के पूर्व अध्यक्ष, प्रो. आफताब अहमद इराकी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उनके निधन से चिकित्सा जगत और विवि को अपूरणीय क्षति पहुंची है। प्रो. अब्दुल कय्यूम खान ने शोक प्रस्ताव पढ़ा और प्रो. इराकी के उल्लेखनीय योगदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि प्रो. इराकी ने विभाग में शिक्षकों और छात्रों पर अमिट छाप छोड़ी।प्रो. इराकी का एएमयू से जुड़ाव कई दशकों तक रहा। उन्होंने 1975 में व्याख्याता के रूप में अपने करियर की शुरूआत की और ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय में चार वर्षों तक अस्थि रोग विशेषज्ञ के रूप में सेवाएं दीं। 1984 में उन्होंने पुनः एएमयू में योगदान दिया, 1987 में रीडर बने और 1998 में प्रोफेसर के पद पर पदोन्नत हुए। वे 2010 में सेवानिवृत्त हुए। इसके अलावा, वे तीन बार अस्थि रोग विभाग के अध्यक्ष (1996-1999, 2000-2003, और 2005-2008) भी रहे।

# शहर के कचरे से बनी खाद जल्द पहुंचेगी घर-घर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** मंगलवार को ए0टू0जेड0 प्लांट का निरीक्षण करने पहुँचे नगर आयुक्त ने आग लगने की संभावना को देखते हुए अग्निशमन उपाय का भौतिक सत्यापन किया उन्होंने ए0टू0जेड0 प्लांट की 220 मीट्रिक टन कैप्सिटी को बढ़ाने के लिए भी कहा रोजाना लगभग 500 से 550 मीट्रिक टन निकलने वाले कचरे के सापेक्ष 220 एमटी के निस्तारण करने से लिगेसी वेस्ट की मात्रा बढ़ रही है। नगर आयुक्त ने ए0टू0जेड0 प्लांट के उत्तरदायी जितेंद्र को 220 एमटी कचरे के निस्तारण से बनने वाली खाद का प्रचार प्रसार करने व इस ऑर्गेनिक खाद का इस्तेमाल करने के लिए जिला विभाग जिला उद्यान विभाग अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट नगर निगम उद्यान



विभाग व अलीगढ़ के आसपास के किसानों से प्लांट में बनने वाली खाद को इस्तेमाल करने के लिए संपर्क करने के लिए कहा। नगर आयुक्त ने ए0टू0जेड0 प्लांट जितेंद्र को अर्बन कंपनी से समन्वय स्थापित कर डोर टू डोर नर्सरी रखने वाले घरों में इस खाद को रियायती दरों पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए साथ ही साथ ए0टू0जेड0 में कचरे से तैयार सिमेंटेट ईंट का इस्तेमाल के लिए अलीगढ़ के आसपास के ईद भट्ट चालकों से संपर्क करने के लिए कहा। निरीक्षण के समय ए0टू0जेड0 प्लांट में अर्बन कंपनी के कचरा उठाने वाले वाहन बिना तिरपाल खुले में कचरा लाते हुए दिखाई दिए जिस पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई मौके पर अर्बन कंपनी के हेड एहसान सैफी को प्रत्येक दशा में मोटे ट्रिपल से कचरा को ढक कर प्लांट के अंदर लाने के निर्देश दिए। ए0टू0जेड0 प्लांट में नगर आयुक्त ने आपात स्थिति उत्पन्न होने व पिछले साल आग की घटना का संज्ञान लेते हुए अग्निशमन उपाय का भौतिक सत्यापन प्लांट में लगे कचरे के ढेर पर पानी का छिड़काव करके देखा साथ ही साथ यहां उठने वाली बदबू के समाधान के लिए नियमित रूप से ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने के निर्देश दिए।

# शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा कर की बच्चों के स्वास्थ्य की कामना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** होली त्यौहार के बाद मंगलवार को प्रातः में नगर की महिलाओं ने 1 दिन का व्रत रखकर माता शीतला की गुड़ के मीठे चावल और से पूजा-अर्चना की और विभिन्न पकवानों से भोग लगाया। इस दौरान शीतला माता की पूजा अर्चना कर लोगों ने परिवार की खुशहाली को दुआएं मांगी। इस दौरान माता के मंदिरों पर खासी भीड़ रही।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार होली पर्व के पश्चात आने वाले पहले मंगल को शीतला माता की पूजा कर जल चढ़ाया जाता है। मान्यता है कि होलिका को ठंडा करने के लिए शीतला माता पर जल अर्पण करते है। मंगलवार को जैन धर्मशाला के सामने मां चामुंडा मंदिर मठ व गांव खंडवा या स्थित शीतला मंदिर में तड़के से ही महिलाओं की भीड़ जुटने शुरू हो गई थी जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया बच्चों की भीड़ बढ़नी शुरू हो गई। नगर के सभी क्षेत्रों में प्रातः में बने हुए बासी भोजन के साथ महिलाओं ने मीठे चावल पूरी और



गूलरियो से माता के भक्ति गीत गाते हुए बसोड़ा पूजन में मां शीतला की पूजा अर्चना की। मां शीतला को गुड़ के मीठे चावल और पकवान से भोग लगाकर महिलाओं ने मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। श्रद्धालु महिलाओं के अनुसार मां शीतला हमारे परिवार बच्चों पर कृपा बरसाती है और बच्चों को चेचक नतथा अन्य तरह की बीमारियों से बचाती है ऐसी मान्यता है कि इसलिए रात के बने हुए ठंडे भोजन से मां शीतला को भोग लगाने से वह प्रसन्न होती हैं। इस दौरान बाहर लगे मेले में महिलाओं के बच्चों ने जमकर चाट पकड़ो का लुफ्त उठाया, और एकत्र श्रद्धालुओं ने एक साथ बैठकर भोजन किया।

# गैर इरादतन हत्या की घटना में वांछित अभियुक्त एक अवैध चाकू सहित गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** वादी भूपेन्द्र पुत्र बनारसी दास निवासी ग्राम घुंगरावली बनवारीपुर थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना सलेमपुर पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 15.03.2025 की शाम को उसके भाई गोपाल को लखेन्द्र सिंह उर्फ लाखन उर्फ लखन पुत्र गजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम धतूरी थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर घर से घुमाने के बहाने ले गया था जिसका शव दिनांक 16.03.2025 की सुबह ग्राम चित्सौना के राकेश शर्मा की ट्यूबवेल पर मिला हैं। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सलेमपुर पर मुअसं- 76/25 धारा 105 बीएनएस व 3(2)5 एससीएसटी एक्ट बनाम लखेन्द्र सिंह उर्फ लाखन उर्फ लखन उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के क्रम में आज दिनांक 18.03.2025 को थाना सलेमपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त लखेन्द्र सिंह उर्फ लाखन उर्फ लखन को एक अवैध चाकू सहित



गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना सलेमपुर पर मुअसं- 79/25 धारा 4/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। पुलिस पूछताछ मेंगिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-- लखेन्द्र सिंह उर्फ लाखन उर्फ लखन पुत्र गजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम धतूरी थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया।

घटना का विवरणः- अभियुक्त लखेन्द्र सिंह उर्फ लाखन उर्फ लखन ने पूछताछ पर बताया कि गोपाल लगभग एक माह पूर्व चोरी के मुकदमे में रिहा होकर आया था तथा जेल में ही उसकी मुलाकात मेरे से हुई थी, मैं भी जेल मे चोरी के मुकदमें में जिला कारागार मे निरूद्ध था। हम दोनों में गहरी दोस्ती हो गयी थी।

दिनांक 15.03.2025 की शाम को गोपाल और मै दोनों ट्यूबवेल पर बैठकर शराब पी रहे थे। शराब के नशे में किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी हो गयी और मैने गोपाल को धक्का दे दिया जिससे अचानक गोपाल का सिर पानी की कुण्डी में लग गया जिससे उसकी मृत्यु हो गयी तथा मैं वहां से डर कर भाग गया। मेरा उसे मारने का कोई इरादा नहीं था। गिरफ्तार करने वाली टीम लोकेश अग्निहोत्री थाना प्रभारी सलेमपुर.उ0नि0 सचिन कुमार, उ0नि0 अनुराग गौतमहै0का0 गुलफाम शामिल रहे।

# कीचड़ डालने के विरोध पर जानलेवा हमला


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू।** क्षेत्र के गांव पला निवासी व्यक्ति पर दाऊपुर नहर पर बैठे शरारती तत्वों ने कीचड़ डाल दिया। इसका विरोध करने पर तीन लोगों ने लोहे की रॉड व डंडों से पिटाई कर गंभीर घायल कर दिया। घायल व्यक्ति के पुत्र की तहरीर पर एक नामदज व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बीते शानिवार को गांव पला निवासी भूदेव पुत्र प्रसादी अपने गांव जा रहा था। रास्ते मे गंग नहर पर बैठे गांव कसूमी निवासी राजेश ने उनके ऊपर कीचड़ डाल दिया। विरोध करने पर दोनों में कहासुनी हो गई। इस बीच राजेश और उसके दो अन्य साथियों ने भूदेव के ऊपर लोहे की रॉड व डंडों से हमला कर गंभीर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया जहां से उसे मेडिकल कालेज अस्पताल रैफर कर दिया। पीड़ित के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने गांव कसूमी निवासी राजेश तथा अन्य दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# जिला अस्पताल में मरीजों के साथ हुई लापरवाही को नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : प्रदीप चौधरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** जिला अस्पताल की लापरवाही की सूचना पर आज जिला अस्पताल का सदर विधायक प्रदीप चौधरी औचक निरीक्षण किया वहां स्टोर पर जाकर के दवाइयां की एक्सपायरी डेट चेक की इमरजेंसी वार्ड में जाकर भर्ती रोगियों से वार्ता कर मिल रहे इलाज की जानकारी प्राप्त



की व अस्पताल में साफ सफाई का निरीक्षण किया, उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कल जो एक मरीज के साथ लापरवाही हुई ऐसी पुनरावृत्ति द्वारा ना हो नहीं तो इसकी शिकायत मा0 मुख्यमंत्री से करूंगा, मैं अपने प्रस्ताव पर अब तक लगभग ढाई करोड रुपए मा0 मुख्यमंत्री से मुख्यमंत्री राहतकोष से गंभीर बीमारी के इलाज के लिए मरीजों को दिलवा चुका हूं,। केंद्र सरकार व प्रदेश की योगी सरकार की मनसा है की बिना इलाज के किसी भी व्यक्ति की मृत्यु ना हो और इलाज से कोई भी बीमार व्यक्ति वंचित न रहे।

# गैंगस्टर के आरोपी को 02 वर्ष का कारावास व 05 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के क्रम में बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर गैंगस्टर के आरोपी को 02 वर्ष का कारावास व 05 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयी अभियुक्त कैलाश पुत्र मोहन सैनी निवासी मंगलपुर थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष- 2008 में संगठित गिरोह बनाकर जनता में भय व आतंक उत्पन्न कर धन अर्जित करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में दिनांक 23.08.2008 को थाना नरसैना पर मुअसं- 190/2008 धारा- 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण)



अधि0 पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 16.07.2009 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन" के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई। जिसके परिणामस्वरुप न्यायाधीश चन्द्र विजय श्रीनेत (मा0 न्यायालय एडीजे-08/स्पेशल गैंगस्टर एक्ट जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त कैलाश को 02 वर्ष का कारावास व 05 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक योगेश कुमार का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता है।

# शिव मन्दिर में प्रतिमा खंडित होने से हिन्दू संगठनों में रोष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** पहासू के मोहल्ला कानून गोयन स्थित शिव मन्दिर में शिव परिवार से पार्वती की प्रतिमा खंडित होने की खबर सुनते ही लोग मन्दिर के पास एकत्र हुए। लोगों ने मूर्ति खंडित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाई करने के लिए की मांग को लेकर हंगामा किया। घटना की सूचना मिलने पर शिकारपुर सीओ मय फोर्स के साथ मन्दिर पहुँचे तथा लोगों को समझाकर शांत किया।

पुलिस के अनुसार मन्दिर के पास से एक 14 वर्षीय किशोर को देखा गया। किशोर बोलने और सुनने में असमर्थ था। किशोर की बाजू पर एक मोबाइल नंबर गुदा हुआ था। उस नंबर पर पता करने पर बताया गया कि वह किशोर मंद बुद्धि है तथा मूक बधिर है। पुलिस ने बाल अपचारी को पकड़ लिया है बीती रात हुई घटना के बाद पहासू चौकी प्रभारी संजय कुमार की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



## निर्देश

## बैंकों के स्तर से ऋण वितरित आवेदनों में लंबित मार्जिन मनी क्लेम को तत्काल क्लेम किया जाए

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत ऋण वितरण हेतु निर्धारित लक्ष्य को 31 मार्च तक हर हाल में पूरा करें

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सभी बैंकों को निर्देश दिया है कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत ऋण वितरण हेतु निर्धारित लक्ष्य को 31 मार्च तक हर हाल में पूरा करें। उन्होंने कहा कि कैंप लगाकर लोगों को इस योजना के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक युवाओं को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिससे युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।



वित्त मंत्री आज यहां नवीन भवन स्थित पारिजात कक्ष में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने संबंधित बैंकों को निर्देश दिया कि ऋण स्वीकृति हेतु लंबित प्रकरणों में तेजी लाते हुए आवेदनों को यथाशीघ्र निस्तारित किया जाए। जिन आवेदनों पर स्वीकृत हो चुकी है, उन प्रकरणों में तत्काल ऋण वितरण किया जाए। बैंकों के स्तर से लगभग 3551 वितरित आवेदनों में मार्जिन मनी क्लेम किया जाना लंबित है, जिसे तत्काल क्लेम किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि बैंक अधिक से अधिक आवेदनों पर स्वीकृति प्रदान करें।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 01 लाख युवाओं को इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके अंतर्गत बैंकों को 118981 आवेदन अग्रसारित किए गए हैं। बैंकों द्वारा अभी तक 32087 आवेदनों पर स्वीकृति प्रदान करते हुए 16924 को ऋण वितरित किया है। इसके अतिरिक्त 41374 आवेदन स्वीकृति हेतु लंबित हैं, जबकि 15163 आवेदन ऋण वितरण हेतु लंबित है।

बैठक में अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार, प्रमुख सचिव एमएसएमई आलोक कुमार, सचिव वित्त मिनिस्थी एस तथा वित्त एवं एमएसएमई विभाग के अन्य अधिकारियों सहित विभिन्न बैंकों के बैंकर्स उपस्थित थे।

# घर मे घुस कर युवती से छेड़छाड़,केस दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू।** थाना के एक गांव निवासी युवती ने गांव के ही युवक के खिलाफ घर मे घुस कर छेड़छाड़ करने तथा अश्लील हरकत करने की शिकायत की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने गांव महुआखेड़ा निवासी आरोपी दिलीप उर्फ टिंकू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता के अनुसार आने पिता की मृत्यु के बाद वह नोकरी कर अपनी माँ के साथ अपना घर चलाती है।आरोपी बार बार उस पर गलत कमेंट और अश्लील इशारे करता है। बीती 16 मार्च को आरोपी उसके घर घुस आया तथा उसके साथ जबरन सम्बन्ध बनाने की कोशिश की। शोर सुनकर मां व गांव के अन्य लोगों के आने पर वह भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संगत घराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन में लगातार देरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा।** इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन में लगातार देरी हो रही हैं। मई में डीजीसीए से एयरोड्रम लाइसेंस मिलने की संभावना हैं। तब तक रोजाना 10 लाख रूपए का जुमार्ना यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ( यापल ) पर लगेगा। डॉ. अरुण वीर सिंह, सीईओ नायल ने बताया कि शर्त अनुसार कंपनी पर 29 सितम्बर से प्रतिदिन 10 लाख रूपए का जुमार्ना लगाया जा रहा हैं। यह जुमार्ना संचालन न होने तक लगाया जायेगा। यानी मई तक कंपनी को 24 करोड़ बतोर जुमार्ना भरना होगा। एक अधिकारी ने बताया कि कोरोना काल के दौरान 29 सितम्बर 2021 को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का काम यापल को अवॉर्ड किया गया था। लगभग दो महीने बाद करीब 25 नवंबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जेवर में इसका शिलान्यास किया था। 15 जून 2022 को एयरपोर्ट के प्रथम चरण के तेहत 1334 हेक्टेयर में निर्माण कार्य शुरू हो गया। प्रथम चरण में 3900 मीटर लंबा पहला रनवे व एक टर्मिनल बिल्डिंग और एयर ट्रैफिक कंट्रोल टॉवर (एटीसी) को पूरा किया जाना था। प्रथम चरण के तहत विमान सेवा के संचालन के लिए 29 सितम्बर 2024 की तिथि निर्धारित की गई थी। लेकिन एयरपोर्ट नीयत समय से शुरू नही हो सका। एयरपोर्ट से मई के बाद ही विमान सेवा शुरू होने की उम्मीद हैं। मई अंत तक डीजीसीए से एयरोड्रम लाइसेंस मिलना बताया जा रहा हैं। बिना लाइसेंस के लिए रनवे पर विमानो की लेंडिंग व टेकऑफ प्रक्रिया संभव नही हैं।





टर्मिनल बिल्डिंग का लगभग 80 फीसदी काम हो चूका हैं। अप्रेल 2025 तक पेसेंजर बिल्डिंग का कार्य पूरा होना संभव नही हैं। वर्तमान में स्टील फ्रेमिंग में रफूगिंग और आंतरिक फिनिशिंग का कार्य चल रहा हैं। रनवे और एयर साइड का कार्य लगभग 90 फीसदी पूरा हो पाया हैं। अप्रैल तक रनवे और एयर साइड का कार्य पूरा होने की उम्मीद लगाई जा रही हैं। और अप्रैल में ही इसका संचालन हो सकता हैं। एसटीपी का निर्माण कार्य लगभग 43 फीसदी ही पूरा हो पाया हैं उम्मीद लगाई जा रही हैं की वह भी अप्रैल तक पूरा हो सकता हैं।

# मनीष माहेश्वरी के निवास पर बधाई दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के विचार अनुसार कि हमारे युवाओं को राजनीति में आगे आना चाहिए।

इसी विचार को बढ़ाते हुए हमारे नगर के सैकड़ो युवाओं ने मनीष माहेश्वरी के निवास पर आकर शीर्ष नेतृत्व द्वारा नगर अध्यक्ष की अहम जिम्मेदारी देने पर शुभकामनाएं दी व भाजपा संगठन में साथ रहकर संगठन को मजबूत करने की लिए संकल्प लिया।



सनी शर्मा, हिमांशु शर्मा, निक्की शर्मा, ललित तोमर, अभिषेक पाल, सचिन राणा, कुश तोमर, पुन्नू तोमर हिमांशु अग्रवाल नितेश तोमर के नेतृत्व में सभी युवाओं का मनीष माहेश्वरी ने धन्यवाद दिया वह उन्हें भाजपा संगठन में लगातार कार्य करने के लिए प्रेरित किया जिससे वह भी सक्रिय राजनीति में आकर मान्य प्रधानमंत्री जी के सपने को साकार करें।

# धूमधाम से मनाया गया एएमएम पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव "उड़ान 3.0"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** प्रत्येक वर्ष की भांति एएमएम पब्लिक स्कूल द्वारा वार्षिक समारोह "उड़ान 3.0" का भव्य आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव में स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों के अलावा स्कूल के पुरातन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और स्कूल की उपलब्धियां का उल्लेख किया गया।

कादराबाद हाइवे के निकट स्थित कृष्णा फॉर्म्स एंड रिसॉर्ट के विशाल सभागार में आयोजित "उड़ान 3.0" वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय भारोत्तोलन कोच द्रोणाचार्य अवार्डी विजय शर्मा, सांसद डॉ राजकुमार सांगवान, विधायक डॉ मंजू शिवाच, पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली?, आईसीएआई की सेंट्रल काउंसिल मेंबर सीए अनुज गोयल व स्कूल के चेयरमैन प्रभात मित्तल द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मुख्य अतिथि विजय शर्मा ने सभी विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ ही खेलों में प्रतिभाग करने की बात कही। सांसद डॉ राजकुमार सांगवान, विधायक डॉ मंजू शिवाच व पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली? ने संयुक्त रूप से भव्य आयोजन की सराहना की। सीए अनुज गोयल ने सभी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षित होने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के चेयरमैन प्रभात मित्तल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता, कला, प्रतिभा व खेल कौशल के स्तर को बढ़ाना है। इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों ने भारत वर्ष के अनेक प्रांतो के परंपरागत लोक नृत्य को प्रस्तुत कर समां बांध दिया। समारोह को सफल बनाने में स्कूल प्रधानाचार्या रीता रस्तोगी सहित तमाम शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, सभासद ललित मित्तल, योगाचार्य करतार सिंह भाटी, राजीव जोशी, अजय मित्तल, भाजपा नेता डॉ पवन सिंघल, अनिल सैन, वरुण सोनी, सुरेंद्र शर्मा, पवन तिवारी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे श।









# काईट ने परिसर में उन्नत वीएलएसआई डिजाइन के एक नए केंद्र का उद्घाटन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग (ईसीई) विभाग ने काईट परिसर में "उन्नत वीएलएसआई डिजाइन केंद्र" का उद्घाटन किया। केंद्र की स्थापना कैडेंस डिजाइन सिस्टम के सहयोग से की गई है, और एंटुपल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौता ज्ञापन का प्राथमिक उद्देश्य छात्रों और संकाय सदस्यों को वीएलएसआई डिजाइन में नवीनतम ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। यह केंद्र डॉ. विभव कुमार सचान डीन ईसीई, डीन अनुसंधान और विकास के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। केंद्र का प्रबंधन डॉ. प्रवीण कुमार सहायक प्रोफेसर, ईसीई के निर्देशन में किया जाएगा, जो वीएलएसआई डिजाइन और शोध में व्यापक अनुभव रखते हैं। इस कार्यक्रम में डॉ. संजीव कुमार लीड एजुकेशन एप्लीकेशन इंजीनियर, कैडेंस डिजाइन सिस्टम, नोएडा और एस.के. अग्रवाल क्षेत्रीय प्रबंधक, एंटुपल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के संयुक्त निदेशक, डॉ. मनोज गोयल ने की। मनोज गोयल ने अपने संबोधन में वीएलएसआई डिजाइन के क्षेत्र में कौशल वृद्धि के महत्व पर जोर दिया, विशेष रूप से कैडेंस के संबंध में। उन्होंने कहा कि यह समझौता ज्ञापन उद्योग और शिक्षा के बीच की खाई को पाटेगा। अन्य सम्मानित उपस्थित लोगों में डॉ. ए. के. पांडे (डीन अकादमिक, केआईईटी), डॉ. विभव कुमार सचान (डीन आरएंडडी, डीन ईसीई, केआईईटी) और डॉ. रुचिता गौतम (अतिरिक्त एचओडी, ईसीई, केआईईटी) के साथ-साथ विभिन्न विभागों के डीन और आरएंडडी सदस्य शामिल थे।





# जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा का किया जोरदार स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** बीजेपी से जिलाध्यक्ष बने अभिषेक शर्मा का सोमवार की शाम कस्बे से बीजेपी कार्यकर्ताओ ने पहुँच फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। बीजेपी से मंडल मंत्री व श्री सनातन ब्राह्मण महासंघ फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस भारद्वाज ने बताया कि सोमवार को बीजेपी कार्यकताओं को लेकर वह बीजेपी नेता अन्नू पंडित के कार्यालय पर पहुंचे, जहां श्री धाम वृन्दावन से आए हुए महामंडलेश्वर डॉ बृजभूषण महाराज से उनकी मुलाकात हुई और वह उनके साथ बीजेपी से जिलाध्यक्ष बने अभिषेक शर्मा के इटा वन स्थित आवास पर पहुंचे और उनका फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। वहीं जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने भी महामंडलेश्वर डॉ बृजभूषण महाराज का पटका पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पार्टी की सभी जन हितकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाए। इस मौके पर कपिल शर्मा, कार्ष्णि आचार्य नित्यानंद नीमावत, राकेश पाण्डेय, पुरुषोत्तम मिश्रा, अविनाश चौहान, एस एस त्रिपाठी, कुशल चौबे, रामकुमार मिश्रा, कपिल शर्मा, रामबीर भाटी प्रधान, भोपाल आदि मौजूद रहे।



# बिटोरों मे आग लगने से लाखों का हुआ नुकसान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर।** गांव कानीगढ़ी मे मंगलवार को खेत मे बने बोगी बिटोरों मे आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया। सूचना पर फायरब्रिगेड की गाडी पहुंची और आग पर काबू पाया। गांव कानीगढ़ी मे मंगलवार को खेत मे बने बोगी बिटोरों मे अचानक आग लग गई। आग को लगता देख गांव के लोगों ने उसे बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग बढ़ने लगी। जिससे लोगों मे घबराहट बढ़ने लगी और लोगों ने इसकी सूचना फायरब्रिगेड को दी, सूचना पर फायरब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन तब आग से ग्यालाल, कर्मवीर व पवन के बिटोरों और वैधराज की बोगी जलकर राख हो गई, जिससे पीड़ितों का लाखों का नुकसान हो गया। हालांकि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# सड़क हादसे में घायल नगर पंचायत के कर्मचारी की हुई मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान )।** ग्रेटर नोएडा के अंतगर्त दनकौर कोतवाली क्षेत्र के बिलासपुर कस्बे के नगर पंचायत में तैनात एक कर्मचारी की उपचार के दौरान मौत हो जाने का मामला सामने आया हैं। मिली जानकारी के अनुसार लगभग करीब 5 दिन पहले वह एक सड़क हादसे में घायल हो गए थे। परिवार के लोगों ने घायल को दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इस संबंध में मृतक के परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मंगलवार को दनकौर कोतवाली पहुंचकर में मुकदमा दर्ज कराया है। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के पारसौल गांव निवासी धर्मेद्र ने बताया कि उनका छोटा भाई सोनू उर्फ सुशील बिलासपुर नगर पंचायत में आउटसोर्स इलेक्ट्रीशियन के पद पर तैनात था। उनका कहना है कि 14 मार्च की शाम जब वह अपने कार्यालय में होली खेलने के बाद अपने घर को बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे। जब वह चचूला गांव के पास पहुंचे। उसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।



इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको घायल अवस्था में परिवार के लोगों ने ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत को देखते हुए 2 दिन बाद दिल्ली के एक ट्रामा सेंटर में भर्ती कर दिया गया था। जहां इलाज के दौरान सोमवार की रात उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई ने इस संबंध में कोतवाली में अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज कराया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है जल्द ही आरोपी की पहचान कर उसको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सेक्टर डेल्टा टू में हो रही है गंदे पानी की आपूर्ति जिसकी वजह से सप्लाई के पानी में काफी गंदी बदबू आ रही है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर डेल्टा टू के आरडब्ल्यू महासचिव आलोक नागर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। पानी में बहुत ज्यादा बदबू भी है। जिससे कि लोगों में बीमारियों का खतरा पैदा हो रहा है इस कारण लोग खरीद कर पानी पीने को विवश हैं। अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं होता तो सेक्टर वासी ग्रेटर नोहडा प्राधिकरण पर हल्ला बोल प्रदर्शन करेंगे।



# केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने संजीव गुप्ता को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मेक इन इंडिया कांक्लेव में संजीव कुमार गुप्ता के साथ समरकूल के डायरेक्टर तनुज गुप्ता भी रहे। मंगलवार को दिल्ली के ललित होटल में मेक इन इंडिया कांक्लेव के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें देश की जानी मानी दर्जनों कंपनी ने हिस्सा लिया।

इसी के तहत गाजियाबाद में होम एप्लांयसेज के निमार्ता और समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने भी भाग लिया। जिसमें संजीव कुमार गुप्ता ने अपने संघर्ष से कामयाबी तक के सफर को साझा करते हुए कहा कि यदि आप महनत और इमानदारी से किसी व्यापार को शुरू करते हैं। तो देर से ही सही परन्तु आप कामयाब अवश्य होतें है।



इस बिजनेस कांक्लेव में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान रहे। तथा चिराग पासवान ने उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी हैं। और देश को फाईव ट्रिलियन की इकोनॉमी बनाने के, मोदी जी के सपनों को हम आपके बूते ही साकार करने वाले है। इसके लिए हमारी सरकार आपको सिंगल विंडो पर ही सारी सुविधा देने के प्रयास की ओर अग्रसर है। इसके पश्चात केन्द्रीय मंत्री ने समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता और डायरेक्टर तनुज गुप्ता को सम्मानित करते हुए, प्रतीक चिह्न भेंट किया।

**रोजगार पोर्टल का आरंभ** इस रोजगार पोर्टल को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में भर सकते हैं साथ ही ऑनलाइन और ऑफलाइन भी फॉर्म जमा किए जाने की व्यवस्था भी रोजगार पोर्टल में की गई है

# भूमिहीन किसान और उन पर आश्रित बच्चों को रोजगार दिलवाए जाने के लिए हुआ रोजगार पोर्टल का आरंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान )।** यमुना प्राधिकरण की अनूठी पहल, अधिसूचित ग्रामों के किसानों के बच्चों और उन ग्रामों के भूमिहीन किसान और उन पर आश्रित बच्चों को रोजगार दिलवाए जाने के लिए हुआ रोजगार पोर्टल का आरंभ। जैसा की विदित ही है कि 20 दिसंबर को नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के प्रभावित ग्रामों के किसान माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मिले थे, जहां माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अरुण वीर सिंह व अन्य उपस्थित सभी अधिकारियों को प्रभावित किसानों के बच्चों को रोजगार उपलब्ध कराए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि "प्राधिकरण क्षेत्र में लगने वाली औद्योगिक इकाइयों में स्थानीय बच्चों को रोजगार दिए जाने की व्यवस्था की जाए। जेवर विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह ने विधानसभा के बजट सत्र में भी स्थानीय नौजवानों को रोजगार का मुद्दा सदन में उठाया था। उसी क्रम में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र के युवाओं का डाटा बेस तैयार करने के लिए जेवर विधायक श्री धीरेंद्र सिंह की पहल पर आज दिनांक 18 मार्च 2025 को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सभागार कक्ष में रोजगार पोर्टल लॉन्च किया गया। इस पोर्टल का मकसद युवाओं को रोजगार के साधन मुहैया कराना है। इस पोर्टल का यूआरएल https://hrc.medhajnews.in/job-seeker/index.php है। इस पोर्टल का मकसद कुशल और अकुशल युवाओं का डाटा बेस बनाना और योग्यता के आधार पर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराना। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि "जिन किसानों ने इस प्रदेश और इस जनपद के विकास की गति को आगे बढ़ाने के लिए अपनी जमीनें दी हैं, उन किसानों के बच्चों को रोजगार मुहैया करने की दिशा में, यह पहल आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगी। इस पोर्टल के माध्यम से स्थानीय किसानों के बच्चों को कौशल और दक्षता के आधार पर चयनित कर, शीघ्र उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। हम इस क्षेत्र को विकसित और जेवर को इस प्रदेश की आर्थिक राजधानी बनाने का काम ही नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम जनता की जिंदगी बनाने की भी आधारशिला रख रहे हैं, जिससे नौजवानों को रोजगार मिल सके, उसके लिए हमेशा प्रयास जारी रहेंगे। इस मौके पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अरुण वीर सिंह जी ने कहा कि "जिन किसानों की जमीनों पर आज उद्योग धंधे स्थापित हो रहे हैं, इसलिए हमारा भी कर्तव्य बनता है कि हम उन किसानों के बच्चों को जीवन यापन हेतु रोजगार उपलब्ध कराएं।" इस रोजगार पोर्टल को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में भर सकते हैं साथ ही ऑनलाइन और ऑफलाइन भी फॉर्म जमा किए जाने की व्यवस्था भी रोजगार पोर्टल में की गई है। रोजगार पोर्टल के शुभारंभ के मौके पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अरुण वीर सिंह, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री कपिल सिंह व नगेन्द्र प्रताप सिंह, विशेष कार्याधिकारी श्री शैलेंद्र सिंह, श्री शैलेंद्र भाटिया, जनरल मैनेजर श्री राजेंद्र भाटी, डीजीएम श्री वीरेंद्र सिंह आदि अनेकों अधिकारी भी मौजूद रहे।





# पांचो जोन में 1419 पार्कों को व्यवस्थित कर रहा निगम, उद्यान टीम को बेहतर कार्य हेतु दिए गए उपकरण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर निगम शहर को हरा भरा बनाए रखने के क्रम में लगातार कार्यवाही बढ़ा रहा है पार्कों की नियमित सफाई हेतु मॉनिटरिंग बढ़ाए विभाग- नगर आयुक्त इंदिरापुरम के वार्डों की मांग पर, दी गई 15 फिट की क्षमता वाली बड़ी ट्री पूर्निंग मशीन जिसमें उद्यान विभाग द्वारा पांचो जोन के अंतर्गत 1419 पार्कों का नियमित रखरखाव किया जा रहा है कवि नगर जोन अंतर्गत 327 पार्क विजयनगर जोन अंतर्गत 178 पार्क सिटी जोन अंतर्गत 250 पार्क मोहन नगर जोन अंतर्गत 177 पार्क तथा वसुंधरा जोन अंतर्गत 393 पार्क को गाजियाबाद नगर निगम द्वारा नियमित बेहतर करने की कार्यवाही जारी है इसके अलावा इंदिरापुरम क्षेत्र में 94 पार्कों का रखरखाव अलग से किया जा रहा है जिसके लिए निविदा की प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है, 806 मालियों की टीम शहर को हरा-भरा बनाने में जुटी हुई है नियमित पेड़ पौधों को पानी देना,







पेड़ पौधों की आवश्यक छटाइ करना, व अन्य आवश्यक कार्य टीम के द्वारा किए जा रहे हैं जिसकी मॉनिटरिंग प्रबल करने के निर्देश नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा उद्यान विभाग को दिए गए हैं'। उद्यान विभाग द्वारा ग्रीन बेल्ट सेंट्रल वर्ज व पार्कों को व्यवस्थित करने के लिए आवश्यकता को देखते हुए उपकरणों की व्यवस्था भी की गई है जिसमें प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज द्वारा इंदिरापुरम क्षेत्र के लिए ट्री पूर्निंग मशीन टीम को दी गई है, जिसमें पेड़ों की छटनी का कार्य आवश्यकता को देखते हुए किए जाने के निर्देश दिए गए हैं, 133 पाइप, 8 लोन मूवर टीम को दिये गए हैं, इसके अलावा फावड़े तथा कटर भी मालियों को दिए गए हैं, डॉ अनुज द्वारा बताया गया कि पेड़ों की कटिंग को किस प्रकार किया जाना है इसकी ट्रेनिंग भी समय-समय पर हेड मालियों को दी जा रही है' गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले पार्क में पेड़ों को पानी की आपूर्ति करने के लिए 1068 समरसेबल भी पार्कों में लगे हुए हैं जिनको चला कर नियमित पेड़ों को पानी दिया जा रहा है, ग्रीष्म ऋतु शुरू होने से पूर्व 15 दिन के भीतर सभी नलकूप पूर्ण रूप से चल रहे हो रिपोर्ट मांगी गई है साथ ही पेड़ पौधों में पानी का छिड़काव समय-समय पर हो मॉनिटरिंग करने के लिए कहा गया है' गाजियाबाद नगर निगम जनप्रतिनिधियों के विशेष सहयोग से शहर को हरा भरा बनाने में लगातार बेहतर कार्य कर रहा है जिसके क्रम में कई ऐसे स्थान जहां पर निगम की रिक्त भूमि है वहां पौधारोपण का कार्य भी कर रहा है, पतझड़ के मौसम में उद्यान विभाग टीम लगातार साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें टीम को निर्देश दिए गए हैं।

# फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों को ठगी करने वाले को दबोचा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**नोएडा (अंशु चौहान )।** सेक्टर 58 कोतवाली पुलिस ने एक ऐसे अपराधी को धर दबोचा है जो कि फर्जी वेबसाइट से भारतीय तटरक्षक बल की भर्ती प्रक्रिया में सेंध लगाता था। भारतीय तटरक्षक बल की आधिकारिक भर्ती वेबसाइट की नकल कर फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों को ठगने का काम आरोपी कर रहा था। पकड़े गए आरोपी की पहचान गौरव सिंह के रूप में हुई है। वह मूल रूप से आगरा के गांव नानपुर का रहने वाला है।भारतीय तटरक्षक बल द्वारा साइबर क्राइम सेल, थाना सैक्टर-58 नोएडा गौतमबुद्धनगर को सूचित किया गया था कि उनकी आधिकारिक भर्ती वेबसाइट की नकल कर एक फर्जी वेबसाइट बनायी गयी थी। शिकायत के आधार पर थाना पर केस दर्ज किया गया। जांच के दौरान प्रकाश में आया कि आरोपी गौरव सिंह पुत्र बहादुर सिंह ने अपनी ई-मेल आईडी का उपयोग कर और मोबाइल नंबर से फर्जी डोमेन खरीदकर उक्त वेबसाइट बनाई थी। मामले में साक्ष्यो के आधार पर केस में गंभीर धाराओं की बढ़ोत्तरी की गई।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पहले कोस्टगार्ड की तैयारी करता था उसने कई बार परीक्षा दी थी उसका सलेक्शन नहीं हो पाया अब वह ओवर ऐज हो गया था। उसने बताया कि उसने कोस्टगार्ड की फर्जी वेबसाइट आधिकारिक भर्ती वेबसाइट की नकल कर तैयार की।

# ओ३म नाम के रंग में रंग जायें : आचार्या विमलेश बंसल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में "दिलों का मिलन होली" विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल से 705 वाँ वेबिनार था। वैदिक विदुषी आचार्या विमलेश बंसल ने कहा कि व्यक्ति जब तक उस परमचेतन सत्ता के साथ ज्ञान, ध्यान के रंग में रंग षड संपत्ति की पिचकारी भरकर प्रतिक्षण होली नहीं खेलेगा,तब तक कितनी भी प्रतिवर्ष होली खेले मानव तन की होली कतई सार्थक नहीं हो सकती।रंगों में पड़ते नव विघ्नों की भांग हो,या अधर्म अनाचार के काले ठप्पे जब तक विनष्ट नहीं होंगे तब तक मिलन संभव नहीं।ईश्वर के होने के लिए




अपने और समाज के व्यवहार के साथ ईश्वर के संग भी वैदिक व्यवहार की होली खेलनी ही होगी। नित्य एक घंटे सुबह शाम तो ॐ रंग में रंगना होगा ही,प्रतिक्षण भी प्रत्येक कर्म में भी उसे सबके साथ न्याय संगत व्यवहार करते हुए अनेकता में एकता का रंग भर वरना होगा इत्यादि।

अंत में स्वरचित ब्रज भाषा में होली का गीत भी सुनाया।मुख्य अतिथि रेणु त्यागी व अध्यक्ष शशि कस्तुरीया ने भी अपने विचार व्यक्त किए।परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया व प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया। गायिका प्रवीना ठक्कर, कौशल्या अरोड़ा, जनक अरोड़ा, रविन्द्र गुप्ता, प्रतिभा खुराना, सरला बजाज, सुधीर बंसल आदि ने मधुर भजन सुनाए।

# निराश्रित श्वानो का वार्ड वार बधयाकरण करेगा निगम : नगर आयुक्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** निराश्रित श्वानो की संख्या को नियंत्रित करने के लिए गाजियाबाद नगर निगम लगातार कार्यवाही को बढ़ा रहा है प्रतिदिन नंदग्राम स्थित एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर में 20 से 25

**निराश्रित श्वानो की संख्या को नियंत्रित करने के लिए निगम के सफल हो रहे प्रयास, मार्च माह के अंत में नया एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर होगा तैयार**

निराश्रित श्वानो का बध्याकरण की कार्यवाही विभाग कर रहा है, आवश्यकता को देखते हुए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कैला भट्टा नये बस अड्डे के पीछे बनाई जा रहे एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर को भी गति दी जा रही है मार्च माह के अंत में नया एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर तैयार हो जाएगा जिसकी क्षमता 40 निराश्रित श्वान प्रतिदिन की है जिससे शहर वासियों को लाभ मिलेगा' उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉक्टर अनुज द्वारा बताया गया कि माननीय सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के क्रम में जहां से निराश्रित श्वानो को उठाया जाता है वही छोड़ने का नियम है जिसके क्रम में गाजियाबाद नगर निगम कार्य कर रहा है, 2013 से अब तक लगभग 36944 निराश्रित श्वानो का स्टेरलाइजेशन किया जा चुका है जबकि सर्वे का आंकडा लगभग 55 से 60 हजार है 2024 मे 6369 को ऑप्रेट किया जा चुका है, जिसको इस बार दोगुना करने की तैयारी विभाग की है जिसमें मार्च माह के अंत में गाजियाबाद का दूसरा एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर जो की नये बस अड्डे के समीप बन रहा है पूर्ण हो जाएगा, जिसमें 40 निराश्रित श्वानो को प्रतिदिन ऑपरेट किया जाएगा इसी प्रकार सिद्धार्थ विहार में बन रहे एनिमल कंट्रोल बस सेंटर को भी तेजी दी जा रही है, जिसकी क्षमता 50 निराश्रित श्वानो को ऑपरेट करने की रहेगी तैयारी चल रही है इस प्रकार गाजियाबाद नगर निगम 2025 में अधिक से अधिक संख्या में निराश्रित श्वानो का स्टेरलाइजेशन करने में कामयाब रहेगा' नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम निराश्रित श्वानो की संख्या को नियंत्रित करने के लिए तेजी से कार्य कर रहा है इसी क्रम में तीनों एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर द्वारा सितंबर माह के अंत में प्रतिदिन 100 से अधिक निराश्रित श्वानो के बध्याकरण की करवाई सरलता से की जा सकेगी, शहर वासियों को लाभ होगा, वसुंधरा के कई वार्ड के अंदर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा चुकी है इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए तीनों एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर से वार्ड वार अभियान चलाकर निराश्रित श्वानो की संख्या को नियंत्रित करने का कार्य किया जाएगा।







# किसान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवनीत पंवार किसानो की मांगों को लेकर सड़क पर उतरे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** अपनी मांगों को लेकर वेब सिटी के किसान लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। वेब सिटी के किसानों की लड़ाई के लिए किसान संघ और किसान सेना से जुड़े लोग सड़कों पर उत्तरे और प्रदर्शन किया।किसान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवनीत पंवार ने बताया कि वेब सिटी बसाने के लिए प्रशासन और जीडीए ने किसानों की जमीन लेने के लिए जो समझौता किया गया था, वह वर्ष 2012 से 2025 तक लागू नहीं किया गया। इससे साफ है कि शासन और प्रशासन दोनों की नियत ठीक नहीं है। कई बार तहसीलदार, जीडीए के अधिकारियों के वार्ता बेनतीजा रही। इस लड़ाई को लेकर वेब सिटी के किसान लगातार धरने पर हैं। अब किसानों के साथ



वेब सिटी में सोमवार को अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करते किसान संघर्ष समिति और किसान सेना से जुड़े किसान । किसान संघ और किसान सेना ने भी अनिश्चिकाल के लिए सांकेतिक धरना प्रदर्शन में शामिल होने का फैसला लिया है। सोमवार को किसानों के प्रदर्शन के बाद जीडीए के अधिकारियों ने 24 मार्च को जीडीए, वेब सिटी प्रशासन और किसानों के साथ मीटिंग कराने की तारीख तय की। इस तारीख तक किसानों ने सांकेतिक धरना चलाते रहने का फैसला किया।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में तीसरे एडवांस फेशियल एस्थेटिक्स कोर्स के पांचवें मॉड्यूल का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज के पेरियोडोन्टोलॉजी विभाग द्वारा तीसरे एडवांस फेशियल एस्थेटिक्स कोर्स के पांचवें मॉड्यूल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें निजी दंत चिकित्सक, कॉलेज के पूर्व छात्र, संस्थान के दंत चिकित्सक, एमडीएस के विद्यार्थी और कॉलेज के अध्यापक शामिल थे। यह कोर्स डेंटोमैक्स इंटरनेशनल एकेडमी और प्रोफी विश्वविद्यालय, उज्बेकिस्तान के सहयोग से आयोजित किया गया था।इस पाठ्यक्रम के गेस्ट स्पीकर डॉ आशीष कुमार सिंह एवं डॉ गौरव तिवारी थे, दोनों वक्ता फेशियल एस्थेटिक्स चिकित्सक के साथ-साथ अन्तर्रष्ट्रीय वक्ता भी है। कार्यक्रम के दौरान डॉ आशीष एवं उनकी टीम ने कॉस्मेटिक डेन्टिस्ट्री के अन्तर्गत चेहरे की सुदंरता को ज्यादा बढाने के लिए विभिन्न विकल्पों के बारे में सभी प्रतिभागियों को समझाया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को सर्वश्रेष्ठ फेशियल एस्थेटिक्स उपचार के बारे में ज्ञान प्राप्त हुआ, जिसके लिये सभी ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।





# कंबोडिया के सिविल सेवकों का जिला प्रशासन के अधिकारियों ने किया भव्य स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** एनसीजीजी, भारत सरकार 10-21 मार्च, तक एनसीजीजी, मसूरी और नई दिल्ली में 10वां "कंबोडिया के सिविल सेवकों के लिए सार्वजनिक नीति और शासन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम" आयोजित कर रही

**सार्वजनिक नीति और शासन के कार्यों के सम्बंध में अधिकारियों ने दी विस्तार से जानकारी**

है। इस संदर्भ में विभिन्न विभागों और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने एनसीजीजी टीम के साथ कंबोडिया के 40 सिविल सेवकों का का दौरा एवं दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन, में प्रशिक्षिण बैठक आहूत हुई।

विकास भवन में पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर देकर सिविल सेवकों को सम्मान दिय गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कंबोडिया के सभी 40 सिविल सेवकों का भव्य स्वागत किया गया।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा राजस्व, विकास कार्यों सहित अन्य, एडीएम सिटी गम्भीर सिंह द्वारा प्रशासनिक, एसडीएम निखिल चक्रवर्ती द्वारा तहसील स्तरीय व एसीपी सुश्री लिपि नगायच द्वारा पुलिस विभाग से सम्बंधित कार्यों सहित अन्य विभागों और अधिकारियों की भूमिका व जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गयी। इस दौरान कंबोडिया ग्रुप के सदस्यों ने सरकार/प्रशासन द्वारा वृद्धों, बेसहारा, असहाय लोगों की मदद, युवाओं को रोजगार में सहायता, गरीबों का उत्थान, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा सहित अन्य बिन्दुओं पर प्रशन पूछे, जिसका सम्बंधित अधिकारियों द्वारा विस्तार से उत्तर दिया गया। इस बैठक में नेहरू वर्ल्ड स्कूल के 6–12वीं तक के छात्र–छात्रायें भी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने कंबोडिया ग्रुप व प्रशासनिक अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। नेहरू वर्ल्ड स्कूल की तरफ से विद्यार्थियों ने भगवत गीता पुस्तक कंबोडिया ग्रुप के प्रत्येक सदस्य को भेंट की। कम्बोडिया ग्रुप का नेतृत्व करते हुए लाय सोफोरन ने सभी अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। उक्त कम्बोडिया टीम डॉ.संजीव शर्मा नेशनल सेन्टर फोर गुड गर्वनेंस के साथ आई थी।

बैठक में समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश, समाज कल्याण अधिकारी (विकास) दिग्विजय सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### खाद्य विभाग की टीम ने नाज होटल से ग्रेवी व रोटी के सैंपल लेकर जांच को भेजे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** होटल पर कारीगर द्वारा थूक लगाकर रोटी बनाने के मामले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने भी कार्रवाई की है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा होटल से ग्रेवी व ऑटा, रोटी का सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिया गया है। दिल्ली मेरठ रोड पर आदर्श नगर कॉलोनी स्थित बम्बा रोड के मोड पर नाज होटल स्थित है। उक्त नाज होटल के कारीगर द्वारा थूककर रोटी बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने हिन्दू युवा वाहिनी के नगर अध्यक्ष की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर थूक लगा कर रोटी बनाने वाले आरोपी इसरार निवासी कच्ची सराय कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया है। हिन्दू संगठन के कार्यकताओं ने होटल संचालक के खिलाफ भी सख्त कारवाई करने की मांग की थी। उनका कहना है कि मोदीनगर, मुरादनगर क्षेत्र में आए दिन इस तरह की घटना होती रहती है। उन्होने इसकों लेकर सख्त कानून बनाने की मांग की है। खाद्य सुरक्षा विभाग के एसीएफ दितीय अरविंद यादव ने बताया कि नाज होटल से ग्रेवी, आटा, रोटी का सैंपल लिया गया है। सैंपल को जांच के लिए लैब भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होने बताया कि सभी होटल, ढाबा, रेस्तरा, सहित अन्य खानपान की दुकानों के स्वामियों को साफ सफाई रखने की हिदायत दी गई है।

### ट्रक से टायर की गट्टी निकाल रहे क्लीनर को तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने कुचला, मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर गांव मिल्क चाकरपुर पेट्रोल पंप के पास ट्रक से टायर की गट्टी निकाल रहे क्लीनर को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई। जिला कानपुर थाना ककवान के गांव गजफ्फरपुर निवासी 18 वर्षीय विजय कुमार ट्रक पर हेल्पर था। देर रात ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर विजय कुमार ट्रक के पहिए की गट्टी बदल रहा था। इसी बीच तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उसे कुचल दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालत गंभीर होने पर दिल्ली के जीटीबी रेफर कर दिया गया। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है।

### फर्जी कागजात तैयार कराकर प्लॉट बेचकर तीन लाख रुपए ठगने वाला गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** फर्जी कागजात तैयार करा कर जमीन का प्लॉट बेचकर तीन लाख रुपए ठगने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी मसूरी सर्किल लिपि नगायच ने बताया कि फर्जी कागजात तैयार कर प्लॉट बेचकर तीन लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। उन्होने बताया कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। उन्होने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर दी थी। उन्होने बताया कि पुलिस ने सूचना के आधार पर सचिन कुमार निवासी बीच पट्टा कॉलोनी को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है।

**ज्ञापन सौंपा**

## कोरवा यूपी ने मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौंपा

# प्रदूषण नियंत्रण होने तक नव निर्माण पर लगे रोक : कर्नल टीपी त्यागी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** कोंफड्रेशन ऑफ आरडब्लूए उत्तर प्रदेश (कोरवा यूपी) के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित एक ज्ञापन अतिरिक्त जिलाधिकारी रणविजय सिंह को सौंपा

**विकास प्राधिकरण का कार्यकाल समाप्त किये जाने की मांग**

है। ज्ञापन में महानगर में प्रदूषण नियंत्रण होने तक सभी प्रकार के निर्माण कार्य पूरी तरह बंद किये जाने की मांग की है। इसके अलावा कोरवा ने विकास प्राधिकरण के कार्यकाल भी समाप्त किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि वायु प्रदूषण के कारण बच्चों के फेफड़ो की क्षमता घटती जा रही है। जल प्रदूषण या ध्वनि प्रदूषण का इलाज है परन्तु वायु प्रदूषण के कारण बच्चों के फेफड़ों की क्षमता एक बार कम हुई तो फिर उसे दुनिया के किसी उपचार से बढ़ाया नहीं जा सकता। कर्नल त्यागी ने कहा कि आने वाले समय मे ये बच्चे बड़े होकर गम्भीर समस्याओं से झूझेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे निर्माण का क्या फायदा जो आने वाली पीढ़ी को नुकसान पहुंचाये।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि संविधान के 74वें संशोधन के अंतर्गत विकास प्राधिकरण इसलिए स्थापित किए गए थे ताकि गरीब लोगों को उचित तरीके से आवास उपलब्ध कराये जा सके। लेकिन यह करने के बजाय विकास प्राधिकरण बिल्डरों को जमीन उपलब्ध कराने में लग गए। नगरीय विकास, बढ़ती हुई शहरी आबादी को आवास प्रदान करने के लिये आवश्यक है, परन्तु पहले से नगर के निवासियों के स्वास्थ्य को संकट में डाल कर और आने वाली पीढ़ी को भी प्रदूषण का ग्रास बनाकर बिलकुल नहीं। अभी तक बढ़ती हुयी शहरी आबादी ने हवा और पानी की शुद्धता और उपलब्धता को भयानक रूप से प्रभावित किया है। अतः नये बहुमंजली भवनों के निर्माण पर पूर्ण रोक लगाने कि आवश्यकता है।

वर्तमान में जो बहुमंजिला सोसायटियां हैं उन्हें अधिकतर पानी के लिए भू जल दोहन करना पड़ता है तो नई इमारतों का निर्माण तब तक न हो जब तक पानी की व्यवस्था ना की जा सके। कर्नल त्यागी ने कहा कि जानकारी मिली है की दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर डासना से मेरठ के बीच एक्सप्रेसवे के किनारे बसे 29 गांवों को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण विकास क्षेत्र में जोड़ने की योजना बना रहा है। एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया जाएगा। प्राधिकरण के क्षेत्र विस्तारीकरण के तहत अभी तक जिले के 168 गांव शामिल थे। जो अब 187 पहुंच जाएगी। जिससे शहरी प्रदूषण गांवो तक पहुंचा दिया जाएगा। यह मानव मूल्यो के विरुद्ध है। इस अवसर पर डॉ आर के आर्या, कैलाश चंद्र शर्मा, गौरव बंसल, नेम पाल चौधरी, नीरज त्यागी, सुधीर शर्मा आदि शामिल रहे। प्रतिनिधि मण्डल का नेत्रत्व कोरवा-यूपी के मुख्य संरक्षक कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने किया।



# दरदीप वर्ल्ड स्कूल में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर बच्चों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण शिविर का सफल आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** रेखा देवी मेमोरियल अस्पताल, डासना द्वारा राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर आज सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में छोटे बच्चों के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया।







इस शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच हुई। शिविर में डॉ. यश ने बच्चों की आंखों की जांच, ऊंचाई और वजन मापा और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच की। उन्होंने उपस्थित लोगों को टीकाकरण के महत्व के बारे में भी जानकारी दी और उन्हें बच्चों को सभी आवश्यक टीके समय पर लगवाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। इस शिविर के आयोजन के लिए रेखा देवी मेमोरियल अस्पताल को सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल ने धन्यवाद दिया ।

रेखा देवी मेमोरियल अस्पताल के आयोजकों ने कहा कि "हमारा उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य प्रदान करना है। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर इस शिविर का आयोजन इसी दिशा में एक प्रयास है। हम भविष्य में भी इस तरह के शिविरों का आयोजन करते रहेंगे।" सुन्दरदीप वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती सपना अहलावत जी ने कहा"हम अपने स्कूल परिसर में इस महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन करके खुश हैं। हम बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

# थाना धौलाना में हुई वाहनों की नीलामी, लाखों का राजस्व प्राप्त हुआ, तहसीलदार प्रवेश कुमार की अध्यक्षता में नीलामी हुई सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** धौलाना थाना परिसर में शासन के आए निर्देशो पर वाहन की नीलामी की गई ।







वही धौलाना थानेदार देवेंद्र सिंह बिष्ट की उचित पहल पर वाहनों की हुई नीलामी में अच्छा राजस्व प्राप्त हुआ । नीलामी की अध्यक्षता धौलाना तहसीलदार प्रवेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । जिसमें पुराने लावारिस वाहनों की नीलामी की गई । नीलामी में दो कार सहित 11 वाहन सम्मलित रहे । तहसीलदार प्रवेश कुमार ने बताया की सभी वाहनों की अंतिम नीलामी एक लाख चालीस हजार में बोली गई । जिसे अंतिम रूप दिया गया ।

इस मौके पर कार्यवाहक थानेदार ओमप्रकाश सिंह सहित बोली दाता और थाना स्टाफ मौजूद रहा ।

# आखिरकार ग्रीन बेल्ट में किसके संरक्षण में निर्माण व प्लाटिंग ?


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद में हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 व राष्ट्रीय राजमार्ग 335 ए के दोनों ओर ग्रीन बेल्ट में अवैध निर्माण शीघ्र ध्वस्त व सील किये जायेंगे। प्राधिकरण अधिकारियों की टीम अवैध निर्माण व प्लाटिंग को चिन्हित कर सीलिंग व ध्वस्तीकरण करने की कार्यवाही करेगी। अवैध प्लाटिंग व निर्माण होने से योगी सरकार को प्रतिमाह लाखों

- **राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर ग्रीन बेल्ट में बने अवैध निर्माण होंगे ध्वस्त:प्रभारी सचिव**
- **जिले में ग्रीन बेल्ट में अवैध निमार्णो की भरमार**
- **एचपीडीए की टीम ग्रीन बेल्ट में निर्मित व निर्माणधीन निर्माण करेंगी चिन्हित**
- **सरकार को अवैध निर्माण व कालोनी कटने से होती है,लाखों के राजस्व की हानि**
- **नेशनल हाइवे-9 व 335 ए के दोनों ओर सौ-सौ मीटर की ग्रीन बेल्ट**

के राजस्व की हानि हो रही है। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव प्रवीण कुमार गुप्ता ने बताया कि प्राधिकरण के अधिसूचित विकास क्षेत्र में लागू हापुड़ महायोजना 2005,पिलखुवा महायोजना 2021 एवं गढ़मुक्तेश्वर ब्रजघाट महायोजना 2021 में दर्शित एवं एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के नियमों के अनुसार महायोजना से बाहर लेकिन प्राधिकरण अधिसूचित विकास क्षेत्र में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-9 व 335 ए के दोनों ओर 100 मीटर चौड़ी ग्रीन बेल्ट में प्राधिकरण जोनिंग रेग्युलेशन के नियमों के अधीन प्राधिकरण बोर्ड से दिये जाने वाली क्रियाओं की मानचित्र स्वीकृति के बिना कोई निर्माण यूपी नगर योजना एवं विकास अधिकारी 1973 के विरुद्ध होगा,जिस पर प्राधिकरण द्वारा सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि ग्रीन बेल्ट में निर्माण के उद्देश्य से किसी प्रकार की भूमि का क्रय विक्रय से पूर्व प्राधिकरण नियमों की जानकारी व निर्माण से पूर्व प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृति होना जरूरी है। एचपीडीए के सक्षम अधिकारी प्रवीण कुमार गुप्ता ने बताया कि प्राधिकरण अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम ग्रीन बेल्ट व अन्य स्थानों पर भी बने अवैध निर्माण को चिन्हित करेगी। शीघ्र ही अभियान चलाकर भारी पुलिस बल,मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में हापुड़ बाईपास के दोनों ओर ग्रीन बेल्ट में बने प्लाटिंग व अवैध निर्माण ध्वस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

















**नेशनल हाइवे-9 व 335 ए के दोनों ग्रीन बेल्ट में अवैध प्लाटिंग व निर्माण**

### ग्रीन बेल्ट में अवैध निर्माण की भरमार

नेशनल हाइवे-9 व 335 ए के दोनों ओर ग्रीन बेल्ट में अवैध प्लाटिंग व निमार्णो की भरमार है। प्लाटिंग व निर्माण होने से योगी सरकार को प्रतिमाह लाखों के राजस्व की हानि हो रही है। इसके बावजूद भी प्राधिकरण के अधिकारी कुंभकर्ण की नींद सो रहे है।

### योगी सरकार को दिखाया ठेंगा

योगी सरकार की जीरों टॉलरेंस की धज्जियां उड़ाते जनपद से गुजर रहे दोनों राष्ट्रीय राजमार्गों के दोनों ओर ग्रीन बेल्ट में दिन रात कालोनाइजरों द्वारा अवैध प्लाटिंग व जनमानस द्वारा अवैध निर्माण कराकर सरकार को भारी राजस्व ही हानि पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है।

### आखिरकार किसके संरक्षण में हो रहा है,अवैध निर्माण

जिले में दोनों राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर ग्रीन बेल्ट में आखिरकार किसके संरक्षण में अवैध प्लाटिंग व निर्माण हो रहा है। प्राधिकरण अधिकारियों ने इसकी जानकारी करने की जहमत तक नहीं उठाई है। इससे ऐसा प्रतीत होता है,इस खेल में प्राधिकरण के अधिकारी व कर्मचारी भी शामिल है।


प्रवीण कुमार गुप्ता

### खानापूर्ति के चलाया जाता है,ध्वस्तीकरण अभियान

एचपीडीए द्वारा प्रतिमाह निर्धारित तिथियों में प्राधिकरण क्षेत्र में ध्वस्तीकरण अभियान चलाया जाता है। लेकिन ग्रीन बेल्ट में प्लाटिंग व निमार्णो को अनदेखा किया जाता है,जिससे प्रतीत होता है,कि अवैध निर्माण व प्लाटिंग किसी के संरक्षण में हो रहा है,हुआ है।

### सुपरवाइजर का बोल-बोला

प्राधिकरण में तैनात सुपरवाइजरों को प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण व प्लाटिंग चिन्हित करने व लोगों को नोटिस देने का कार्य करते है। काफी संख्या में सुपरवाइजर होने के बावजूद भी प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग व निर्माण हो रहे है,जिस सुपरवाइजर के क्षेत्र में अवैध निर्माण व प्लाटिंग हो रही है,ऐसे सुपरवाजरों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए।

# रमजान माह इस्लामी साल के महीनों का सरदार है: कारी सलीम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** कारी सलीम आजम ने कहा कि रमजान प्रेम व भाईचारे का प्रतीक है। यह महीना इस्लामी साल के महीनों का सरदार है। रमजान का महीना सभी इंसानों के दुख दर्द और भूख प्यास को समझने का महीना

- **पाक रमजान माह में जन्नत के दरवाजे खोल दिये जाते है**
- **रमजान माह को तीन अशरों में बांटा गया है**

है। जिससे रोजेदारों में भला बुरा समझने की सलाहियत पैदा हो।

मंगलवार को गांव गौंदी स्थित हमजा मस्जिद के कारी सलीम आजम असर की नमाज के बाद रोजेदारों के समक्ष तकरीर कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बुराई



से घिरी इस दुनिया में रमजान का महत्व बढ़ जाता है। जहां हर ओर झूठ,रिश्वत खोरी,अश्लीलता व भ्रष्टद्दाचार को बोल बाला है। रमजान का उद्देश्य साधन संपन्न लोगों को भी भूख प्यास का अहसास कराकर पूरी कौम को अल्लाह के करीब लाकर नेक राह पर डालना है।

उन्होंने कहा कि यह महीना इंसान को अपने अंदर झांकने और खुद का मूल्यांकन कर सुधार करने का मौका देता है। रमजान पाप को नष्टद्द करके गुनाहों को जलाकर पुण्य कार्यों में लगा देने वाला बरकत का महीना है। रमजान के महीने में एक फर्ज अदा करने से अल्लाह तआला 70 गुना सवाब देता है।

कारी सलीम ने कहा कि अल्लाह तआला इस महीने में शैतानों और जिन्नातों को बेडि?ों में जकड़ दिया जाता है। रमजान माह में जहन्नम के सभी दरवाजे बंद कर दिये जाते है। और जन्नत के सभी दरवाजे खोल दिये जाते है। अल्लाह तआला हमें इस पाक माह की कदर नसीब करे,और अल्लाह अधिक से अधिक नेक काम करने की तौफीक दे। उन्होंने कहा कि यह महीना तीन अशरों में बांटा गया है,इसका पहला असरा रहमत,दूसरा अशरा मगफिरत व तीसरा आखिरी अशरा में अल्लाह अपने बेशुमार गुनहगार बंदों को जहन्नम से आजाद करता है। प्रत्येक अशरा दस दिनों का होता है।

# मोनाड विश्वविद्यालय के छात्रों ने पीजेएमटी नेशनल ग्रीन अर्थ चैलेंज प्रतियोगिता के नॉर्थ जोनल राउंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** मोनाड विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने प्रेम जैन मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा प्रायोजित पीजेएमटी नेशनल ग्रीन अर्थ चैलेंज प्रतियोगिता जिसे मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज, फरीदाबाद द्वारा आयोजित किया गया में प्रतिभाग किया। जिसमें वि०वि० के छात्र मोहम्मद साहिल बी.टेक मैकेनिकल तृतीय वर्ष, याशिका वाही, बी.टेक कम्प्यूटर साइंस प्रथम वर्ष और विशाल कुमार बी.टेक कम्प्यूटर साइंस तृतीय वर्ष ने पीजेएमटी नेशनल ग्रीन अर्थ चैलेंज के नॉर्थ जोनल राउंड में अपने नवाचारी स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट 'स्मार्ट इलेक्ट्रिक वाहन का प्रदर्शन किया और अपनी अद्भुत प्रतिभा व समर्पण का परिचय देते हुये प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसमें विश्वविद्यालय के छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु उन्हें पच्चीस हजार की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं इस प्रतियोगिता के राष्ट्रीय राउंड के लिए भी छात्रों ने सफलतापूर्वक अर्हता प्राप्त की। छात्रों की इस सफलता पर वि०वि० के प्रतिकुलाधिपति डॉ० एन०के० सिंह, कुलपति डॉ० एम० जावेद, उपकुलपति एवं कुलसचिव कर्नल डॉ० डी०पी० सिंह, उपकुलपति (प्रशासनिक) प्रो० योगेश पाल सिंह, उपकुलपति (अकादमिक) डॉ० जयदीप कुमार एवं उपकुलपति (प्रवेश) रोहित शर्मा ने छात्रों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।





इस प्रतियोगिता में मैकेनिकल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ० विशाल वशिष्ठ ने छात्रों का सफल मार्गदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता में एनआईटी दिल्ली, दिल्ली विश्वविद्यालय और अन्य कई संस्थानों के छात्र एवं छात्राओं सहित लगभग बीस टीमों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के संकायाध्यक्ष विकास त्यागी सहित समस्त शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी।

**मूल्यांकन** 10वीं व 12वीं की करीब एक लाख 80 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का होगा मूल्यांकन

# मूल्यांकन केन्द्रों पर उत्तर पुस्तिका पहुंची,आज से मूल्यांकन शुरू: डा.विनीता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा 2025 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य आज बुधवार से 2 अप्रैल तक

- **सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में एसएसवी व एसएसके इंटर कालेज में होगा मूल्यांकन**
- **मूल्यांकन कार्य में 948 उप प्रधान व परीक्षक लगाये गये**
- **मूल्यांकन केन्द्रों पर नियुक्त परीक्षकों को प्रशिक्षण दिया: विजय गर्ग**

मूल्यांकन केन्द्र एसएसवी इंटर कालेज व एसएसके इंटर कालेजों में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगा। दोनों केन्द्रों पर करीब



एक लाख 80 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा। मूल्यांकन कार्य के लिए 948 उप प्रधान व परीक्षक लगाये गये है। मंगलवार को उपनियंत्रकों द्वारा परीक्षकों को मूल्यांकन से सम्बंधित प्रशिक्षण दिया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक डा.विनीता ने बताया कि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए यूपी बोर्ड द्वारा दिल्ली रोड स्थित एसएसवी इंटर कालेज व मेरठ रोड स्थित एसएसके इंटर कालेज को मूल्यांकन केन्द्र बनाया गया है। जहां सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में मूल्यांकन कार्य आज 19 मार्च से शुरू होकर आगामी 2 अप्रैल तक चलेगा। एसएसवी इंटर कालेज में इंटरमीडिएट व एसएसके इंटर कालेज में हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के लिए उप प्रधान 31,परीक्षा 266 इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के लिए 61 उप प्रधान व 590 परीक्षक लगाये गये है। मूल्यांकन कार्य से यदि कोई उप निरीक्षक व परीक्षक बिना किसी समुचित कारण के अनुपस्थित रहता है,तो उसके खिलाफ कार्यवाही अमल में जाई जायेगी।

बताया गया कि एसएसके इंटर कालेज मूल्यांकन केन्द्र में हाईस्कूल की 1 लाख 13 व एसएसवी में इंटरमीडिएट की 67 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा। उपनियंत्रक विजय कुमार गर्ग व प्रभु दयाल जयंत ने बताया कि दोनों केन्द्रों पर मूल्यांकन के लिए उत्तर पुस्तिकाएं पहुंच गयी है। मंगलवार को उनके द्वारा मूल्यांकन से सम्बंधित परीक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है।

# भक्ति सेवा समिति द्वारा सुन्दर काण्ड का आयोजन,21 कन्याओ का किया पूजन





बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** भक्ति सेवा समिति द्वारा सुन्दर काण्ड कराया गया, एवं 21 कन्याओ का भी पूजन किया गया गया, हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य पर संस्था द्वारा बेटियों को भी सुंदरकांड का पाठ के लिए प्रेरित किया गया। कड़ी चावल, एवं टीफिन बेटियों को बांटे गये, इस उपलक्ष्य पर



भक्ति सेवा समिति की सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे, संरक्षिका- कमला बहन जी, अध्यक्ष - लविता बंसल, , सचिव - सुरभि अत्रिश, संयोजिका - प्रीति मित्तल, नीरा कंसल, मिनाक्षी गोयल, कुसुमलता गुप्ता, बिरजेश गुप्ता, रानी बंसल, नीलम गर्ग, आदि 50 महिलाओ की सहभागिता रही।

## सम्पादकीय

# बात टैरिफ से आगे




अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

जब अमेरिका ने अपने यहां बाहरी कंपनियों की पहुंच सीमित या प्रतिबंधित करने की नीति अपना रखी है, भारत के प्रति उसके रुख को मुक्त बाजार की सोच के अनुरूप नहीं कहा जा सकता। बल्कि इसे जोर-जबरदस्ती कहना ज्यादा ठीक होगा। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल संभवतः इसी महीने दोबारा अमेरिका जाएंगे। यह संकेत है कि उनकी इस हफ्ते खत्म हुई यात्रा कामयाब नहीं रही। खबरों के मुताबिक गोयल आयात शुल्क में कटौती का जो ऑफर लेकर गए थे, उसे अमेरिका ने अपर्याप्त माना। अब वाणिज्य मंत्री नए प्रस्ताव लेकर जाएंगे। संभवतः अमेरिका भारत में टैरिफ की दर शून्य करवाने पर अड़ा हुआ है। वैसे बात अब सिर्फ टैरिफ की नहीं रही है। इसकी पुष्टि वाणिज्य राज्यमंत्री जितिन प्रसाद के लोकसभा में दिए बयान से होती है। प्रसाद ने कहा- 'भारत और अमेरिका टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को घटा कर और आपूर्ति श्रृंखला का एकीकरण कर एक-दूसरे के बाजार में अधिक पहुंच पर ध्यान दे रहे हैंइ

प्रसाद ने कहा कि दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बात कर रहे हैं, जिसके इस वर्ष के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। स्पष्टतः अमेरिका ने भारतीय बाजार में पहुंच और अमेरिकी कंपनियों के लिए 'समान धरातलइ हासिल करने के तमाम मुद्दों को भारत के सामने रखा है। उसकी व्यापार एजेंसी पहले ही भारत में- खास कर यहां के औषधि उद्योग में- बौद्धिक संपदा अधिकारों के हनन का आरोप लगा चुकी है। इसके अलावा संकेत हैं कि सरकारी खरीद नीति, देशी कंपनियों को संरक्षण, और डब्लूटीओ नियमों के तहत विकासशील देश के नाते भारत को मिले खाद्य सुरक्षा के विशेष अधिकारों के सवाल को भी डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन उठा रहा है। संकेत यह भी है कि इन मामलों में अपनी तमाम शर्तों को मनवाने का रुख उसने अपना रखा है। जिस दौर में खुद अमेरिका ने भूमंडलीकरण की प्रक्रिया को पलटने और अपने बाजार में बाहरी कंपनियों की पहुंच सीमित या प्रतिबंधित करने की नीति अपना रखी है, उस समय उसका यह रुख किसी रूप में मुक्त बाजार की सोच के अनुरूप नहीं कहा जा सकता। बल्कि इसे जोर-जबरदस्ती के रूप में देखना ज्यादा ठीक होगा। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत सरकार ने इस पर अस्पष्ट रुख अपना रखा है। उधर भारत के कारोबारी सिर्फ अपनी खाल बचा लेने की फिराक में जुटे हैं। जाहिर है, भारत के लोगों के लिए यह चिंतित होने का वक्त है।

**जो बाहर की सुनता है वो बिखर जाता है, जो भीतर की सुनता है वो संवर जाता है !!**

# बिहार चुनाव की सुब्बुगाहत शुरू होते ही हो गया दलबदल का सिलसिला शुरू !



अशोक भाटिया, मुंबई

राजनीति आज स्वार्थ सिद्धि का जरिया बन गई हे, सेवा भाव गायब है। यह शक्ति हासिल करने का जरिया बन गई है। विचारधारा से कोई मतलब नहीं रहा। यही वजह है कि जिस पार्टी के खिलाफ भाषण देने वाले नेता उसी पार्टी में शामिल होने में संकोच नहीं करते। राजनीतिक पार्टियां भी सत्ता में आने के लिए दलबदलू नेताओं को महत्त्व देती हैं। ये पार्टियां विपरीत विचारधारा वाले नेताओं को भी अपनी पार्टी में शामिल करने से गुरेज नहीं करती हैं।भारतीय राजनीति में दलबदल हमेशा से ही प्रचलित रहा है।

बिहार में विधानसभा चुनाव में अभी केवल छह माह का वक्त बचा है। इससे पहले ही नेताओं का दल-बदल शुरू हो गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि नेताओं का एक पार्टी छोड़कर दूसरे दल में जाने का सिलसिला आने वाले समय में और तेज होगा। राज्य की दो प्रमुख क्षेत्रीय पार्टियां जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के कई नेता अब तक पाला बदल चुके हैं। ये दोनों ही पार्टियां एक-दूसरे के अंदर सेंधमारी करने की कोशिश में जुटी हुई है। वहीं, हाल ही में नई पार्टी बनाने वाले प्रशांत किशोर के जन सुराज संगठन से भी बड़ी संख्या में नेता जुड़ रहे हैं। इससे सभी प्रमुख पार्टियां और खासकर आरजेडी में खलबली मची हुई है।कुछ समय पूर्व ही समस्तीपुर से आरजेडी कई नेताओं ने पाला बदलकर जेडीयू का दामन थामा था। अब मंगलवार को आरजेडी ने जेडीयू में सेंधमारी की और नालंदा से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी के कई नेता लालू एवं तेजस्वी यादव के खेमे में चले गए। नालंदा सीएम नीतीश का गृह जिला है, यहां जेडीयू के अंदर टूट होने से सियासी गलियारे में हलचल तेज है।दूसरी ओर, लालू एवं तेजस्वी यादव अपनी पार्टी में टूट से चिंतित हैं। पिछले कुछ दिनों में पार्टी के कई नेता एवं पदाधिकारी आरजेडी छोड़कर प्रशांत किशोर के जन सुराज से जुड़ गए। आरजेडी प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने अपनी पार्टी के नेताओं को सचेत करते हुए जन सुराज से दूर रहने के लिए दो बार पत्र भी लिखे। जन सुराज बिहार की राजनीति में एक नए विकल्प के तौर पर उभर रहा है। ऐसे में आरजेडी जैसे प्रमुख दलों में टिकट चाहने वाले नेता पीके की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

दरअसल राजनीतिक दलबदल की भरमार होने के बावजूद भारत का दलबदल विरोधी कानून मूकदर्शक बना हुआ है। भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के अंतर्गत, दलबदल विरोधी कानून 1985 में संसद और राज्य विधानसभाओं दोनों में 1960-70 के दशक में निर्वाचित विधायकों द्वारा बड़े पैमाने पर दलबदल को रोकने के लिए बनाया गया था। हालाँकि, 2002 में, संविधान के कामकाज की समीक्षा करने वाले राष्ट्रीय आयोग ने इस कानून की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि दलबदल विरोधी कानून के लागू होने के बाद भारत में दलबदल की संख्या में वृद्धि हुई है! दसवीं अनुसूची इतनी बुरी तरह से कैसे विफल हो गई?

दसवीं अनुसूची की कई कमियों का श्रेय इसके प्रारूपण को दिया जा सकता है, जो दलबदल, विशेष रूप से समूह दलबदल के लिए स्पष्ट खामियाँ छोड़ता है। दसवीं अनुसूची उन विधायकों को अयोग्य ठहराती है जो स्वेच्छा से अपनी पार्टी की सदस्यता छोड़ देते हैं या जब वे संसद या राज्य विधानसभा में अपनी पार्टी के निर्देश के विरुद्ध मतदान करते हैं। स्वतंत्र सांसद/विधायक सदन से अयोग्य ठहराए जा सकते हैं यदि वे अपने चुनाव के बाद किसी राजनीतिक दल में शामिल होते हैं। अयोग्यता के लिए याचिकाएँ सदन के अध्यक्ष या सभापति के समक्ष, जैसा भी मामला हो, प्रस्तुत की जा सकती हैं।

दलबदल विरोधी कानून में दो अपवाद भी शामिल किए गए हैं - एक राजनीतिक दल में "विभाजन" से संबंधित है, और दूसरा दो दलों के बीच "विलय" के मामले में। इस कानून के इर्द-गिर्द संसदीय बहस से पता चलता है कि इन अपवादों का इस्तेमाल विधायकों और उनकी पार्टियों के बीच वैचारिक मतभेदों के कारण दलबदल के सैद्धांतिक मामलों की रक्षा के लिए संयम से किया जाना था। हालांकि इरादे नेक थे, लेकिन इन अपवादों का इस्तेमाल किसी की सुविधा के लिए बहुत बार किया गया। वास्तव में, दलबदल को बढ़ावा देने और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकारों को गिराने के लिए इसके बार-बार इस्तेमाल के कारण, विभाजन अपवाद को 2003 में संविधान से हटा दिया गया था। हालाँकि, विलय अपवाद जारी रहा है। दसवीं अनुसूची के पैराग्राफ 4 के अंतर्गत पाया गया, विलय अपवाद दो उप-पैराग्राफों में फैला हुआ है। इन दो उप-पैराग्राफों को मिलाकर पढ़ने पर यह अनिवार्य हो जाता है कि विधायक अयोग्यता से छूट का दावा कर सकता है यदि दो शर्तें एक साथ पूरी होती हैं - पहली, विधायक की मूल राजनीतिक पार्टी किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में विलय कर लेती है, और दूसरी, विधायक ऐसे समूह का हिस्सा है जिसमें विलय के लिए सहमत "विधायक दल" के दो-तिहाई सदस्य शामिल हैं। विधायक दल का मतलब है एक विधान सभा के भीतर एक विशेष पार्टी से संबंधित सभी निर्वाचित सदस्यों से मिलकर बना समूह।

विलय अपवाद पर सरसरी निगाह डालने से पता चलता है कि इसका मसौदा अनावश्यक रूप से जटिल है, जो स्पीकर और अदालतों दोनों द्वारा कई तरह की व्याख्याओं के लिए उपयुक्त है। जिस व्याख्या को कई उच्च न्यायालयों ने पसंद किया है, वह यह है कि जैसे ही किसी विशेष विधायक दल के दो-तिहाई सदस्य किसी अन्य विधायक दल के साथ विलय के लिए सहमत होते हैं, दो राजनीतिक दलों के बीच विलय "माना" जाता है। ऐसी व्याख्या के लिए राष्ट्रीय या क्षेत्रीय स्तर पर मूल राजनीतिक दलों के वास्तविक विलय की आवश्यकता नहीं होती है।यह प्रतीत होता है कि जटिल कानूनी शब्दावली विधानमंडल के भीतर और बाहर दोनों जगह राजनीतिक दलों की कार्रवाइयों पर स्पष्ट रूप से ठोस प्रभाव डालती है। यह देखते हुए कि पार्टियों को केवल सदन के अंदर अपने विधायी विंग के बीच विलय दिखाने की आवश्यकता है (और इसके बाहर के सदस्यों के नहीं), वैध विलय आराम से हो जाते हैं। इसका एक स्पष्ट उदाहरण है जब 2019 में, गोवा विधानसभा में 15 में से 10 कांग्रेस विधायक भाजपा में शामिल हो गए, और इसे भाजपा और कांग्रेस विधायक दलों के बीच एक वैध विलय माना गया। गोवा विधानसभा अध्यक्ष द्वारा 10 कांग्रेस विधायकों को अयोग्यता से छूट दी गई थी, जिसके निर्णय को अंततः बॉम्बे उच्च न्यायालय (गोवा पीठ) ने बरकरार रखा था। प्रभावी रूप से, केवल विधायक दलों के बीच कथित विलय को साबित करने की आवश्यकता ने व्यावहारिक रूप से समूह दलबदल को आसान बना दिया है।स्वाभाविक रूप से, दलबदल विरोधी कानून के तहत दलबदलू विधायकों के अयोग्य घोषित न होने का मुख्य कारण विलय और विभाजन रहा है। विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी ('विधि') ने 1986-2004 के बीच लोकसभा के अध्यक्षों के समक्ष दायर 55 अयोग्यता याचिकाओं का सर्वेक्षण किया। इनमें से 49 याचिकाओं के परिणामस्वरूप कोई भी विधायक अयोग्य घोषित नहीं हुआ, भले ही उन्होंने सदन में विरोध प्रदर्शन किया हो। इनमें से 77% (49 में से 38) में दलबदलू विधायकों को अयोग्य नहीं ठहराया गया क्योंकि वे अपनी मूल पार्टी में विभाजन या किसी अन्य के साथ विलय को वैध साबित कर सकते थे।

## तुमने जो जब कहा मान लिया

तेरी हर आहट को हमने जान लिया
गम तेरी चाहत मुझसे पहचान लिया।

पास काफी मेहनत से किया हमने
जब भी तुमनें जो इम्तिहान लिया।

अब तक मर्जी कब चलाई हमने
तुमने जो जब कहा मान लिया।

वे रोज इस तरफ होकर गुजरते हैं
इसलिए इस राह में मकान लिया।

उसको हमने हमेशा पूरा ही किया
हमने जैसा भी दिल में ठान लिया।

आप चाहे जो माने दोस्ती को संजीव
हमने तो इस पर हमेशा गुमान किया।



संजीव ठाकुर

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# रंग पंचमी पर विशेष: रंग पंचमी को देवी देवता रंग खेलने पृथ्वी पर आते हैं



सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"

रंग पंचमी, होली के पांचवें दिन मनाया जाने वाला त्योहार है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी के साथ होली खेली जाती है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन देवी-देवता भी धरती पर आते हैं और होली खेलते हैं। रंग पंचमी को आध्यात्मिक दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन रंगों का इस्तेमाल करने से दुनिया में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस दिन जो रंग एक-दूसरे को लगाते हैं वह आसमान की ओर उड़ाते हैं, ऐसा करने से देवी-देवता आकर्षित होकर अपनी कृपा बरसाते हैं। इस दिन भगवान कृष्ण के साथ अन्य देवी-देवाताओं को गुलाल लगाने से घर में सकारात्मक ऊर्चा का संचार होता है। इस दिन खासकर भगवान कृष्ण की पूजा करने से मनोवांछित फल प्राप्त होता है। इस दिन सुबह स्नान करने के बाद व्रत पूजा का संकल्प लेना चाहिए। घर के किसी साफ स्थान पर भगवान राधाकृष्ण की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करनी चाहिए। तस्वीर पर कुमकुम से तिलक लगाना चाहिए और फूल माला अर्पित करनी चाहिए। कलश पर स्वास्तिक का चिह्न बनाना चाहिए और उसके ऊपर मौली बांधनी चाहिए।

कहा जाता है कि रंग पंचमी के दिन भगवान श्रीकृष्ण अपनी प्रेयसी राधा रानी के साथ होली खेला करते थे। इसके अलावा इस दिन देवी-देवता भी आसमान से फूलों की वर्षा करते हैं, इसलिए रंग पंचमी के दिन हवा में अबीर-गुलाल उड़ाने की परंपरा निभाई जाती है। साथ ही रंग पंचमी के दिन श्रीकृष्ण के साथ राधा रानी की पूजा की जाती है। इस दिन श्रीकृष्ण और राधा रानी को गुलाल अर्पित करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

कई जगहों पर रंग पंचमी के दिन जुलूस निकाले जाते हैं, जिसमें हुरियारे अबीर गुलाल उड़ाते हैं। रंग पंचमी के दिन हवा में अबीर और गुलाल उड़ाए जाते हैं। मान्यता है कि इस दिन वातावरण में उड़ते हुए गुलाल से व्यक्ति के सात्विक गुणों में अभिवृद्धि होती है। साथ ही तामसिक और राजसिक गुणों का नाश हो जाता है, इसलिए इस दिन शरीर पर रंग न लगाकर




वातावरण में रंग बिखेरा जाता है।रंग पंचमी के दिन माता लक्ष्मी व भगवान विष्णु की एक साथ पूजा करनी चाहिए। माता लक्ष्मी धन संपत्ति, ऐश्वर्य आदि की देवी हैं। पूजा के समय माता लक्ष्मी व भगवान विष्णु को लाल गुलाल अर्पित करें। पूजा के समय कनकधरा स्तोत्र का पाठ करें। ऐसा करने से धन-संपदा में वृद्धि होती है। रंग पंचमी के दिन भगवान श्रीकृष्ण व राधा रानी की विधिवत पूजा करें। इसके बाद उन्हें गुलाल अर्पित करें। मान्यता है कि ऐसा करने से वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं दूर होती हैं। प्रेम संबंध मजबूत होते हैं। दांपत्य जीवन में खुशहाली के लिए पति-पत्नी को एक साथ पूजा करनी चाहिए।

रंग पंचमी के दिन माता लक्ष्मी की पूजा करना फलदायी माना गया है। पूजा के समय माता लक्ष्मी को सफेद मिठाई जैसे बर्फी, बताशा, मिश्री या खीर का भोग लगाना चाहिए। मां लक्ष्मी के प्रसन्न होने से परिवार में धन-संपत्ति में वृद्धि होती है। रंग पंचमी के दिन एक पीले कपड़े में एक सिक्का और हल्दी की पांच गांठें बांधकर पूजा स्थल पर रख दें। फिर माता लक्ष्मी का ध्यान करके एक घी का दीपक जलाएं। दीपक के शांत होने पर हल्दी और सिक्के की पोटली को तिजोरी में रखें। ऐसा करने से धन-धान्य में वृद्धि होती है।

## बुधवार का राशिफल

**मेष** – व्यापार में ग्राहक से बहस हो सकती है, वैवाहिक जीवन में कानूनी वाद गहरा सकता है, किसी की सलाह मानना मुश्किल होगा, शराब पीकर वाहन ना चलाये। भाग्य प्रतिशत-50

**वृषभ** – ऐसे लोगों का साथ छोड़ दे जो गलत राह पर ले जा रहे है, माँ-पत्नि के बीच विवाद बढ़े तो बीच बचाव करें, नौकरी में बॉस की बात मानने से मना कर सकते है। भाग्य प्रतिशत-49

**मिथुन** – करियर के चुनाव में मुश्किल बढ़ सकती है, सरकारी परीक्षा में समस्या दिखती है, भाईयों के बीच कोई विवाद बढ़ सकता है। भाग्य प्रतिशत-50

**कर्क** – धार्मिक जगह जाकर पूजा कर सकते है, वैवाहिक जीवन में तनाव है तो लोग घर में मीटिंग करने आ सकते है, नौकरी में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। भाग्य प्रतिशत-76

**सिंह** – मुश्किलों को हल करने की जद्दोजहद रहेगी, तीर्थ स्थल पर जाना हो सकता है, किसी केस में गवाही, जमानत देने से बचे, खेल में प्रदर्शन सुधरेगा। भाग्य प्रतिशत-60

**कन्या** – झगड़ा हो तो अलग होने का निर्णय ना लें, क्रोध बढ़ेगा, लगातार ट्रैवल करना पड़ सकता है, नौकरी में स्थिथि बेहतर होगी। भाग्य प्रतिशत-57

**तुला** – बीमार लोगों की देखभाल करनी पड़ सकती है, व्यवसाय के विकास धनार्जन के लिए उत्तम समय है, ससुराल पक्ष बहु पर तानाकशी ना करें। भाग्य प्रतिशत-64

**वृश्चिक** – व्यय बढ़ेगा, बड़ी जिम्मेदारी स्वयं निभानी पड़ेगी, स्वयं को आगे ले जाने की हिम्मत बढ़ेगी, किसी संस्था से जुड़ना हो सकता है। भाग्य प्रतिशत-77

**धनु** – अभिलाषा पूरी होगी, दाम्पत्य जीवन में पहले कोई बात मना होगी फिर मानी जाएगी, संतान प्राप्ति की बाधा अब दूर होगी, व्यवसाय में मध्यम उन्नति होगी। भाग्य प्रतिशत-68

**मकर** – सरकारी पद पर है तो सोच समझकर लोगों से मिले, किसी कार्य में लापरवाही ना करें, बैंकिंग कार्य में सावधानी रखे, राजनीति में हावी रहेगे। भाग्य प्रतिशत-54

**कुंभ** – ठंड के रोग से बचे, नेवी, शराब, पेंट, एथनॉल, जानवर पालने जैसे व्यवसाय से उन्नति होगी, किसी अनहोनी की आशंका पहले हो जाएगी। भाग्य प्रतिशत-59

**मीन** – धन बढ़ेगा, नया बीमा करवा सकते है, घर वालो को कुछ तोहफा भी देंगे, बड़े घर में रिश्ते की बात भी चल सकती है। भाग्य प्रतिशत-75



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# चिंताजनक है सरकारी अधिकारियों का दुरुपयोग



प्रियंका सौरभ

कानून प्रवर्तन, उद्योग विनियमन और चुनाव निरीक्षण के लिए ज़िम्मेदार सरकारी अधिकारियों को लगातार धमकियों, उत्पीड़न और विभिन्न प्रकार के दुरुपयोग का सामना करना पड़ रहा है। यह प्रवृत्ति चिंताजनक है क्योंकि यह लोक सेवकों को अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने से रोक सकती है और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास को कमजोर कर सकती है। अधिकारियों, विशेष रूप से चुनाव, न्यायपालिका और नियामक निकायों में शामिल लोगों को अक्सर अपने निर्णयों को प्रभावित करने के उद्देश्य से धमकी का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त, झूठे आरोप और बदनामी अभियान उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल कर सकते हैं और उनके अधिकार को कम कर सकते हैं। हालाँकि कुछ देशों में लोक सेवकों की सुरक्षा के लिए कानून हैं, लेकिन इन कानूनों का प्रवर्तन असंगत या कमजोर हो सकता है। इस तरह के दुरुपयोग से उत्पन्न तनाव और भय के परिणामस्वरूप बर्नआउट, इस्तीफे और योग्य उम्मीदवारों को आकर्षित करने में चुनौतियाँ हो सकती हैं।

सरकारी अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार एक बढ़ती चिंता है, क्योंकि वे निष्पक्ष रूप से अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा करने का प्रयास करते हैं। इन अधिकारियों के प्रति दुर्व्यवहार और शत्रुता की बढ़ती घटनाएँ प्रशासनिक नैतिकता और कानून के शासन के लिए एक महत्त्वपूर्ण चुनौती बन गई हैं। ऐसी घटनाएँ न केवल लोक सेवकों का मनोबल गिराती हैं, बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी कम करती हैं, जिससे अधिकारियों को इन कठिनाइयों से निपटने में मदद करने के लिए एक मजबूत नैतिक ढांचे की आवश्यकता है। सरकारी अधिकारी-जिसमें चुनाव कार्यकर्ता, न्यायाधीश, नियामक और कानून प्रवर्तन कर्मियों को बढ़ती हुई धमकी, उत्पीड़न और यहाँ तक कि शारीरिक धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। यह सब राजनीतिक विभाजन, गलत सूचना और सोशल मीडिया के प्रभाव जैसे विभिन्न कारकों से प्रेरित है, जो आक्रामक बयानबाजी को बढ़ाता है। कुछ मामलों में, अधिकारियों को डोक्स किया गया है, उनकी व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाइन जारी की गई है और उन्हें संगठित उत्पीड़न अभियानों या शारीरिक हमलों का लक्ष्य बनाया गया है। शिकायतों के लिए स्पष्ट और खुले चैनल बनाने से शत्रुता को कम करने में मदद मिल सकती है। केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली" पोर्टल ऑनलाइन नागरिक शिकायतों के प्रबंधन के लिए एक प्रभावी उपकरण है। संघर्ष समाधान और सार्वजनिक संपर्क में अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने से शत्रुता से निपटने की उनकी क्षमता में सुधार होता है। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी प्रशिक्षण ढाँचे में संकट प्रबंधन पर केंद्रित घटक शामिल हैं। भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले अधिकारियों की सुरक्षा अनैतिक प्रथाओं को हतोत्साहित करने में महत्त्वपूर्ण है। 2014 का व्हिसल ब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट उन लोक सेवकों के लिए सुरक्षा प्रदान करता है जो गलत कामों की रिपोर्ट करते हैं। नागरिकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने से विश्वास बढ़ता है और शत्रुता कम होती है। राजस्थान में जन सुनवाई (सार्वजनिक सुनवाई) पहल ने जवाबदेही को बढ़ावा दिया है और समुदाय के भीतर विश्वास का निर्माण किया है। वरिष्ठ अधिकारियों को अपने कनिष्ठ सहयोगियों को प्रेरित करने के लिए नैतिक व्यवहार का मॉडल अपनाना चाहिए। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टी. एन. शेषन ने सख्त चुनावी मानकों को लागू करके एक मजबूत उदाहरण पेश किया। ईमानदारी, लचीलापन और पारदर्शिता को अपनाकर, सिविल सेवक प्रभावी रूप से शत्रुता से निपट सकते हैं और साथ ही जनता का विश्वास भी बढ़ा सकते हैं।कठिन परिस्थितियों में नैतिक शासन बनाए रखने के लिए संवैधानिक सिद्धांतों को बनाए रखना और सक्रिय उपायों को लागू करना आवश्यक है। जब सरकारी अधिकारियों को अपने कर्तव्यों को निष्पक्ष रूप से निभाने के लिए दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है, तो इससे संस्थाओं और न्याय प्रणाली में जनता का विश्वास खत्म हो सकता है। यह प्रवृत्ति प्रभावी शासन में बाधा डाल सकती है, क्योंकि अधिकारी प्रतिशोध के डर से न्यायपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कार्य करने में संकोच कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप भ्रष्टाचार और अन्याय हो सकता है। ऐसे शत्रुतापूर्ण व्यवहार का सामना करते समय सिविल सेवकों का मार्गदर्शन करने वाले नैतिक मानकों का विश्लेषण करना और जवाबदेही और सार्वजनिक विश्वास बनाए रखने के तरीकों की जांच करना महत्त्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सरकारी अधिकारी अपने कार्यों के लिए जवाबदेह हैं और जो लोग अपने अधिकार का दुरुपयोग करते हैं, उन्हें उचित परिणाम भुगतने होंगे, मजबूत जवाबदेही प्रणाली महत्त्वपूर्ण है। सरकारी गतिविधियों की पारदर्शिता और निगरानी को बढ़ावा देने से कदाचार को रोकने और सार्वजनिक विश्वास बढ़ाने में मदद मिल सकती है। सरकारी संस्थानों की अखंडता में जनता का विश्वास बनाना महत्त्वपूर्ण है, जिसे नैतिक मानकों का पालन करके और अधिकारियों को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह सुनिश्चित करके हासिल किया जा सकता है।

अपने कर्तव्यों को निष्पक्ष रूप से निभाने का प्रयास करने वाले सरकारी अधिकारियों का उत्पीड़न लोकतंत्र और प्रभावी शासन के लिए एक महत्त्वपूर्ण खतरा है। मजबूत सुरक्षा, कानूनी जवाबदेही और उत्पीड़न के प्रति सामाजिक प्रतिरोध के बिना, सार्वजनिक संस्थानों की अखंडता खतरे में पड़ जाती है। सरकारों, कानून प्रवर्तन, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और नागरिकों के लिए यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ काम करना आवश्यक है कि अधिकारी प्रतिशोध के डर के बिना अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा कर सकें।

# महिला सशक्तिकरण का सच्चा अर्थ समावेशी नारीवाद : प्रो. विभा शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ (मनोज चौहान)**। अमुवि की उर्दू अकादमी द्वारा समाज में महिलाओं के



सशक्तिकरणह्न विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता के रूप में अंग्रेजी विभाग की प्रोफेसर और एएमयू की एमआईसी, पीआरओ, प्रो. विभा शर्मा ने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्दू अकादमी के निदेशक प्रो. कमरूल हुदा फरीदी ने की। प्रो. विभा शर्मा ने नारीवाद की सच्ची भावना को समझने की आवश्यकता पर बल दिया और सामाजिक प्रगति में जवाबदेही तथा सामूहिक उत्तरदायित्व के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जेंडर स्टडीज, नारीवादी अध्ययन से अधिक प्रासांगिक हैं क्योंकि सच्चे सशक्तिकरण के लिए समावेशिता आवश्यक है, न कि विभाजन। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पुरुषों के प्रति वैमनस्य की भावना समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए सहायक नहीं हो सकती।प्रो. शर्मा ने प्रसिद्ध साहित्यकारों प्रेमचंद, कुर्रतुल ऐन हैदर, इस्मत चुगताई, महादेवी वर्मा और कमला दास के साहित्यिक योगदान का उल्लेख करते हुए बताया कि इनकी रचनाओं ने जेंडर विमर्श को नया आयाम दिया है।

# धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह, मनकामेश्वर हनुमान मंदिर में सभी ने सराही इप्टा की प्रस्तुति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)** । भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा द्वारा होली मिलन समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ झींगुरपुरा स्थित मनकामेश्वर हनुमान मंदिर, परिसर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने कहा कि इप्टा का कार्यक्रम बहुत सफल और प्रशंसा योग्य रहा , एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों मे होली का आनंद अपने चरम पर रहा । जिसको सभी दर्शकों को खूब हंसाया और तालिया बजाने पर मजबूर किया। इस कार्यक्रम में झेहर नृत्य, दीपक नृत्य, गीत, लोकनृत्य, फूलों की होली, काव्य पाठ आदि का आनंद दर्शकों ने लिया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कलाप्रेमी एवं कई संस्थानों के वरिष्ठ कलाकार उपस्थित रहे। आकाश शर्मा, मनोज राठौर, अजय शर्मा, ऋषिता, रितिका, अनिरुद्ध आर्यन, साजन चतुर्वेदी, रूपेश धनगर, भगवानदास अज्ञानी, मुरली सविता, पम्मू, महेंद्र कुशवाहा, कुमकुम कुशवंशी, कमल पचौरी, ज्योति सैनी, सुजाता, तान्या, भावना प्रसाद, श्रृष्टि, पूर्वी सैनी, मिनी कुमारी, रिया बघेल आदि ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में कोरियोग्राफर शरद कुमार, गीता बृजराज, विकाश शर्मा, सौरभ पॉल, वैभव सिंह, अनिल स्वामी, इस कार्यक्रम में व्यवस्था संभाली हीरा किरण, साजन चतुर्वेदी, वैभव सिंह, विकाश शर्मा, सौरभ पॉल, गौरव शर्मा, वाईपी शर्मा, सचिन मैसी, नेक राम, योगेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, प्रवीन पाल, मयंक , सतीश धनगर आदि का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित विनोद गौड़ संरक्षक हिंदी साहित्य विचार मंच मथुरा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश गौड़ मामा जी ने तथा संचालन इप्टा निदेशक देवेंद्र पाल ने एवं इप्टा अध्यक्ष योगेश शर्मा ने सभी आगुंतकों का आभार व्यक्त किया।






# सीतापुर में पत्रकार की हत्या पर मथुरा में विरोध-पत्रकारों ने दिया डीएम को ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)**। सोमवार को ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन ने सीतापुर के महोली में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सोंपा। जिलाध्यक्ष विनोद अग्रवाल के नेतृव में दो दर्जन से अधिक पदाधिकारी मुख्यालय पहुंचे। पत्रकार संगठन ने ज्ञापन में कई महत्वपूर्ण मांग रखी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर आसामाजिक तत्वों के हमले बढ़ रहे हैं। संगठन ने इन तत्वों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की है। संगठन ने मृतक पत्रकार के परिवार को आर्थिक सहायता और सुरक्षा की मांग की है। साथ ही



पत्रकारों पर हो रहे हमलों की जांच के लिए एक विशेष समिति गठित करने का प्रस्ताव रखा है। इस समिति में ग्रामीण पत्रकार संगठन को भी प्रतिनिधित्व देने की मांग की गई है। जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने आश्वासन दिया कि ज्ञापन को मुख्यमंत्री तक पहुंचा दिया जाएगा।

इस अवसर पर मनीष लंबरदार,रविकांत गोयल, राकेश पचौरी शिवप्रकाश शर्मा समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मथुरा में वकीलों का हंगामा: चौकी प्रभारी के केस दर्ज करने पर अधिवक्ताओं ने लगाया जाम, लोगों से मारपीट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)** । कोतवाली थाना क्षेत्र में 14 मार्च को ईको और बाइक की भिड़ंत में एक पक्ष की ओर से आए अधिवक्ता के साथ मारपीट करने और मुकदमा दर्ज करने के मामले को लेकर मंगलवार को अधिवक्ताओं ने जमकर हंगामा किया। एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर पुलिस लाइन के सामने सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया। पुलिस और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करके कार्रवाई का विरोध किया। इस दौरान कुछ लोगों ने कई लोगों के साथ मारपीट कर दी, मोबाइल भी लूट लिए। सीओ सिटी भूषण वर्मा ने कई लोगों को बचाया। घटना को लेकर पुलिस कई अधिवक्ताओं पर मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई कर रही है। शुक्रवार दोपहर कृष्णानगर में एक हास्पिटल के समीप ईको चालक ने बाइक सवार में टक्कर मार दी। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुआयना कर घायलों को उपचार को भर्ती करा टक्कर मारने वाली गाड़ी ईको को पकड़ लिया। तभी हादसे की जानकारी होने पर अधिवक्ता अमरजीत सिंह अपने साथियों के साथ पहुंच कर हॉस्पिटल के सामने विरोध जताने लगे। आरोप है कि कृष्णा नगर चौकी प्रभारी विक्रांत तोमर ने उनके साथ मारपीट कर दी और अधिवक्ता के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कर दिया। अधिवक्ता के खिलाफ हुई कार्रवाई से नाराज अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार व सचिव शिवकुमार लवानिया के नेतृत्व में सोमवार दोपहर सवा एक बजे एसएसपी कार्यालय पहुंचे और गेट बंद करके विरोध-प्रदर्शन किया था। इसके बाद मंगलवार को सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ताओं ने डीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद सभी पुलिस लाइन के सामने आकर सड़क पर बैठ गए। पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। आधे घंटे तक जमकर हंगामा हुआ। इसके बाद सभी अधिवक्ता रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचे और गेट पर ताला जड़ दिया। इसी प्रकार तहसील पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। बताते चले कि इस प्रकरण की जांच एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ट्रेनी आईपीएस से करा रहे हैं।



# गोविंदनगर पुलिस को मिली सफलता में चोरी की चालीस किलो वजनी चांदी सिल्ली/साढ़े तीन लाख की नगदी सहित एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)**। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में- प्रभारी निरीक्षक गोविन्दनगर कमलेश सिंह के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 17.03.2025 को उपनिरीक्षक नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा मय हमराही पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त अजय शर्मा उर्फ नेहना पुत्र स्व. प्रेम चन्द्र शर्मा हाल निवासी -हैडपम्प वाली गली सौख रोड, श्यामवीर के मकान में किरायेदार थाना कोतवाली नगर मथुरा व 29 बी गोविन्दपुर थाना हाईवे जिला मथुरा,मूल निवासी गली राजकुमार मण्डीराम थाना गोविन्दनगर जिला मथुरा को टिकट घर के सामने पेड के नीचे चबूतरा डीग गेट से गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में दिनांक 13.03.2025 को थाना हाजा पर वादी गोपाल यादव पुत्र जगमोहन निवासी- 127/285, सेन्टर कालौनी, कच्ची सड़क मसानी, थाना गोविन्दनगर जिला मथुरा ने अभि0 उपरोक्त द्वारा कुल 50 किलो 757 ग्राम चाँदी (मूल्य 46,69,644 रुपए) हडप लेने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 108/2025 धारा 316(2) बीएनएस पंजीकृत कराया था। अभि0 उपरोक्त मुकदमा उपरोक्त में वांछित था जिसको चोरी गयी कुल 39.565 किलोग्राम चाँदी व चाँदी बेचकर प्राप्त किये कुल 03 लाख 50 हजार रूपयों के गिरफ्तार किया गया। अभि0 उपरोक्त को नियमानुसार मा0न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।




# एएमयू कुलपति द्वारा फिजिक्स बुलेटिन 2025 और हेरिटेज साइंस म्यूजियम पुस्तिका का विमोचन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ (मनोज चौहान)**। अमुवि की कुलपति, प्रो नईमा खातून ने अपने कार्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में ह्यफिजिक्स बुलेटिन 2025 और ह्यहेरिटेज साइंस म्यूजियम पुस्तिका का विमोचन किया। यह आयोजन विश्वविद्यालय के शैक्षणिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दशार्ता है और इसमें कई वरिष्ठ शिक्षकों ने भाग लिया। प्रो. नईमा खातून ने भौतिकी विभाग की सराहना करते हुए कहा कि विभाग ने विश्वविद्यालय की समृद्ध अकादमिक धरोहर को आगे बढ़ाते हुए वैज्ञानिक शोध की परंपरा को बनाये रखने का सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने नवाचार, अनुसंधान और ऐतिहासिक दस्तावेजीकरण की संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।उन्होंने कहा कि एएमयू ने हमेशा वैज्ञानिक शिक्षा और अनुसंधान में अग्रणी भूमिका निभाई है। फिजिक्स बुलेटिन और ह्यहेरिटेज साइंस म्यूजियम पुस्तिका हमारे ज्ञान और खोज की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। हमें जिज्ञासा को प्रेरित करने, अपनी अकादमिक धरोहर को संजोने और वैज्ञानिक उत्कृष्टता की सीमाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास जारी रखना चाहिए।फिजिक्स बुलेटिन भौतिकी विभाग की एक प्रमुख प्रकाशन श्रृंखला है, जो दो दशकों से वैज्ञानिक जिज्ञासा और अकादमिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित कर रही है। यह छात्रों, शोधकताओं और शिक्षकों को भौतिकी के विभिन्न पहलुओं का अन्वेषण करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। वहीं, ह्यहेरिटेज साइंस म्यूजियमह्ल पुस्तिका विश्वविद्यालय की वैज्ञानिक विरासत को संजोने का प्रयास है, जिसमें म्यूजियम में संरक्षित दुर्लभ वैज्ञानिक उपकरणों का विस्तृत विवरण दिया गया है। इनमें दूरबीन, वैक्यूम ट्यूब, एनालॉग सर्कुलर स्केल और फोटोमल्टीप्लायर ट्यूब जैसे ऐतिहासिक उपकरण शामिल हैं, जो एएमयू में भौतिकी शिक्षा और अनुसंधान के विकास को दशार्ते हैं।भौतिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनीसुल ऐन उस्मानी ने सभी शिक्षकों और छात्रों को उनके अनुसंधान और विकास कार्यों में योगदान के लिए धन्यवाद दिया।



# शिक्षा विभाग में डॉ.ताहिरा खातून के निधन पर शोक सभा का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ (मनोज चौहान)**। अमुवि के शिक्षा विभाग के शिक्षकों और छात्रों ने सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ताहिरा खातून के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उनका 14 मार्च, 2025 को अल्प बीमारी के बाद निधन हो गया था। विभागाध्यक्ष प्रो. गुंजन दुबे ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी डॉ. ताहिरा खातून का विभाग से गहरा जुड़ाव रहा और वह हमारे लिए मार्गदर्शक बनी रहीं। उनकी उदारता और स्नेहपूर्ण व्यवहार को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।डॉ. ताहिरा खातून ने पाठ्यचर्या अध्ययन, गृह विज्ञान शिक्षाशास्त्र और शैक्षिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया और स्नातक एवं परास्नातक छात्रों के शैक्षिक विकास में अहम भूमिका निभाई।शोक सभा में प्रो. नसरिन, प्रो. साजिद जमाल, प्रो. पूनम चैहान, प्रो. अनीस जहां और प्रो. मोहम्मद आबिद सिद्दीकी सहित कई शिक्षकों और कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।



# फर्जी रिपोर्ट लगाने की फिराक में जांच अधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)**। जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा द्वारा एक ही व्यक्ति को तीन जांच देना ओर उसके द्वारा शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध कराए साक्ष्यों को जांच में समिल्लित नहीं कर फर्जी

**एक ही व्यक्ति को तीन जांच देना बना चर्चा का विषय**

जांच रिपोर्ट दोषियों के साथ गठजोड़ कर लगाने की फिराक में चर्चा का विषय लोगों में बना हुआ है। जानकी बाई गर्ल्स इंटर कॉलेज मथुरा में टीचर्स द्वाराविद्यालय के अंदर रिल बनाने, कक्षा 1से 8 तक निशुल्क शिक्षा होने पर अवैध शुल्क लेने ओर नियम विरुद्ध तथा वास्तविक तथ्यों का गोपन करते हुए लिपिक पद पर मृतक आश्रित नियुक्ति प्राप्त करने की शिकायत अलग अलग शिकायतकताओं द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई। उक्त सभी प्रकरण पर जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा ने डॉ रन सिंह प्रधानाध्यापक राजकीय हाई स्कूल को तीनों जांच करने के लिए दी उनके द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर लोड की गई उक्त रिपोर्ट को सयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा डॉ आर पी शर्मा ने वापिस करते हुए सही जांच करने के निर्देश दिए । शिकायतकताओं का कहना है कि जांच अधिकारी डॉ रन सिंह प्रधानाध्यापक दोषियों से मिले हुए हैं सभी तथ्यो से उच्चाधिकारियों को अपने साक्ष्यों सहित अवगत करा दिया गया है अब देखने वाली बात यह है कि जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा और सयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा जांच अधिकारी के खिलाफ क्या कार्यवाही करते है।




# डीएम ने बीएलए की नियुक्ति एवं मतदाता सूची के शुद्धीकरण के लिए राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

## मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाए रखने में बीएलए की महती भूमिका

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ (मनोज चौहान)**। जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में मतदाता सूची के शुद्धीकरण एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहुत की गई। डीईओ ने सभी राजनैतिक दलों से निर्वाचन प्रक्रिया को सरल बनाए जाने के संबंध में सुझाव देने की अपील करते हुए कहा कि मतदाता सूची जितनी साफ-सुथरी एवं शुद्ध होगी निर्वाचन प्रक्रिया उतनी ही सरल होती है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता शुद्धीकरण में बीएलए की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बीएलए नए मतदाताओं के पंजीकरण, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए जाने, दोहरे पंजीकरण को रोकने, मतदाता सूची में त्रुटियों को सुधारने, मतदाताओं को जागरूक करने एवं घर-घर जाकर मतदाता सूची सत्यापन कार्य में बीएलओ की मदद करते हैं। बैठक में पाया गया कि समाजवादी पार्टी एवं अन्य दलों द्वारा किसी भी बीएलए को नियुक्त किए जाने की सूचना उपबध्य नहीं कराई गई है, वहीं बीएसपी ने इस संबंध में उत्कृष्ट कार्य किया है। बीजेपी को कुछ विधानसभाओं में और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। डीईओ ने राजनैतिक दलों से आग्रह किया कि वह बूथ लेबिल एजेंट की नियुक्ति कर सूचना उपलब्ध कराएं। बीएलए मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाए रखने में महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है।डीप्टी डीईओ पंकज कुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर समय-समय पर चलाए गए विशेष अभियान के परिणामस्वरूप जिले में मतदाताओं की संख्या में वृद्धि होने के साथ ही जेण्डर रेशियो में भी सुधार देखने को मिला है। जिले में 10 मार्च तक 27 लाख 85 हजार 803 मतदाता हो गए हैं, वहीं जेण्डर रेशियो 879 है, जबकि राज्य का जेण्डर रेशियो 876 है। उन्होंने बताया कि जिले में 1648 मतदान केंद्र एवं 3016 बूथ हैं। उन्होंने बताया कि मात्र मतदाता आयोग की वेबसाइट एनवीएसपी पर फार्म 06, 07, 08 के तहत किसी भी समय आनलाइन आवेदन कर सकता है।बैठक में नगर मजिस्ट्रेट राम शंकर, समस्त एसडीएम, एसीएम, राजनैतिक दलों से एडवोकेट अशोक सिंह, उदयवीर सिंह लोधी, गौरव शर्मा, इदरीश मोहम्मद, नदीम गफूर, यामीन खान अब्बासी, शाकिर अंसारी उपस्थित रहे।



**बैठक** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में डिजायन को मिली स्वीकृति

# अब मथुरा में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं का मन मोहेगी कान्हा की छवि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)** । भगवान श्रीकृष्ण की जन्म और लीला स्थली मथुरा से जुड़ने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर अब उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद प्रवेश द्वार बनाने जा रहा है। यहाँ मुरली बजाते कृष्ण कन्हाई की

**ब्रज भूमि में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं का मन मोहेगी कान्हा की छवि**

छवि ब्रज दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को धर्म और आध्यात्मिक नगरी मथुरा में प्रवेश करने का अहसास कराएगी। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद जनपद मथुरा से जुड़ने वाले विभिन्न प्रमुख मार्गों पर प्रवेश द्वार बनाने जा रहा है। इनके निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी हे। इनके चयनित स्थल पर सड़क के दोनों ओर भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति लगाई लगाई जाएंगी। इसमें पुरातत्व डिजायन का चार मीटर का पेड़िस्टल और उसके ऊपर आठ मीटर की मूर्ति लगेगी। इस स्थल को विकसित भी किया जाएगा, जिसमें सोलर लाइट, ग्रीनरी भी शामिल है। मूर्ति और चयनित स्थल के विकास को लेकर उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद सभागार में बैठक आयोजित की गई। उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मूर्तियो के प्रारूप को अनुमोदित किया गया। बैठक में शामिल परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि ब्रज के तीर्थ स्थलों से जुड़े मार्गों पर प्रवेश द्वार तैयार किए जा रहे है। इसके लिए सात स्थल चयनित किए हैं।

**यहाँ बनेंगे प्रदेश द्वार**

- रेपुरा जाट (दिल्ली आगरा नेशनल हाइवे पर ग्वालियर रोड से पहले)
- कोटवन ( दिल्ली आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित हरियाणा बॉर्डर )



- साथनी (मथुरा अलीगढ़ मार्ग स्थित)
- सोनई (मथुरा बरेली मार्ग स्थित)
- राधाकुंड ( केनाल के निकट)
- वृंदावन कट (यमुना एक्सप्रेस वे से वृंदावन रोड स्थित)
- लक्ष्मी नगर ( मथुरा राया मार्ग स्थित)

प्रवेश स्थल पर बनेंगे पुलिस पिकेट ।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने एसएसपी शैलेश पाण्डेय को निर्देशित किया कि परिषद द्वारा विकसित किए जा रहे प्रवेश द्वार पर पुलिस पिकेट तैनात किया जाए। पिकेट के लिए व्यवस्था परिषद द्वारा की जाएगी।

दो हाइवे और यमुना एक्सप्रेस वे से जुड़ा है मथुरा

आध्यात्मिक नगरी मथुरा दिल्ली आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग 19 और मथुरा बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग 530 बी और यमुना एक्सप्रेस वे से जुड़ा हुआ है। इनके अलावा मथुरा सहित ब्रज के अन्य धार्मिक स्थल गोकुल, गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव, वृंदावन, बलदेव भी विभिन्न प्रमुख मार्गों पर स्थित हैं, जो राजस्थान और हरियाणा से इन्हें जोड़ते हैं।

### पीएम श्री विद्यालय में मेरी त्रुटियां मेरी सीख कार्य पुस्तिका पर कार्यक्रम किया गया आयोजित

# जनपद के सभी पीएम श्री विधालयों की समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन







**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया के द्वारा अतरासी में जनपद की सभी पीएम श्री विद्यालयों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें मेरी त्रुटियां मेरी सीख कार्य पुस्तिका ई टाइट नवाचार की प्रगति पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पीएम श्री के विद्यालयों के प्रधानाचार्य और ग्राम पंचायत सचिव व खंड विकास अधिकारी ग्राम प्रधान सभी मौजूद रहे जिलाधिकारी ने पीएम श्री विद्यालयों प्रधानाचार्यों व ग्राम प्रधान को विद्यालय में अपूर्ण पड़े कार्यो को गुणवत्ता पूर्वक जल्द करने के निर्देश दिए। विद्यालय में सभी कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराए जाएं बैठक में दो पीएम श्री विद्यालय के अध्यापकों को अनुपस्थित रहने को लेकर वेतन रोकने का निर्देश दिया पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय अतरासी में ईट राइट स्कूल कार्यशाला योजना के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिन विद्यार्थियों ने प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया उन्हें जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# ईश्वर अज्ञात है जिस दिन आपका मन भी अज्ञात हो जाएगा आपके जीवन में ईश्वर का प्राकट्य हो जाएगा : कवि माधव मिश्र

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** प्रिय आत्मन, सादर वंदन! आओ आज ईश्वर को खोजते हैं। ईश्वर क्या है? आपने ग्रंथों, मन्दिर के पुजारियों, कथावाचकों के प्रवचन, भजन गायक के भजन, सूफी संत, गुरुद्वारे के ज्ञानी, चर्च के पादरी, इमाम, मौलवी, धार्मिक गुरुओं आदि से ईश्वर समझा है या फिर आपकी मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च आदि में प्रतिदिन जाकर ईश्वर, अल्लाह, वाहे गुरु, ईशु को जानने या फिर मानने की धारणा है,यहां तक मेरी बात सही लग रही है। आपसे जानना चाहता हूं कि आप अज्ञात को खोज रहे हैं या फिर ज्ञात को जानना चाहते हैं। आप हमेशा ज्ञात को ही खोजते हैं जो आपके मन की कल्पनाओं में है। जबकि ईश्वर अज्ञात है इसलिए जिस दिन आपका मन भी अज्ञात हो जाएगा आपके जीवन में ईश्वर का प्राकट्य हो जाएगा। आपने अपने जीवन में दो बातों का अनुभव किया होगा उनमें दुःख या फिर सुख। सुख के साथ प्रसन्नता होती है, वह सुख के क्षण कहलाते हैं। जो भी आपको पहले से ज्ञात है वह क्या सत्य हो सकता है? सत्य हमेशा उसे कहते हैं जो तीनों काल अर्थात भूत, वर्तमान, भविष्य में यथावत रहे। आप को अन्य अन्य ने जैसे बता दिया अर्थात आपको ज्ञात है आपने मान लिया कि ऐसा ही ईश्वर होगा। आप यथार्थ में ईश्वर को जानना चाहते हैं तब अज्ञात होने पर सही सही जान पाएंगे। सही जानने के लिए अपने मन को अज्ञात करना होगा। अर्थात जो भी कचरा दूसरों के द्वारा लिया है उसे साफ करना होगा अर्थात मन को पवित्र करने पर अज्ञात प्राप्त हो जाएगा। मन की अपवित्रता का मतलब है लालच, दूसरों का अपने स्वार्थ के लिए शोषण, हिंसा, क्रूरता, अन्याय यह सब मन से हटाने होंगे। ईश्वर मिल जाएगा। कोई व्यक्ति केवल अपने खेत पर बैठ कर यह कहे गेंहू तो वह उगेगा नहीं जब तक वह खेत की सफाई, जुताई के साथ खेत को तैयार नहीं करता है। हमें पहले मनुष्य बनना होगा। मनुष्य के लक्षण सहृदयता, दया, प्रेम, सेवा आदि को अपना कर मन को पवित्र करना होगा फिर मन की खिड़की को खुला छोड़ना होगा तभी ईश्वर का प्राकट्य हमारे जीवन में होगा। आप मकान की खिड़कियां बंद कर लेते हैं तब शुद्ध हवा कहां प्रवेश कर पाती है बाहरी शुद्ध हवा प्रति क्षण बह रही है उसे मकान में लाने के लिए जिस तरह खिड़की दरवाजे खोलने पड़ते हैं वैसे ही मन पवित्र होने पर उसके दरवाजे खुल जाते हैं और ईश्वर हमें प्राप्त हो जाता है। कही ढूंढने की जरूरत नहीं पड़ती है। क्योंकि कहा है कि तू ढूंढ़ता मुझे था कुंज और वन में। मैं ढूंढता तुझे था दीन के वतन में। अर्थात ईश्वर दीन दुखियों की सेवा के बाद ढूंढना नहीं पड़ता है बल्कि जो प्राप्त था वह हमें पवित्र मन के कारण अनुभव होने लगा। अब कहां कहां ढूंढे जब वह प्रतिपल मेरे साथ है। केवल भ्रम था क्योंकि मैं घड़े के रूप में फंसा था जैसे ही घड़ा फूटा मिट्टी ही मिट्टी दिखाई दी। घड़े के किस अंश में मिट्टी नहीं होती पूरा घड़ा मिट्टी का ही होता है लेकिन जब तक घड़ा का रूप दिखाई देता है तब तक वह जान ही नहीं सकता कि मैं केवल मिट्टी हूं उसी तरह जब तक हमारे जीवन में तृष्णा है हम बात ईश्वर की दिन भर करते हैं जपते हैं लेकिन ईश्वर को जान नहीं पाते-सही कहा है तृष्णा का संबंध त्याग से, ज्यों तृण का संबंध आग से। माधव, नीरज, रजनी संगत। हेर फेर अपने मन का। भोग योग दो तट सरिता के, कैसे हो संयोग मिलन का।



# कोई भी जरुरत मंद नही रहेगा,आवास विहीनः डीएम

### आवास विहीन व कच्चे मकानों का सर्वे के लिये वाहन को दिखाई हरी झंडी



**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/ बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने प्रत्येक ब्लॉक के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना। आवास विहीन परिवार और जिनके कच्चे मकान है उनके लिए भारत सरकार के निर्देश पर सर्वे हो रहा है बाद में आवास प्लस एप के ऊपर एडिंग होगी जिससे शत प्रतिशत आवास पूरे जनपद संभल में मिल सके। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के लक्ष्य को जल्दी किया जाएगा पूरा आगामी 10 से 15 दिनों में सर्वे पूरा करने के आदेशों का किया जाएगा पालन। सभी पात्र व्यक्तियों को सरकार द्वारा सर्वे कर शीघ्र आवाज की प्रक्रिया शुरू,हर पात्र व्यक्ति को आवास मिलेगा ।

# शिक्षामंत्री ने माताा काली के जुलूस का किया उद्घाटन





**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** ब्लॉक बनियाखेडा चन्दौसी के विधानसभा क्षेत्र चन्दौसी के ग्राम बिसारू में काली माता के जुलूस का उद्घाटन मा0 शिक्षा मंत्री द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। यहां बताते चले कि विधानसभा क्षेत्र में प्रतिवर्ष इस जुलूस का आयोजन किया जाता है जिसके बाद मेले का भी आयोजन किया जाता है। उसी क्रम में ग्राम बिसारू में काली माता के मंदिर में विधि- विधान से पूजा के साथ मेले का उदघाटन किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण एवं मा0 मंत्री गुलाब देवी, छोटू दिवाकर, मंदिर पुजारी आदि मौजूद रहे।

# नहीं हो रहा पानी की निकासी का इंतजाम, मौहल्ले वासी परेशान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बहजोई/सम्भल (शिवम ठाकुर)।** ब्लॉक बनियाखेड़ा में पानी को लेकर मौहल्ला वासीयों ने जम कर किया विरोध प्रदर्शन। मौहल्ले में भरे रहने से हो रही है परेशानी लेकिन ग्राम प्रधान व सचिव की नहीं टूट रही नीद। पूरा मामला जनपद के बनियाखेड़ा ब्लॉक के ग्राम

- **लापरवाही से नन्हे मुन्ने बच्चों के जीवन पर मंडरा रहा है बीमारियों का खतरा**
- **जल भराव को लेकर मौहल्ले वासियों ने किया विरोध प्रदर्शन**

पंचायत मौलागढ़ का है, जहां पिछले तीन महीने से नाली टूटी हुई है और सड़क पूरी तरह पानी से भरी हुई है जिससे आए दिन नन्हें बच्चों को गंदे पानी में होकर स्कूल जाना पड़ रहा है लेकिन जिम्मेदार लोग इस पर कोई काम नहीं कर रहे हैं मौलागढ़ के मोहल्ला काली मंदिर मार्ग विकास नगर में काफी समय से पानी इक्कठा हुआ पड़ा है जिससे पानी में बदबू आने लगी और मच्छर आदि पैदा होने से नन्हें बच्चों को मलेरिया ,टाइफाइड जैसी बीमारी होने लगी जिससे पूरा मोहल्ला परेशान है।

शिकायत लेकर ग्राम प्रधान विजय सिंह उर्फ भूरे और सचिव मनोज कुमार के पास जाने पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई जिस पर मोहल्ले के सभी लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया लोगों का कहना है कि ग्राम प्रधान कभी भी इस गली मोहल्ले में भ्रमण के लिए नहीं आते कई बार शिकायत सचिव से भी की लेकिन उनके कान पर भी जू तक नहीं रेंगती और बीमारी के चलते किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे है।

राकेश दिवाकर ,अशोक दिबाकर, भूरे,रोहन, रोहतास, बादल, कमल सिंह, सुनीता देवी, गायत्री देवी, बिना देवी, राजू, अजय आदि मौजूद रहे।



# 24 कोसिय परिक्रमा मार्ग का होगा सुंदरीकरण और जीर्णोद्धार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों से समृद्ध संभल में स्थित 68 तीर्थों और 19 कूपों की परिक्रमा प्राचीन काल से होती आई है। समय के समय के कुछ देव तीर्थ विलुप्त हो गए। अब जितने तीर्थ वर्तमान में हैं श्रद्धालु उनकी 24 कोसिय परिक्रमा करते हैं। 24 कोसिय परिक्रमा मार्ग के सुंदरीकरण और जीर्णोद्धार की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं के बैठने के लिए बैंच, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था के साथ मार्ग पर आरसीसी या इंटरलाकिंग की जाएगी। यह परिक्रमा मार्ग बेनीपुर चक गांव में स्थित वंश गोपाल तीर्थ से प्रारंभ होकर देवतीर्थों की परिक्रमा करते हुए पुनः वंश गोपाल तीर्थ पर समाप्त होता है। वर्तमान में इसकी लंबाई 42 किलोमीटर है। प्रशासन ने इस महत्वपूर्ण परियोजना की जिम्मेदारी नगर पालिका को सौंपी है और वर्तमान में इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। दरअसल, संभल को कल्कि नगरी के नाम से भी जाना जाता है, जहां 68 प्राचीन तीर्थ और 19 कूप स्थित हैं, जिनका ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व है। इनमें से कुछ तीर्थ कालांतर में विलुप्त हो गए, लेकिन जो अब भी अस्तित्व में हैं, उनकी परिक्रमा श्रद्धालु हर वर्ष पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ करते हैं। 24 कोसिय परिक्रमा मार्ग धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहां हर वर्ष हजारों श्रद्धालु परिक्रमा करने आते हैं। यह परिक्रमा वंश गोपाल तीर्थ से प्रारंभ

**श्रद्धालुओं के लिए मिलेंगी नई सुविधाएं, प्रशासन ने नगर पालिका को सौंपी जिम्मेदारी, बेनीपुर चक स्थित वंश गोपाल तीर्थ से शुरू होती है परिक्रमा**

होकर विभिन्न देव तीर्थों की यात्रा करते हुए पुनः वंश गोपाल तीर्थ पर पहुंचकर संपन्न होती है। इस संपूर्ण परिक्रमा मार्ग की वर्तमान लंबाई लगभग 42 किलोमीटर है। जबकि प्राचीन काल में यह 72 किलोमीटर की होती थी। दो वर्ष पहले श्रद्धालु खेतों में बनी पगड़ंडियों से होकर गुजरते थे। मार्ग पर अवैध कब्जा कर रखा था। अक्टूबर 2023 में रहे उपजिलाधिकारी ने परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया था और संबंधित अधिकारियों को मार्ग की चौड़ाई बढ़ाने, गड्ढों को भरने, झाड़ियों की कटाई, और सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। मार्ग से अवैध कब्जा हटवाया गया और परिक्रमा मार्ग को चौड़ा किया गया। परिक्रमा मार्ग की वर्तमान स्थिति का आकलन करने के लिए 2 फरवरी को मासिक परिक्रमा के दौरान जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने अधिकारियों के साथ 11 किलोमीटर की पद यात्रा की। यह यात्रा वंश गोपाल तीर्थ से शुरू होकर भोलेश्वर पुलिस चौकी तक संपन्न हुई। इस दौरान अधिकारियों ने मार्ग में आने वाली समस्याओं को समझा और उन्हें दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया था। अब परिक्रमा मार्ग के सुंदरीकरण और जीर्णोद्धार की जिम्मेदारी नगर पालिका को सौंपी गई है। प्रशासन ने पालिका को निर्देश दिए हैं कि वह प्रस्ताव तैयार करे। इस प्रस्ताव के आधार पर आवश्यक बजट की मांग की जाएगी, ताकि कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके। इसी के तहत पालिका के अधिशासी अधिकारी डा. मणिभूषण तिवारी ने लखनऊ से आए आर्किटेक्चर सर्वे एजेंसी के इंजीनियर और 24 कोसिय मासिक परिक्रमा समिति अध्यक्ष राज कुमार शर्मा के साथ मार्ग का निरीक्षण किया।

# युवा विंग ने चौधरी हरेन्द्र सिंह को भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर दी बधाई



**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय जाट महासभा की युवा विंग ने चौधरी हरेन्द्र सिंह को पुनः भाजपा जिला अध्यक्ष बनने पर उनके आवास पर पहुंचकर बधाई दी, व जाट समाज के मध्य गुड़ वितरित कर जश्न मनाया, जाट महासभा युवा के प्रदेश प्रवक्ता चौधरी सनि आर्य ने कहा कि सम्भल जनपद में भाजपा ने हरेन्द्र सिंह को पुनः जिला अध्यक्ष बनाकर जाट समुदाय का भरोसा कायम रखा है, उन्होंने कहा कि जाट समुदाय जिस भी क्षेत्र में रहे अपना कार्य ईमानदारी पूर्वक पूर्ण करता है। और उसी का परिणाम है भाजपा ने दुबारा से हरेन्द्र सिंह को जिला अध्यक्ष बनाया है, यह समाज के लिए गौरव का विषय है चौधरी हरेन्द्र सिंह वास्तव में एक ईमानदार व लगनशील नेता है जिन्होंने भाजपा के शीर्ष नेत्रत्व का दिल जीत लिया है।इस दौरान जाट सभा युवा के प्रदेश प्रवक्ता चौधरी सनि आर्य, जिला अध्यक्ष पुनीत चौधरी, सहित जाट सभा के आनन्द सिंह चाहल, रिफिल चौधरी, अंकुर चौधरी, जगजीत सिंह, जगवीर सिंह, जयंत गोयत, छत्रपाल सिंह आदि महासभा के सदस्य उपस्थित रहे।

# 22 मार्च को एक दिवसीय रोजगार मेले का होगा आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी/ संभल (मयंक सक्सेना)।** प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के द्वारा प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाए जाने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय संभल एवं इशरत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, तुतीपुर इल्हा संभल के संयुक्त तत्वाधान से एक दिवसीय रोजगार मेला इशरत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस कॉलेज के प्रांगण में 22 मार्च 2025 दिन शनिवार को लगाया जाना प्रस्तावित है। रोजगार मेला प्रातः 10 बजकर 30 बजे से 3 बजे तक रहेगा। जिसमें इंडियन सिक्योरिटी फोर्स, एल0आई0सी0, शिवशक्ति एग्रीटेक नवभारत फर्टिलाइजर्स, श्री गणेशा कंसल्टेंसी, हायर एप्लायंसेज, पुखराज हेल्थ केयर, इत्यादि कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। उपरोक्त सभी कंपनियां डेस्क जॉब, सेल्स एग्जीक्यूटिव, सिक्योरिटी गार्ड, बीमा सलाहकार एवं अन्य कंपनी पदों के रूप में भर्ती करेंगी। रोजगार इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराकर रोजगार मेले में प्रतिभाग करे। रोजगार पाने वाले अभ्यर्थियों की आयु 18 से 30 वर्ष रहेगी। शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक आई0टी0आई0 समस्त वर्ग रहेगी। रोजगार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्रों, पासपोर्ट साइज फोटो एवं बायोडाटा सहित रोजगार मेले में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे। रोजगार मेला निःशुल्क है।

# ब्लॉक प्रमुख ने सचिवों के साथ की समीक्षा बैठक



**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** मंगलवार को ब्लॉक बनियाखेडा में ब्लॉक प्रमुख द्वारा सचिवों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन यिका गया। वहीं ब्लॉक प्रमुख द्वारा सभी सचिवों को बुलाकर बिंदुबार समीक्षा की। ब्लॉक प्रमुख डॉ0 सुगंधा सिंह द्वारा सबसे पहले सभी सचिवों को होली पर्व की बधाई दी गयी। ब्लॉक प्रमुख ने कहा सभी सचिव अपने क्षेत्र में हुए विकास के सबंध में पात्रों की सूची उपलब्ध करायें। ऐसे कौन से व्यक्ति है जो पात्र होने के बाद भी छूटे हुये चल रहे हैं। ऐसे लोगों का डाटा आपके पास होना चाहिए जिससे पता चले कि किसको इस योजना का लाभ मिला है और कौन व्यक्ति वंचित रह गया है। इसके साथ ही विधवा पेंशन, आवास आदि के संबंध में डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। प्रमुख ने कहा कि कुछ ग्रामीणों की शिकायतें आ रही हैं कि आवास के संबंध में कुछ विचौलिया काम करे है।। ऐसा कोई प्रकरण सामने नही आना चाहिए। सचिवों ने कहा कि वह लगाातार सर्वे कराया जा रहा है सर्वे के आधार पर पात्र और अपात्र का चयन चल रहा है। जिससे योजनाओं का लाभ मिल सके। वहीं प्रमुख प्रतिनिधि शिवेन्द्र ने कहा कि बुधवार को पेंशन के संबध में बैठक का आयोजन किया जाता है। ब्लॉक के विभिन्न गावों में लगे नलों के बारे में जानकारी ली गयी तो पता चला कि नलों के संबंध में मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर आयी शिकायतों के आधार पर उन्हें शीघ्र निस्तारित किया जाता है। 75 ग्राम पंचायतों की समीक्षा होनी चाहिए। वहीं ढकनगला में मनरेगा का भुगतान नहीं हुआ है। बल्कि काम महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। फिलहाल ब्लॉक प्रमुख ने शादी अनुदान को लेकर अनेक बिन्दुओं पर भी चर्चा की। बैठक में डॉ0 सुगंधा सिंह, प्रतिनिधि शिवेन्द्र के साथ सभी सचिव, एडीओ पचांयत आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** हर साल सैयद सलार मसूद गाजी की याद में नेजा मेला का आयोजन होता था

# नहीं होगा सम्भल में नेजा मेले का आयोजन



**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (शिवम ठाकुर)** । इस साल सैयद सलार मसूद गाजी की याद में लगने वाले नेजा मेले का आयोजन अब नहीं होगा। पुलिस ने

**देश द्रोहियों के नाम पर, किसी भी प्रकार का नही होगा कोई भी आयोजन : एएसपी श्रीशचंद्र**

आयोजकों से साफ कह दिया है कि लुटेरों के नाम पर मेले के आयोजन की अनुमति नहीं दी जाएगी, संभल में होली के बाद हर साल सैयद सलार मसूद गाजी की याद में नेजा मेला का आयोजन होता है, इस आयोजन को लेकर दूसरे समुदाय के लोगों ने पुलिस प्रशासन के सामने आपत्ति की थी, उन्होंने कहा गया था कि सैयद सलार मसूद गाजी ने देश को नुकसान पहुंचाने का कार्य किया, ऐसे व्यक्ति के नाम पर मेले का आयोजन कर उसका गुणगान किया जाना ठीक नहीं है इससे जनता के बीच गलत मेसिज जाएगा, इस आपत्ति के बीच सोमवार को नेजा मेला कमेटी के लोग अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र से मिले अपर पुलिस अधीक्षक ने मेले की अनुमति के लिए आए लोगों से पूछा कि आप किसके नाम पर मेले का आयोजन करते हैं।

जब आयोजकों ने कहा कि सैयद सलार मसूद गाजी के नाम पर नेजा मेला का आयोजन होता है तो अपर पुलिस अधीक्षक ने साफ-साफ कह दिया कि सैयद सलार मसूद गाजी के नाम पर मेले की अनुमति नहीं देंगे, यहां तक कहा कि सोमनाथ मंदिर को लूटने वालों के नाम पर मेले की अनुमति नहीं दी जा सकती वह एक लुटेरा था और उसने सोमनाथ के मंदिर को लूटा था। अगर आप ऐसे लुटेरे की याद में मेला लगायेंगे तो आप देश द्रोही हो हम ऐसा नहीं करने देंगे, इतिहास गवाह है की वह आक्रमणकारी महमूद गजनवी का सेनापति था उसने सोमनाथ मंदिर को लूटा था और देश में कत्ले आम किया था इतिहास जानता है, किसी भी लुटेरे की याद में यहाँ कोई आयोजन नहीं होगा अगर किसी ने कोशिश की तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। 18 मार्च को मेले का झंडा गाड़ने की योजना थी और 25, 26 और 27 मार्च को मेला कमेटी ने मेला लगाने का ऐलान किया था, यह मेला संभल में होली के बाद सालार मसूद गाजी की याद में लगता है जिसे नेजा मेला कहा जाता है, इस बार भी मेले के आयोजन की अनुमति के लिए कुछ लोग अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र मिलने पहुंचे थे जिस पर अपर पुलिस अधीक्षक ने मेले लगाने की अनुमति देने से साफ मना कर दिया है और चेतावनी दी है की अब यहाँ कोई मेला नहीं लगेगा।



# सिकलापुर हत्याकांड का पर्दाफाश, भतीजे ने ही चाचा को उतारा मौत के घाट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली (आशू बेग)** । थाना कोतवाली पुलिस ने सिकलापुर में हुई हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मृतक दयाशंकर की हत्या उनके ही भतीजे रितिक ने संपत्ति हड़पने और निजी रंजिश के कारण की थी। हत्या को अंजाम देने के बाद, आरोपी ने खुद को निर्दोष साबित करने और दूसरों को फंसाने के लिए झूठा मुकदमा भी दर्ज कराया था।

**हत्या की साजिश और खुलासा**

पुलिस के मुताबिक, 17 मार्च 2025 की रात रितिक ने पहले अपने घर की बिजली काटी और फिर अपने चाचा दयाशंकर को गोली मार दी। वारदात के बाद उसने हत्या में इस्तेमाल तमंचा, कारतूस और बिजली काटने के औजार (पेचकस व प्लास) को अपने घर के नीचे बनी दुकान में छिपा दिया।

घटना के बाद, पुलिस ने रितिक की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया, लेकिन जब जांच आगे बढ़ी तो मामला पूरी तरह उलट गया। गहन पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने 18 मार्च 2025 को रितिक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल किया और बताया कि दयाशंकर की कोई संतान नहीं थी, इसलिए वह उनकी संपत्ति हड़पना चाहता था। साथ ही, उसने चाचा पर अपनी पत्नी उर्वशी पर गलत नजर रखने का भी आरोप लगाया।

**बरामदगीः**

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार और अन्य सामान बरामद कर लिया–

तमंचा 315 बोर,एक जिंदा कारतूस व दो खोखा कारतूस, पेचकस व प्लास (बिजली लाइन काटने में इस्तेमाल)

।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और उसे जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com


दैनिक बुलन्द संदेश

# कमिश्नर ने मंडल के समस्त जनपदो में हुये विकास कार्यों के संबंध में वर्चुअल माध्यम से की समीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ हृषिकेश भास्कर यशोद द्वारा मंडल के समस्त जनपदो में हुये विकास कार्यों के संबंध में मंडल के समस्त जनपदो के जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारियो के साथ वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आयुक्त द्वारा माह अप्रैल 2012 से मार्च 2017 एवं माह अप्रैल 2017 से मार्च 2024 तक की जनपदवार प्रगति विवरण के साथ-साथ अपने जनपद की 10 प्रमुख उपलब्धियो यथा-निमार्णाधीन अथवा पूर्ण महत्वपूर्ण परियोजना कोई विशिष्ट कीर्तिमान, अभिनव प्रयास व अन्य उल्लेखनीय कार्य संबंधी विवरण अतिशीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।इस अवसर पर अपर आयुक्त अमित कुमार, संयुक्त विकास आयुक्त बलिराम सहित मंडल के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।



# जिलाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलो के साथ की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** कलेक्ट्रट सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलो के साथ बैठक आयोजित की गई।बैठक में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय दलो से प्रत्येक बूथ पर बूथ लेविल एजेन्ट बनाये जाने, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो को निर्वाचक नामावली के संबंध में समय-समय पर प्राप्त कराये जाने वाले अभिलेख तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियो के साथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के जिलाध्यक्ष/प्रतिनिधिगण के साथ संपन्न हुई बैठको में राजनैतिक दलो द्वारा प्रस्तुत किये गये सुझाव व आपत्तियो पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी बलराम सिंह ने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में राजनैतिक दलो को सूचनाओ के आदान-प्रदान हेतु व्हाट्सऐप ग्रुप बना दिये गये है।वर्तमान में निरंतर पुनरीक्षण का कार्य गतिमान है, जिन मतदाताओ के नाम वोटर लिस्ट में डबल है ऐसे नामो की बीएलओ से जांच कराई जा रही है। जांच के दौरान पाये गये डबल नामो को अपमार्जित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।बैठक में राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो द्वारा सुझाव दिये गये, जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर कंडारकर कमल किशोर देशभूषण सहित अन्य संबंधित अधिकारी, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# कथावाचक राजेन्द्र पांडेय श्रीराम जन्म का प्रसंग सुनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** रेलवे रोड स्थित आनंद स्वरूप बाल मुकंद की धर्मशाला में आयोजित श्री राम कथा के तीसरी दिन श्री राम जन्म का प्रसंग सुनाया गया। राम के जन्म होते ही पंडाल में प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।

कथावाचक राजेंद्र प्रसाद पांडे ने कहा कि भगवान श्रीराम का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया।

उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। राम कथा में पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह प्रेम रहा सदा सदा के लिए अमर है। कथावाचक ने कहा कि राजा दशरथ के संतान न होने के कारण अपने कुलगुरु वशिष्ठ के पास जाते हैं। जहां वशिष्ठ द्वारा श्रृंगी ऋषि से शुभ पुत्र कामेष्टि यज्ञ करवाते है। यज्ञ कुंड से अग्नि देवता का प्रकट होकर राजा दशरथ को खीर प्रदान करते हैं। जिसके बाद राजा दशरथ द्वारा तीनों रानियों कौशल्या, कैकई और सुमित्रा को खीर देते है। उस खीर के खाने से तीनों रानियों को भगवान राम सहित भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म होता है। इस मौके पर जगदीश अग्रवाल, मनीष गोयल, अभीक गोयल भावना गोयल अबू गोयल पुनीत अग्रवाल समेत कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।




# भारत विकास परिषद विकास रत्न शाखा ने किया 12 जोड़ो का सामूहिक विवाह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** नगर पिलखुवा में भारत विकास परिषद विकास रत्न शाखा द्वारा 12 कन्याओं का विवाह हिंदू रीति रिवाज से संपन्न हुआ कराया गया। इस दौरान घुड़चढ़ी नगर के मोहल्ला मंडी से शुरू होकर जवाहर बाजार, गांधी बाजार होकर विवाह स्थल पहुंची। नगर के लोगों ने बढ़ चढ़ कर विवाह में भाग लिया। संस्था के संरक्षक विपिन अग्रवाल ने बताया कि नगर के एक मैरिज हॉल में कन्याओं का विवाह कराया गया। संस्था को वर्ष 1994 में रजिस्टर्ड करा दिया गया था। उन्होंने बताया कि संस्था पिछले छह वर्षों से कन्याओं का विवाह करा रही हैं। बेटियों को दहेज में बेड, मशीन, बर्तन, कपड़े, चांदी की पाजेब, सोने का मंगल सूत्र समेत अन्य सामान देती हैं। जो करीब डेढ़ लाख रुपये का होता हैं। कन्याओं की शादी में संस्था के परिवार सहित नगर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। जिसके बाद उन्होंने वर वधु को आशीर्वाद दिया। संरक्षक विपिन अग्रवाल ने बताया कि धूमधाम से बेटियों को मंच पर लाया गया था। पंडित ने मंत्रों का उच्चारण करके उनको बंधन में बांध दिया। संस्था आगे भी निरंतर कन्याओं का विवाह कराती रहेगी।



# सरूरपुर गांव के 14 लोगों का हुआ पुलिस भर्ती में सिलेक्शन,परिजनों में खुशी की लहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरूरपुर (जावेद अब्बासी)।** जनपद मेरठ के सरूरपुर गांव के 14 अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित हुए हैं। पूरे उत्तर प्रदेश में किसी एक गांव में इतनी बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों का उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में एक साथ चयन हुआ है। गांव में 14 अभ्यर्थियों का एक साथ चयन होने पर ग्रामीण और परिजनों में खुशी का माहौल है। 14 अभ्यर्थियों में तीन लड़कियां हैं और 11 लड़के हैं जिनका सिपाही के पद पर चयन हुआ है। इसे लेकर गांव में खुशी की लहर है। सरूरपुर गांव की आबादी लगभग 8000 के आसपास है। अभ्यर्थियों ने परिजनों के साथ-साथ गांव और जनपद का नाम भी रोशन किया है।

इन सभी के नाम प्रीति सूर्यवंशी, टीना, आँचल, अनुज कुमार, सनी, अजय कुमार, रोबिन, विशांत, सागर, अरविंद, निशांत पूनिया, रितिक, नईम और प्रदीप है। हम गांव में पहुंचे और हमने वहां चयनित अभ्यार्थियों और उनके परिजनों से बात की साथ ही गांव में जो खुशी का माहौल है उस को देखा। ग्राउंड रिपोर्ट पर हमने पाया कि जिन लोगों का पुलिस सिपाही के पद पर चयन हुआ है उनमें कुछ ऐसे परिवार हैं जिन्होंने अपने बच्चों को पढ़ने के लिए बहुत संघर्ष किया और संघर्ष के साथ अपना सपना पूरा किया। हमने देखा कि पुलिस भर्ती में चयन हुई युवतियों में किसी के माता पिता अनपढ़ है और किसी के पिता मजदूर है।

जिन्होंने मेहनत करके अपने बच्चों को पढ़ाया। वहीं सिपाही के पद पर गांव के दो सगे भाइयों का भी चयन हुआ है, जिनके पिता पॉपकॉर्न का ठेला लगाते हैं और मां कपड़े सिलती है और घरों का काम करती है। माता-पिता ने अपना सपना सच करने के लिए कड़ा संघर्ष किया। पूरा परिवार गांव के कच्चे मकान में रहता है। सिपाही के पद पर भर्ती होने वाली टीना पूनिया के दो भाई और है ,बड़ा भाई फौज में है जबकि छोटा भाई अब पुलिस भर्ती की तैयारी में लगा है।

टीना के माता-पिता ने कोई पढ़ाई नहीं की है सिर्फ खेती करते हैं और उनका सपना था कि उनके बच्चे पढ़ लिख जाए और अच्छी नौकरी पा ले। उनका सपना उनकी बेटी ने पूरा कर दिया। टीना ने छठी बार प्रयास किया और वह अब सफल रही और उनके माता-पिता ने भी पूरा साथ दिया। टीना की मां रेखा कहती है कि बहुत संघर्ष किया है अपनी बेटी को यहां तक पहुंचाने के लिए। टीना के माता-पिता का कहना है कि वह बहुत खुश हैं और सरकार का धन्यवाद देते हैं। टीना के पिता सुरेश पाल कहते हैं कि जैसे मेरे लड़के हैं वैसी मेरी बेटी है मैं इनमें कोई फर्क नहीं करता, खेतों में मेहनत करके बेटी को पढ़ाया है। पुलिस सिपाही के पद पर भर्ती होने वाली आंचल के पिता मजदूर हैं, आंचल के चार बहन और एक भाई है वह अपने पांच बहन भाई में सबसे बड़ी है और उनके पिता ने उनको मजदूरी करके पढ़ाया है आंचल के पिता चंद्रपाल कश्यप कहते हैं की मजदूरी करके उन्होंने अपनी बेटियों को पढ़ाया है, मेरा सपना था कि मेरी बच्ची कामयाब हो जाए और योगी जी का धन्यवाद, मजदूरी करते-करते मेरी सफलता मिल गई, मैं अपनी बेटियों को ही बेटा मानता हूं।वहीं गांव में दो सगे भाइयों का भी चयन पुलिस में सिपाही के पद पर हुआ है अजय कुमार और सनी, अजय और सनी के पिता बबलू पॉपकॉर्न का ठेला लगते हैं और माता पूनम कपड़े सिलती हैं और साथ ही घरों का काम भी करती हैं। दोनों के माता-पिता विकलांग हैं और कड़े संघर्ष से अपने बच्चों की पढ़ाई कराई है। उनके माता-पिता बताते हैं कि गांव में अक्सर लोग कहा करते थे के जवान बच्चे हो गए हैं और काम नहीं करते लेकिन उनका सपना था कि उनके बच्चे अच्छी नौकरी पर जाएं और अब सपना पूरा हो गया। अजय का यह पांचवा प्रयास है जिसमें उन्होंने सफलता पाई है लेकिन सनी का उससे ज्यादा बार प्रयास था और इस बार वह सफल रहे। पूरे परिवार ने बहुत संघर्ष किया और अब जाकर सफलता मिली। घर के हालात खराब थे और दोनों भाई एक ही किताब से तैयारी किया करते थे।

अजय और सनी का तीसरा भाई भी है और वह भी अभी पढ़ाई कर रहा है। अपने दोनों बेटों के पुलिस में भर्ती होने के बाद परिवार में खुशियों का माहौल है।बहरहाल गांव के 14 अभ्यर्थियों का पुलिस भर्ती में चयनित हुए हैं और जल्द ही सब यह सभी सिपाही बन जाएंगे और इस बात को लेकर गांव के लोगों में बहुत ज्यादा खुशी का माहौल है। गांव के लोग भी सरकार का धन्यवाद देते हैं और इस कामयाबी पर फूल नहीं समा रहे हैं।





# कार्यालय नगर पालिका परिषद शिकारपुर जनपद-बुलन्दशहर

पत्रांकः 275/न0पा0प0शि0/2025 दिनांकः 18.03.2025

## अल्पकालीन-निविदा सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण/किसान/खुदरा विक्रेता/पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद शिकारपुर की गौशाला में संरक्षित निराश्रित गौवंशों के भरण पोषण हेतु राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से भूसा एवं हरे चारे की आपूर्ति हेतु पालिका दिनांक 28.03.2025 को समय दोपहर 02:00 बजे तक निविदा आमंत्रित करती है। जो तदिनांक समय 03:00 बजे दोपहर को अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष की उपस्थिति में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र प्रकाशन की दिनांक से दिनांक 28.03.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद शिकारपुर से क्रय किये जा सकते है। ठेकेदार/फर्म/चारा सप्लायर्स जो पालिका को हरा चारा/भूसा सप्लाई कराना चाहे, वह अपनी दर अंकित कर शील बन्द लिफाफे में नियत समय पर कार्यालय में अपनी निविदा प्रस्तुत कर दें। निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर राशि की किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0/एन0एफ0सी0 अधिषासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद शिकारपुर के पदनाम बन्धक कराकर तथ 100 रुपए के स्टाम्प पर स्व0घोशणा-पत्र तैयार कराकर जमा करना अनिवार्य होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगा। किसी भी स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा को बिना कोई कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगी। अन्य सम्बन्धित जानकारी किसी भी कार्य दिवस व समय में कार्यालय नगर पालिका परिषद शिकारपुर से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री व आईटम का विवरण | वांछित सामग्री/आईटम | निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित | जमानत धनराशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | गौवंशों के लिये भूसा (गेहूं) की आपूर्ति | आईटम दरें प्रति कुन्तल | 500 | 20000 | निविदा स्वीकृति से 31 मार्च 2026 तक |
| 2 | गौवंशों के लिये भूसा (मूंग) की आपूर्ति | आईटम दरें प्रति कुन्तल | | | |
| 3 | गौवंशों के लिये भूसा (मसूर) की आपूर्ति | आईटम दरें प्रति कुन्तल | | | |
| 4 | गौवंशों के लिये भूसा (धान) की आपूर्ति | आईटम दरें प्रति कुन्तल | | | |
| 5 | गौवंशों के लिये भूसा (प्याल) की आपूर्ति | आईटम दरें प्रति कुन्तल | | | |
| 6 | गौवंशों के लिये हरा चारा (गन्ना) की आपूर्ति | आईटम दरें प्रति कुन्तल | | | |
| 7 | गौवंशों के लिये हरा चारा (मक्का)की आपूर्ति | आईटम दरें प्रति कुन्तल | | | |
| 8 | गौवंशों के लिये हरा चारा (जई) की आपूर्ति | आईटम दरें प्रति कुन्तल | | | |
| 9 | गौवंशों के लिये हरा चारा (ज्वार) की आपूर्ति | आईटम दरें प्रति कुन्तल | | | |

(राजबाला देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद शिकारपुर
जनपद-बुलन्दशहर।

(नीतू देवी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद शिकारपुर
जनपद-बुलन्दशहर।


बैठक याचिका समिति ने प्रस्तुत प्रकरणो की बिन्दुवार की समीक्षा, अधिकारियो को दिये निर्देश

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद की याचिका समिति द्वारा जनपद मेरठ, बुलंदशहर व हापुड के अधिकारियो के साथ की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** विकास भवन सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की याचिका समिति के सभापति सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में जनपद मेरठ, बुलंदशहर व हापुड के अधिकारियो के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभापति द्वारा समिति के कार्य एवं उद्देश्यो से अवगत कराया गया।उन्होने बताया कि आमजनता द्वारा विकास एवं लोकमहत्व के कार्यों के संबंध में जनप्रतिनिधियो को अवगत कराया जाता है। ऐसे सभी कार्यों से संबंधित प्रकरणो को जनप्रतिनिधि द्वारा सदन के समक्ष याचिका के रूप में रखा जाता है, जिनके निस्तारण हेतु समिति द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है। समिति ने मेरठ, बुलंदशहर व हापुड तीनो जनपदो से संबंधित प्रकरणो की बिन्दुवार समीक्षा की।सभापति ने प्रस्तुत प्रकरणो की समीक्षा करते हुये कहा कि समिति द्वारा जो भी पत्र जनपद स्तर पर कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाते है उन प्रकरणो को प्राथमिकता पर लेते हुये अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। उन्होने कहा कि जो कार्य पूर्ण होने वाले है या पूर्ण हो गये है उनकी रिपोर्ट समिति को भेजते हुये अवगत कराया जाये। लंबित प्रकरणो का मौके पर सक्षम स्तर से जांच कर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। जनप्रतिनिधियो के माध्यम से आमजनमानस के विकास कार्यों के संबंध में जो भी प्रकरण/याचिका रखी गई है उनको प्राथमिकता दी जाये।सभापति ने कहा कि जनता की आशा, उम्मीद के अनुरूप प्राप्त याचिका, प्रकरणो/विकास कार्य को कराया जाये। उन्होने कहा कि समस्याओ का निदान अधिकारियो की प्राथमिकता में होना चाहिए, यदि कार्य अच्छा हुआ है तो उसका प्रस्तुतीकरण भी अच्छा होना चाहिए। निस्तारित प्रकरणो की अनुपालन आख्या समिति को समय से उपलब्ध कराई जाये जिससे लखनऊ में आयोजित समिति की बैठक में उक्त प्रकरणो को समाप्त किया जा सके। समिति ने कहा कि जनपद स्तर पर कार्य की प्रगति संतोषजनक है, शेष कार्य को पूर्ण कराते हुये कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।जिलाधिकारी डा0 वी0के सिंह ने सभापति को आश्वस्त करते हुए कहा कि समिति ने जो भी सुझाव/निर्देश दिये है उनका प्राथमिकता पर अनुपालन तथा लंबित प्रकरणो का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित कराया जायेगा।



# वाहन की टक्कर से छात्र हुआ घायल, लोगों ने चालक को सुनाई खरी खोटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** ओवरलोड वाहन ने आज सड़क किनारे चल रहे छात्र को टक्कर मार दी जिससे छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया ' लोगों ने वाहन चालक को घेर लिया घायल का इलाज कराने की सहमति पर मामला सुलट गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को स्टेशन रोड की तरफ से एक तिपहिया वाहन फ्रीज स्कूलर आदि सामान लेकर नगर की ओर आ रहा था' सामान की ऊंचाई काफी थी जैसे ही वाहन कुमार फिलिंग स्टेशन के नजदीक पहुंचा सड़क किनारे जा रहे छात्र को उसने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और वाहन को वही रोक लिया। देखने वालों का कहना था की छात्र कच्चे में अपनी साइड से जा रहा था लेकिन वाहन के चालक ने लापरवाही से चलते हुए उसको चोट पहुंचाई बाद में घायल का इलाज कराने की सहमति पर मामला सुलट गया।



# रोजगार वृद्धि के लिए भेड़ पालन व बकरी पालन के लिसे सरकार दे रही अनुदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ ।** उ0प्र0 सरकार प्रदेश में रोजगार वृद्धि करने के लिये बकरी/भेड पालन को बढ़ावा दे रही है। इसके लिये सरकार लोगों को बकरी/भेड़ पालन के लिये सब्सिडी देते हुए प्रोत्साहित कर रही है। भेड़ बकरी पालन योजनान्तर्गत कोई भी व्यक्ति लाभ ले सकता है। किसानों द्वारा पशुपालन कर अपनी आय दो गुनी की जा सकती है। विशेष कर कम लागत और कम श्रम से बकरी/भेड़ पालन लाभकारी है। भारत में बकरे की मांस की काफी मांग है। घरेलू बाजार में भी इसकी बहुत माँग है। अधिक आर्थिक लाभ के कारण बकरी/भेड़ पालन एक अच्छा व्यवसाय है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पशुपालन को बढ़ावा देते हुये पशुपालकों को अनुदान सहित कई सुविधायें दे रही है। प्रदेश के जनपद इटावा में भेड़ एवं बकरी पालन प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की गयी है। यह प्रशिक्षण केन्द्र प्रदेश में प्रथम स्थापित किया गया है। जनपद इटावा में राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत रू0425 लाख की लागत से यह केन्द्र निर्मित किया गया है। इस केन्द्र में 1200 बकरी/भेड़ पालकों/इच्छुक व्यक्तियों को वैज्ञानिक तरीकों से व्यावसायिक भेड़ एवं बकरी पालन का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसमें 30 आवासीय एवं 10 अनावसीय प्रशिक्षणार्थियों को एक बार में 5 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण दिये जाने की सुविधा है। इस वर्ष दिसम्बर 2024 तक लगभग 700 लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है। भेड़ एवं बकरी पालन प्रशिक्षण केन्द्र इटावा में भेड़ बकरी पालकों/पालन हेतु इच्छुक व्यक्तियों को नवीनतम तकनीक एवं आर्गेनिक विधि (इन्सेक्टीसाइड एवं एन्टीबायोटिक मुक्त) से भेड़ एवं बकरी पालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षणार्थियों को बकरियों में कृत्रिम गभार्धान की उपयोगिता की जानकारी देकर दुग्ध एवं मांस उत्पादकता में सुधार कर भेड़ एवं बकरी पालकों की आय में वृद्धि किया जा रहा है। प्रशिक्षणार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप दुग्ध एवं मांस के उत्पादन एवं सुव्यवस्थित विपणन की जानकारी दी जाती है। भेड़ एवं बकरी पालन के क्षेत्र में रोजगार सृजन कर भेड़ एवं बकरी पालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार किया जा रहा है। उद्यमिता विकास एवं कृषक संगठनों की मह×ा को दृष्टिगत रखते हुए भेड़ एवं बकरी पालकों/पालन हेतु इच्छुक व्यक्तियों को व्यावसयिक स्तर पर भेड़ एवं बकरी पालन हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। बकरी पालन योजनान्तर्गत प्रति बकरी इकाई (01 नर, 05 मादा बकरियां) उपलब्ध करायी जाती हैं। प्रति इकाई लागत रू045000/- है। जिसमें 90 प्रतिशत अनुदान स्वरूप रू0 40,500/- एवं 10 प्रतिशत रू04,500/- लाभार्थी द्वारा वहन किया जाता है। वि×ीय वर्ष 2024-25 में 739 बकरी पालन इकाइयों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो पूर्ण किया जा रहा है।बकरियों में कृत्रिम गभार्धान के प्रथम चरण 2023-24 में 35 जनपदों में 490 केन्द्रों के माध्यम से बकरियों में कृत्रिम गभार्धान किये जाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया है। अद्यतन माह नवम्बर, 2024 तक 11,025 लक्ष्य के सापेक्ष 4,148 कृत्रिम गभार्धान किया जा चुका है।

# आउटसोर्सिंग नियुक्ति में मनमानी का मुरादाबाद सहित 22 जिलों के सीएमओ पर आरोप, मुख्यमंत्री से की शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक के आदेश के बाद भी कोविड कर्मियों का समायोजन नहीं किया जा रहा है। विभिन्न जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) पुराने कर्मियों को हटाकर नए कर्मियों की भर्ती कर रहे हैं।इस संबंध में संयुक्त स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। भेजे गए ज्ञापन में बताया गया कि मुरादाबाद, रामपुर, अमेठी, मैनपुरी, कानपुर देहात, प्रतापगढ़, आंबेडकर नगर, फरुर्खाबाद, रायबरेली, शामली, बिजनौर, गोंडा, भदोही, मऊ, इटावा, चंदौली, गाजियाबाद, बुलंदशहर, देवरिया, बदायूं, मेरठ, सुल्तानपुर जिले के सीएमओ द्वारा नए तरीके से भर्ती की जा रही है।जबकि इन जिलों में पहले से कार्य कर रहे कोविड कर्मियों को समायोजित नहीं किया जा रहा है। यही वजह है कि विभिन्न जिलों में कर्मियों द्वारा आंदोलन शुरू किया गया है।

# छुट्टी से लेकर एसीआर तक एक अप्रैल से ऑनलाइन देना अनिवार्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मियों के लिए 1 अप्रैल से मानव संपदा पोर्टल पर ही एपीआर (वार्षिक संपत्ति विवरण) और एसीआर (वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट) ऑनलाइन भरना और छुट्टी के लिए आवेदन करना अनिवार्य कर दिया है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

आदेश में कहा गया है कि 17 जनवरी को शासनादेश जारी करते हुए इसे अनिवार्य किया गया था। इसके बाद भी देखने में आया है कि इसका पालन अनिवार्य रूप से नहीं किया जा रहा है। इसीलिए 1 अप्रैल से मानव संपदा पोर्टल पर सर्विस बुक भरना, छुट्टी, वार्षिक संपत्ति विवरण (एपीआर), वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर), वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर), वेतन आहरण, कार्यमुक्ति व कार्यग्रहण करने का काम अनिवार्य रूप से ऑनलाइन किया जाएगा।

# कांठ सहित विभिन्न थाना क्षेत्र से चार लड़कियां लापता, केस दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चार किशोरियां लापता हो गईं। कटघर, मझोला, कांठ और डिलारी थाने में परिजनों ने बहला फुसलाकर अपहरण कर ले जाने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। कटघर क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने कटघर थाने में तहरीर दी। बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी 16 मार्च को घर से बिना बताए कहीं चली गई। पिता ने कटघर के गोविंद नगर निवासी रोहित के खिलाफ केस दर्ज कराया है। दूसरा मामला मझोला क्षेत्र का है।

15 वर्षीय किशोरी 10 मार्च को लापता हो गई। मामले में फरजान नाम के युवक पर केस दर्ज किया है। वहीं कांठ क्षेत्र निवासी किसान ने बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने में कांठ के भैसली जमालपुर निवासी संजय के खिलाफ पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# संकुल शिक्षकों की मासिक बैठक: नए शिक्षा सत्र में ज्यादा से ज्यादा बच्चों का नामांकन करने का लिया संकल्प, वार्षिक कैलेंडर का हुआ वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** शासन के निर्देश पर मंगलवार को मौढी हजरतपुर न्याय पंचायत पंचायत संकुल शिक्षकों की मासिक बैठक कंपोजिट विद्यालय भागी जोत में आयोजित की गई' बैठक में शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और आगामी शिक्षा सत्र में ज्यादा से ज्यादा बच्चों का नामांकन करने का संकल्प लिया गया ' आज आयोजित बैठक में संकुल शिक्षक शमीम अहमद,संदीप पवार,,भुवनेश कुमारी एवं प्रियंका चौधरी आदि ने विचार व्यक्त किए ' बैठक में रोचक गतिविधि, चैलेंज देश के नाम, पहेली में ढूंढो सब्जियों के नाम, पाउज, रिफ्रेश और रिफ्लेक्ट के साथ शैक्षिक सत्र 2024- 2025 का मुख्य गोल क्या था और अपने कक्ष अनुभवों पर सोचे किन चीजों का सकारात्मक प्रभाव पड़ा, सत्र 2024 -25 की उपलब्धियां, चुनौतियां क्या थी एवं चुनौतीयो को दूर करने का विशेष प्रयास, . वार्षिक परीक्षा की तैयारी पर चर्चा की गई' बैठक में 31 मार्च 2025 में सेवानिवृत शिक्षक नरेंद्र सिंह (प्राथमिक विद्यालय पेली विश्नोई) को शुभकामना दी गई' उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान,जुबेर अहमद एवं शमीम अहमद के द्वारा सत्र 2025 का वार्षिक कैलेंडर सभी शिक्षकों को वितरित किया गया।



# इस बार आठ दिनों का होगा नवरात्र, 6 अप्रैल को मनाई जाएगी रामनवमी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवरात्र की शुरूआत हो रही है। 30 मार्च को शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र व हिंदू नववर्ष के राजा और मंत्री सूर्य हैं। यह संयोग 10 साल बाद बन रहा है। काशी में चैत्र नवरात्र में नौ दुर्गा और नौ गौरी की पूजा का विधान है। मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का पूजन और आराधना शुरू होगी। पंचमी तिथि का लोप होने के कारण इस बार नवरात्र नौ की जगह आठ दिन का ही होगा। ज्योतिषाचार्य दैवज्ञ कृष्ण शास्त्री के मुताबिक चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवरात्र की शुरूआत होगी। पंचांग के अनुसार, चैत्र महीने की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरूआत 29 मार्च को शाम 4.27 बजे से होगी और तिथि का समापन 30 मार्च को दोपहर 12.49 बजे होगा। नववर्ष को कालयुक्त संवत्सवर के नाम से जाना जाएगा। वैशाख कृष्णपक्ष तृतीया 15 अप्रैल से नए संवत्सर सिद्धार्थ की शुरूआत होगी, लेकिन संपूर्ण वर्ष कालयुक्त संवत्सर ही मान्य रहेगा।



इस वर्ष के राजा सूर्य हैं और नवरात्र की शुरूआत भी रविवार से रही है। यह एक दिव्यतम संयोग का निर्माण कर रहा है। कलश स्थापना के लिए सुबह से दोपहर तक का मुहूर्त मिलेगा। ज्योतिषाचार्य दैवज्ञ कृष्ण शास्त्री के मुताबिक नौ दिनों के नवरात्र में पंचमी तिथि का लोप होने के कारण आठ दिन का ही व्रत और पूजन होगा। अष्टमी तिथि का व्रत पांच अप्रैल और संधि पूजन छह अप्रैल को होगा। नवमी तिथि और नवरात्रि का समापन छह अप्रैल को होगा। श्रीराम जन्मोत्सव भी छह अप्रैल को मनाया जाएगा।

# पीएम श्री विद्यालय में मेरी त्रुटियां मेरी सीख कार्य पुस्तिका पर कार्यक्रम आयोजित किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बैठक में दो पीएम श्री विद्यालय के अध्यापकों को अनुपस्थित रहने को लेकर वेतन रोकने का निर्देश दिया पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय अतरासी में ईट राइट स्कूल कार्यशाला योजना के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया**

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** विकासखंड पंवासा के गांव अतरासी में संभल जिले की सभी पीएम श्री विद्यालयों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मेरी त्रुटियां मेरी सीख कार्य पुस्तिका ई टाइट नवाचार की प्रगति पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पीएम श्री के विद्यालयों के प्रधानाचार्य और ग्राम पंचायत सचिव व खंड विकास अधिकारी ग्राम प्रधान सभी मौजूद रहे जिलाधिकारी ने पीएम श्री विद्यालयों प्रधानाचार्यों व ग्राम प्रधान को विद्यालय में अपूर्ण पड़े कार्यो को गुणवत्ता पूर्वक जल्द करने के निर्देश दिए विद्यालय में सभी कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराए जाएं बैठक में दो पीएम श्री विद्यालय के अध्यापकों को अनुपस्थित रहने को लेकर वेतन रोकने का निर्देश दिया पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय अतरासी में ईट राइट स्कूल कार्यशाला योजना के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिन विद्यार्थियों ने प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया उन्हें जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया इस दौरान बीएससी अलका शर्मा सीडीओ गोरखनाथ भट्ट खंड विकास अधिकारी गुन्नौर अजीत सिंह खंड शिक्षा अधिकारी मुंशीलाल पटेल सहायक विकास अधिकारी अशोक कुमार त्यागी ग्राम पंचायत सचिव व विद्यालय स्टाफ मीरा यादव शेखर राघव पहलाद यादव और सभी पीएम श्री विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# सिपाही की आत्महत्या में दो पुलिस कर्मियों एवं होमगार्ड के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सिपाही अमित कुमार की आत्महत्या के मामले में हेड कांस्टेबल कयास अहमद, कांस्टेबल भानू प्रताप और होमगार्ड शमीम अहमद के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सिपाही के पिता का आरोप है कि तीन लोगों के उत्पीड़न से तंग आकर उनके बेटे ने आत्महत्या की है।दोनों पुलिस कर्मी और होमगार्ड शमीम अहमद अमित के साथ ही यूपी 112 की पीआरवी पर तैनात थे। अमरोहा जिले के रजबपुर थाना क्षेत्र के अटेरना गांव निवासी अमित कुमार यूपी पुलिस में 2016 में अमित कुमार सिपाही पद पर भर्ती हुए थे। उनकी मुरादाबाद में ड्यूटी यूपी 112 पीआरवी पर चल रही थी। वह मझोला थाना क्षेत्र के लाइन पार प्रकाशनगर में चंद्र प्रकाश के मकान की ऊपरी मंजिल पर किराये पर रहते थे, जबकि पत्नी संतोष और दो बेटे ऋषभ व अंशुल अमरोहा के गजरौला में रहते हैं। रविवार सुबह अमित ने रस्सी से फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस और फोरेंसिक टीम को मौके से एक सुसाइड नोट मिला था। जिसमें अमित कुमार ने अपने साथी पुलिस कर्मियों पर उत्पीड़न करने और विभागीय कार्रवाई कराने की धमकी देकर परेशान कर रहे थे। सिपाही के पिता सोमपाल ने हेड कांस्टेबल कयास अहमद, कांस्टेबल भानू प्रताप और होमगार्ड शमीम अहमद के खिलाफ आत्महत्या के उकसाने में केस दर्ज कराया है। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# आज से शुरू होगा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन, 2334 परीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से 19 मार्च से उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य शुरू किया जाएगा। ड्यूटी में लगे शिक्षकों को मंगलवार को प्रशिक्षण दिया गया। डीआईओएस का कहना है कि व्यवस्थाओं से संबंधित तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य दो अप्रैल तक चलेगा। बोर्ड की ओर से हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं के लिए पारकर इंटर कॉलेज, आरएन इंटर कॉलेज, हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है।

इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज और जीजी हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज में किया जाएगा। इसके लिए पांचों केंद्रों पर 2334 परीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। मूल्यांकन कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उत्तर पुस्तिकाओं के स्ट्रांग रूम से निकलने से लेकर मूल्यांकन के बाद जमा करने तक के सारे क्रियाकलाप सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होंगे।डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय के अनुसार हर मूल्यांकन केंद्र पर परीक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों के परिचय पत्र बनाए गए हैं। इन परीक्षकों को मूल्यांकन केंद्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा किसी भी बाहरी व्यक्ति को केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मूल्यांकन कार्य की निगरानी डीआईओएस कार्यालय से भी होगी। यहां पर सुबह दस से शाम पांच बजे तक शिफ्ट बनाकर शिक्षकों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# रमजान के आखिरी अशरे का एतिकाफ करना सुन्नत है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के. भारती सैफी)।** उलेमाओं ने कि बताया रमजान उल मुबारक की बरकतों के तो क्या कहने इसकी हर हर घड़ी रहमत भरी है मगर इस माहे मुबारक में शबे कद्र सबसे ज्यादा अहमियत की हामिल है इसकी फजील्लत कौन नहीं जानता इसे पाने के लिए हमारे प्यारे आका

**दस दिन का एतिकाफ करने वाले को दो हज और दो उमरे का सवाब मिलेगा**

मदीने वाले मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने पूरा महीना भी एतिकाफ फरमाया है और आखिरी दस दिन तो आपने कभी तर्क नहीं फरमाये, यूं तो एतिकाफ के बेशुमार फजाइल हैं मगर दीवानों के लिए तो इतनी सी बात काफी है की आखिरी अशरे का एतिकाफ हमारे प्यारे आका सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की प्यारी और निहायत ही चहीती सुन्नत है। नबी ए पाक ने इरशाद फरमाया जो शख्स खालिस नियत से बगैर रिया और बिना शोहरत के एक दिन का एतिकाफ करेगा उसको हजार रातों की शब बैदारी का सवाब मिलेगा और उसके और जहन्नम के दरमियान फासला 500 बरस की राह होगा एक और इरशाद फरमाया जिसने रमजान उल मुबारक में दस दिन का एतिकाफ किया तो ऐसा है जैसे दो हज दो उमरे किये एतिकाफ की तीन किस्में हैं एतिकाफ वाजिब, (यानी मन्नत वाला)दुसरा एतिकाफ सुन्नत,तीसरा एतिकाफ नफ्ल,दस दिन के एतिकाफ में कब बेठें इस एतिकाफ में यह जरूरी है कि रमजान मुबारक की 20 वीं तारीख मगरिब से पहले पहले मस्जिद के अंदर दाखिल हो जाएं और ईद का चांद देखने के बाद मस्जिद से बाहर निकलें एतिकाफ की नियत नियत दिल के इरादे को कहते हैं अलबत्ता जबान से कह लेना ज्यादा बेहतर है नियत इस तरह करें में रमजान मुबारक के आखिरी अशरे के एतिकाफ की नियत करता हूं।



# निबंध प्रतियोगिता में आध्या विश्नोई ने प्रथम स्थान प्राप्त कर कांठ का नाम किया रोशन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर के सरस्वती शिशु मन्दिर जूनियर हाई स्कूल में मंगलवार को आयोजित एक समारोह में विद्या भारतीय अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा भाजित अखिल भारतीय छाए निबन्ध प्रतियोगिता सत्र 2024-25 में कक्षा-चतुर्य की बहन आध्या विश्नोई पुत्री सौरभ कुमार को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया' आध्या बिश्नोई ने प्रथम स्थान प्राप्त कर कांठ का नाम रोशन किया है 'इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंध समिति के कृष्ण गोपाल सहगल (अध्यक्ष), डा० ओमराज सिंह विश्नोई (पूर्व अध्यक्ष), संजीव गुप्ता (उपाध्यक्ष), प्रेम कुमार भार्गव (व्यवस्थापक), अभय कुमार विश्नोई (सहव्यवस्थापक), विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यपाल सिंह ने बालिका को शील्ड व नगद रुपए देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक महेन्द्र , राम कुंवर , समुन्द्र सैन, मुकेश , अनुराधा , दयावती , गीता, उपस्थित रहे। सभी ने बालिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# मुरादाबाद के 15854 वाहन मालिकों पर 38 करोड़ का टैक्स बकाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** जनपद की सड़क पर बिना टैक्स अदा किए 15 हजार से अधिक वाहन दौड़ रहे हैं। इन वाहनों पर करीब 38 करोड़ रुपये का टैक्स बकाया है। परिवहन विभाग की ओर से इन सभी को नोटिस जारी किया गया है। जल्द ही बकाया टैक्स की वसूली को लेकर अभियान चलाया जाएगा।

परिवहन विभाग ने जिले में 16905 ऐसे व्यावसायिक वाहन चिह्नित किए हैं, जिनका टैक्स जमा नहीं है। इनमें से करीब आधे वाहन ऐसे हैं जिन पर एक साल से अधिक का टैक्स बकाया है। आरटीओ कार्यालय से इन वाहन मालिकों को समय-समय पर नोटिस भी जारी की गई। इसके बाद भी यह वाहन स्वामी बकाया टैक्स जमा करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि नोटिस और चेकिंग अभियान के दौरान पकड़े जाने पर इनमें से 1051 वाहनों के मालिकों से 2.27 करोड़ रुपये का बकाया टैक्स जमा करा लिया गया है।इसके बाद भी जिले में अभी 15854 वाहन पर करीब 38 करोड़ रुपये का टैक्स बकाया है। उन्होंने बताया कि बकाया टैक्स वसूली को लेकर संबंधित वाहनों के मालिकों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। सभी अधीनस्थ अधिकारियों से चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों से टैक्स जमा कराने को कहा गया है।

**खिताबी जंग** | तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से टीएमयू इंटरकॉलिजिएट चैंपियनशिप-2025

# टीएमयू के फिजिकल और सीसीएसआईटी कॉलेजों में होगी क्रिकेट की खिताबी जंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से आयोजित टीएमयू इंटरकॉलिजिएट चैंपियनशिप-2025 में क्रिकेट का खिताबी मुकाबला सीसीएसआईटी और फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के बीच होगा। सीसीएसआईटी-मैनेजमेंट कॉलेज और फिजिकल एजुकेशन-लॉ कॉलेज की टीमों के बीच सेमीफाइनल्स में कांटे की टक्कर रही। सीसीएसआईटी कॉलेज ने मैनेजमेंट कॉलेज को 36 रनों, जबकि फिजिकल एजुकेशन ने लॉ कॉलेज को 38 रनों से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। पहले सेमीफाइनल में मैनेजमेंट की टीम ने टॉस जीता और पहले बॉलिंग चुनी। सीसीएसआईटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 157 रन बनाए। सीसीएसआईटी के कप्तान प्रियांशु चौहान ने 29 गेंदों में 31 रनों की कप्तानी पारी खेली। सीसीएसआईटी के बल्लेबाजों- सुशांत सिंह ने 20 गेंद में 29 रन और रॉकी राजपूत ने 15 गेंद में 27 रनों बनाकर टीम के स्कोर को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। सीसीएसआईटी के गेंदबाज आदर्श चौबे ने 2.3 ओवर में 25 रन देकर सर्वाधिक 03 विकेट चटकाए तो निखिल सक्सेना ने 04 ओवर में 20 रन देकर 02 विकेट लिए। 158 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मैनेजमेंट की टीम 19.3 ओवर में 121 रनों पर ही ढेर हो गई। मैनेजमेंट की ओर से बल्लेबाज वंश भाटिया ने 46 गेंदों में 55 रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेली। कप्तान खेर शर्मा ने भी 20 गेंद में 16 रनों का योगदान दिया। मैनेजमेंट की ओर से विपुल कुमार सबसे सफल गेंदबाज रहे। विपुल ने 04 ओवर में मात्र 15 रन देकर 02 विकेट चटकाए।

**सीसीएसआईटी के कप्तान प्रियांशु ने 29 गेंदों में 31 रनों की कप्तानी पारी खेली**





फिजिकल एजुकेशन-लॉ कॉलेज के सेमीफाइनल में फिजिकल कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग की। पहले बल्लेबाजी करते हुए फिजिकल कॉलेज ने निर्धारित 20 ओवर में 179 रन बनाए। फिजिकल एजुकेशन की ओर से बल्लेबाज ईशान जैन ने 46 गेंदों में सर्वाधिक 55 रन बनाए, जबकि कप्तान अंकित कुमार ने 21 गेंदों में 29 रनों का योगदान दिया। फिजिकल एजुकेशन के गेंदबाज प्रत्युष वर्मा ने 04 ओवर में 22 रन देकर 03 विकेट चटकाए। लॉ कॉलेज की टीम निर्धारित 20 ओवर में 07 विकेट खोकर 142 रन ही बना सकी। लॉ कॉलेज के बल्लेबाज नमन ने 19 गेंद में सर्वाधिक 22 रन बनाए। गेंदबाज मो. शुऐब ने 04 ओवर में 31 रन लुटाकर 05 विकेट भी झटके। प्रतियोगिता के दौरान फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा, श्री तौहीद अख्तर, श्री शैलेन्द्र सिंह, श्री योगेश गुप्ता, श्री अनुज राघव आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। मैच में श्री शिवम कुमार, श्री विवेक शर्मा, श्री शेखर राघव, श्री जय राजपूत आदि ने अम्पायर की भूमिका निभाई।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निमार्ता अनंत महादेवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्रतीक गांधी महात्मा ज्योतिराव फुले और पत्रलेखा उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले की भूमिका में नजर आएंगे। जी स्टूडियोज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म के घोषणा पोस्टर को कैप्शन के साथ शेयर किया है



# प्रतीक गांधी और पत्रलेखा की फिल्म फुले को मिली रिलीज तारीख

भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की इस जयंती पर डांसिंग शिवा फिल्म्स, किंग्समेन प्रोडक्शंस और हम 11 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में फिल्म फुले की दुनिया भर में रिलीज कर रहे हैं, जो ज्योतिराव फुले की 197 वीं जयंती है। फिल्म फुले में प्रतीक गांधी और पत्रलेखा अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म भारतीय सामाजिक सुधार आंदोलन के दो प्रमुख व्यक्तियों महात्मा ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन और विरासत की कहानी को दर्शाएगी।

प्रतीक गांधी और पत्रलेखा की बहुप्रतीक्षित फिल्म फुले को आखिरकार रिलीज की तारीख मिल गई है। समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले के जीवन और कार्यों पर आधारित यह फिल्म इस साल 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिलीज की तारीख ज्योतिराव की 197वीं जयंती के साथ भी मेल खाती है।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निमार्ता अनंत महादेवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्रतीक गांधी महात्मा ज्योतिराव फुले और पत्रलेखा उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले की भूमिका में नजर आएंगे। जी स्टूडियोज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म के घोषणा पोस्टर को कैप्शन के साथ शेयर किया है और लिखास भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की इस जयंती पर, डांसिंग शिवा फिल्म्स, किंग्समेन प्रोडक्शंस और हम 11 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में फिल्म फुले की विश्वव्यापी रिलीज की घोषणा करने के लिए एक साथ आ रहे हैं, जो ज्योतिराव फुले की 197वीं जयंती का प्रतीक है।

यह फिल्म महात्मा ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले की प्रेरणादायक सफर को दशार्ती है, जिनके भारत में शिक्षा और सामाजिक समानता के क्षेत्र में किए गए काम ने एक स्थायी विरासत छोड़ी है।

सावित्रीबाई फुले के रूप में अपनी भूमिका पर पत्रलेखा ने अपनी खुशी जाहिर की और कहा, मैं इस फिल्म में सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। ज्योतिराव फुले के साथ, उन्होंने भारत में आधुनिक शिक्षा और सामाजिक समानता की नींव रखी। आज उनकी जयंती पर, हम फुले की रिलीजा का एलान करें। मैं रोमांचित हूं कि दर्शक जल्द ही बड़े पर्दे पर उनकी प्रेरणादायक सफर देख सकेंगे।

भारतीय इतिहास की महान समाज सुधारक सावित्रिबाई फुले का जन्म आज ही के दिन 1831 में महाराष्ट्र के सतारा जिले के नायगांव में हुआ था। सावित्रिबाई ने 1848 में पुणे के भिड़े वाड़ा में देश का पहला गर्ल्स स्कूल खोला था।

सावित्रिबाई फुले ने पुरुष प्रधान समाज का विरोध करते हुए घर-घर जाकर लोगों को बच्चियों को पढ़ाने के लिए प्रेरित किया। 10 मार्च 1897 को सावित्रिबाई का प्लेग की वजह से निधन हो गया था।

# साई-फाई सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म बैदा का टीजर जारी, तुम्बाड को भूल जाएंगे

सुधांशु राय बेहद यूनिक तरह की साई-फाई सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म बैदा लेकर आ रहे हैं। इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है और दर्शकों द्वारा बेहद पसंद किया जा रहा है। यह फिल्म साइंस-फिक्शन है जिसे प्राचीन भारतीय मान्यताओं से लिंक किया गया है। टीजर की शुरूआत भगवद गीता के श्लोक से होती है जिसका मतलब है कि आत्मा अमर है, अनश्वर है। लगभग 1 मिनट 42 सेकेंड लंबे टीजर में फिल्म बैदा के मुख्य नायक और कहानीकार-अभिनेता सुधांशु राय को एक मायावी अंधेरी दुनिया में फंसते और एक शैतानी शक्ति का मुकाबला करते देखा



जाएगा। पुनीत शर्मा द्वारा बनाई गई बैदा असल में भ्रम यानी माया की कहानी है जिसमें एक गांव का शख्स मृत्यु और समय के चक्र में अपनी जिंदगी के लिए द्वन्द करता है। घने जंगलों के बीच आग के सामने बैठा एक इंसान सारंगी बजा रहा है और यह बताता है की सामने का जंगल एक अजीब चादर ओढ़े बैठा है। टीजर के मुताबिक फिल्म बैदा भारतीय दर्शकों को पूरी तरह से एक फ्रेश और अनएक्सपेक्टेड कहानी पेश करने के लिए तैयार है। इसमें हितेन तेजवानी और सौरभ राज जैन जैसे कलाकार अपनी पिछली भूमिकाओं के विपरीत किरदार निभा रहे हैं।

फिल्म के निर्देशक पुनीत शर्मा ने कहा- 'बैदा एक दिलचस्प और आकर्षक कहानी का मिश्रण है जिसमें शक्तिशाली किरदार हैं जो सिने दर्शकों पर खास छाप छोड़ेंगे। यह एक एंटरटेनिंग फिल्म है जो सभी आयु वर्ग के दर्शकों को लुभाएगी। बैदा की कहानी दर्शक सिनेमाघरों से वापस अपने घर तक ले जाएंगे। हम फर्स्ट लुक और टीजर दोनों को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के लिए दर्शकों को तहेदिल से धन्यवाद देते हैं। उनके प्यार से हम इतने अभिभूत हैं कि 21 मार्च को सिनेमाघरों में उनसे मिलने का इंतजार तक नहीं कर पा रहे।इ

फिलहाल तो इस फिल्म के टीजर ने फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। बैदा को कंतारा-फेम प्रतीक शेट्टी ने संपादित किया है। इसके कलाकारों में सुधांशु राय के साथ शोभित सुजय, मनीषा राय, हितेन तेजवानी, तरुण खन्ना, अखलाक अहमद आजाद और सौरभ राज जैन शामिल हैं। पैनोरमा स्टूडियो द्वारा वितरित बैदा साल 2025 की उन फिल्मों में से एक है जो किसी सरप्राइज पैकेज से कम नहीं है।

# भूल चूक माफ टीजर जारी, तारीख 29 या 30, राजकुमार-वामिका गब्बी की शादी में ग्रहण बना गमला

राजकुमार राव एक बार फिर मैडॉक फिल्म्स के साथ मिलकर अपने फैंस और दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है. इस बार राजकुमार राव और दिनेश विजान एक टाइम-लूप स्टोरी लेकर आए हैं, जिसे देख दर्शक अपनी हंसी रोक नहीं पाएंगे. इस कॉमेडी फिल्म का नाम भूल चूक माफ है. मेकर्स ने फिल्म का पहला टीजर जारी किया है, जो काफी मजेदार है.

मंगलवार को मैडॉक फिल्म्स ने भूल चूक माफ का टीजर सोशल मीडिया पर जारी किया है और कैप्शन में लिखा है, दिन है उनतीस या तीस? फर्क है बस उन्नीस-बीस. पर ये है क्या मसला? जानिए 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में, तब तक भूल चुक माफ हो. दिनेश विजन प्रेजेंट करते हैं राजकुमार राव और वामिका गब्बी स्टारर भूल चूक माफ, जिसका निर्देशन और लेखन करण शर्मा ने किया है.

भूल चूक माफ का टीजर की शुरूआत बनारस (उत्तर प्रदेश) के मशहूर घाट दशाश्वमेध घाट से होती है. इसके बाद टीजर में राजकुमार राव और वामिका गब्बी के परिवार वाले दोनों की शादी की तारीख पर चर्चा करते हैं, जिसके बाद दोनों की शादी के लिए 30 तारीख तय की जाती है. इसके बाद फिल्म के कुछ सीन लव आज कल (2009) के मशहूर गाने चोर बाजारी के साथ दिखाया जाता है.

राजकुमार-वामिका अपनी शादी से पहले के खास पलों को एंजॉय करते नजर आते हैं. इस बीच दोनों की शादी की रस्मों की झलक दिखाई जाती है. राजकुमार का परिवार हल्दी की रस्मे करता है. इस दौरान राजकुमार अपनी हीरोइन से कहते हैं, बस आज की रात है तितली, कल तुम मेरी धर्मपत्नी बन जाओगी. तभी एक गमला ऊपर नीचे गिरता है और शाम ढलती है.

अगली सुबह राजकुमार जब जगते हैं तो देखते है कि फिर से हल्दी की रस्म की तैयारी हो रही है. वह अपनी मम्मी से कहते हैं कि वो फिर से हल्दी में लग गई. हल्दी की रस्म हो चुकी है. इस पर उनकी मां कहती हैं कि आज 29 तारीख है, कल 30 है. कल की बारात है. इसके बाद एक बार फिर गमला गिरता है और यहां से



शुरू टाइम-लूप का सिलसिला शुरू हो जाता है. अब देखना मजेदार होगा कि क्या राजकुमार राव इस टाइम-लूप से बाहर आ पाते हैं और अगर हां, तो कैसे?

करण शर्मा ने भूल चूक माफ को डायरेक्ट किया है. जबकि दिनेश विजन ने फिल्म के प्रोड्यूसर हैं. राजकुमार और वामिका पहली के बीच पहली बार स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे. टाइम-लूम वाली यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होगी। बता दें, भूल चूक माफ मैडॉक फिल्म्स की इस साल की तीसरी फिल्म होगी. इससे पहले प्रोडक्शन हाउस ने स्काई फोर्स और विक्की कौशल-रश्मिका मंदाना की हिस्टोरिकल ड्रामा छावा रिलीज की. ये दोनों फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. उम्मीद है कि राजकुमार राव-वामिका गब्बी स्टारर कॉमेडी भूल चूक माफ को भी दर्शकों से खूब प्यार मिलेगा।

# बेलमकोंडा साईं श्रीनिवास, नारा रोहित अभिनीत बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर भैरवम का दमदार टीजर रिलीज

बेलमकोंडा साईं श्रीनिवास, मनोज मांचू और नारा रोहित अभिनीत बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर भैरवम का दमदार और शानदार टीजर रिलीज हो गया है। विजय कनकमेडला द्वारा निर्देशित और श्री सत्य साईं आर्ट्स के केके राधामोहन द्वारा निर्मित इस फिल्म में अदिति शंकर, आनंदी और दिव्या पिल्लई भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। टीजर पकाला ने अपने शानदार स्कोर से अनुभव को और भी बेहतर बना दिया है।

बेल्लमकोंडा साईं श्रीनिवास एक कच्चे, देहाती लुक में चमकते हैं और एक सम्मोहक प्रदर्शन देते हैं, खासकर अंतिम क्षणों में जो उनके चरित्र की प्रतिभा को प्रदर्शित करते हैं। मनोज मांचू और नारा रोहित



की शुरूआत एक महिला की आवाज से होती है, जो बेलमकोंडा साईं श्रीनिवास के चरित्र द्वारा उसके सपनों में की गई हिंसा का वर्णन करती है, और उसके कार्यों के लिए उसकी तुलना भगवान कृष्ण से करती है।

कहानी एक वाराही मंदिर और तीन दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनकी भूमिका बेलमकोंडा साईं श्रीनिवास, मनोज मांचू और नारा रोहित ने निभाई है, जो एक-दूसरे के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। टीजर में फिल्म की कहानी को दशार्या गया है, जिसमें मुख्य किरदारों और केंद्रीय संघर्ष का परिचय दिया गया है। श्री सत्य साईं आर्ट्स के शानदार प्रोडक्शन वैल्यू और हरि के वेदांतम के शानदार कैमरा वर्क के साथ, टीजर देखने लायक है। संगीत निर्देशक श्री चरण भी उग्र, गतिशील भूमिकाएँ निभाते हैं, और टीजर प्रभावी रूप से उनकी दोस्ती की ताकत पर जोर देता है। अपने हाई-ऑक्टेन टीजर के साथ, भैरवम ने एक उच्च मानक स्थापित किया है और इसकी नाटकीय रिलीज के लिए बड़ी प्रत्याशा पैदा की है।

फिल्म के तकनीकी दल में संपादक के रूप में छोटा के प्रसाद, प्रोडक्शन डिजाइनर के रूप में ब्रह्मा कदली और संवाद लेखक के रूप में सत्यर्षि और टूम वेंकट शामिल हैं। अपने प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रू के साथ, भैरवम एक एक्शन से भरपूर और नेत्रहीन आश्चर्यजनक फिल्म होने का वादा करती है। टीजर ने पहले ही चर्चा पैदा कर दी है, और प्रशंसक फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# एक बार फिर दुश्मनों को तोड़ने आए सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ से करेंगे दो-दो हाथ, हंटर 2 का टीजर जारी

बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी एक्शन थ्रिलर सीरीज हंटर के दूसरे सीजन के साथ अपनी वापसी करने के लिए तैयार हैं। इसकी शूटिंग शुरू हो गई है। हाल ही में अभिनेता ने शूटिंग की एक झलक साझा की, जिसने दर्शकों को उत्साहित कर दिया है। वहीं अब, निमार्ताओं ने भी सीरीज के दूसरे सीजन का अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दिया है।

हंटर सीरीज को दर्शकों ने खूब प्यार दिया था। वहीं, अब फैंस हंटर 2 के लिए तैयार हैं। ऐसे में ओटीटी चैनल के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने हंटर टूटेगा नहीं तोड़ेगा के सीजन 2 की भी घोषणा की। इस आकर्षक प्रमोशनल वीडियो में सुनील शेट्टी को एक दमदार अवतार में दिखाया गया है, जिसमें जैकी श्रॉफ भी अहम भूमिका में हैं। वीडियो साझा करते हुए ओटीटी प्लेटफॉर्म ने सीरीज का टीजर वीडियो साझा करते हुए लिखा, हंटर वापस आ गया है...याद है ना, यह




टूटेगा नहीं, तोड़ेगा। हंटर सीजन 2, जल्द ही अमेजन एमएक्स प्लेयर पर आ रहा है। हालांकि, निमार्ताओं ने अभी सीरीज की आधिकारिक रिलीज डेट का एलान नहीं किया है, लेकिन यह शो इसी साल दर्शकों का मनोरंजन करेगा।वहीं, बात करें सीरीज के कलाकारों की तो सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ के साथ हंटर 2 में बरखा बिष्ट, अनुषा दांडेकर भी हैं। सीरीज के निमार्ता विक्रम मेहरा और सिद्धार्थ आनंद कुमार हैं। सीरीज का निर्माण सारेगामा इंडिया, यूडली फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। प्रिंस धीमान और आलोक बत्रा द्वारा निर्देशित इस सीरीज को खुश मलिक, अली हाजी और वीर ने मिलकर लिखा है।

# मोहनलाल की एल2 : एम्पुरान को सेंसर बोर्ड ने यू/ए सर्टिफिकेट के साथ रिलीज करने की मंजूरी दी

मलयालम स्टार मोहन लाल की एल2-एम्पुरान फिल्म प्रेमियों के बीच काफी दिलचस्पी पैदा कर रही है क्योंकि यह फिल्म ब्लॉकबस्टर फिल्म गॉडफादर की अगली कड़ी है। फिल्म 27 मार्च 2025 को शानदार रिलीज के लिए तैयार है। इस बीच, फिल्म के सेंसर विवरण और रनटाइम के बारे में रिपोर्ट आ रही हैं।

अंदरूनी चर्चा है कि फिल्म ने अपनी सेंसर औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं और उसे यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है और चर्चा है कि फिल्म का रनटाइम 3 घंटे से अधिक हो गया है। यह काफी लंबा है और हालांकि,





निमार्ताओं की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। पृथ्वीराज सुकुमारन इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं, जिसमें टोविनो थॉमस, इंद्रजीत सुकुमारन, मंजू वारियर, सानिया इयप्पन, साई कुमार और सचिन खेडेकर अहम भूमिका में हैं। फिल्म का निर्माण लाइका प्रोडक्शंस और आशीर्वाद सिनेमा द्वारा भव्य और प्रतिष्ठित तरीके से किया गया है। दीपक देव संगीत निर्देशक हैं, जबकि सुजीत वासुदेव सिनेमैटोग्राफर हैं और अखिलेश मोहन फिल्म के संपादक हैं।

# कश्मीर के दुश्मन...अमेरिका-ब्रिटेन का नाम लेकर इतना क्यों भड़क गए जयशंकर?

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रायसीना डॉयलाग के दूसरे दिन पाकिस्तान का बिना नाम लिए जमकर निशाना साधा। उन्होंने सबसे पहले पीओके का जिक्र किया और बताया कि कैसे कुछ बड़े देशों ने पाकिस्तान की ओर से किए गए आक्रमण को विवाद में बदल दिया। जयशंकर ने कहा कि हम सभी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की बात करते हैं। हम सभी इस बात पर सहमत हैं कि ये एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है। ये वैश्विक नियमों का आधार है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद किसी अन्य देश द्वारा सबसे लंबे समय तक चलने वाला अवैध मैं कहूंगा कि उपस्थिति किसी क्षेत्र पर कब्जा भारत से संबंधित है। डॉ. जयशंकर ने कहा कि हमने कश्मीर में जो देखा है। हम संयुक्त राष्ट्र तक गए। जो आक्रमण था उसे विवाद में बदल दिया गया। हमलावर और पीड़ित को बराबर रखा गया। एस जयशंकर ने सवाल उठाते हुए पूछा कि इसके दोषी कौन थे? ब्रिटेन, कनाडा, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका। एस जयशंकर ने माफी के साथ अपनी बात रखते हुए कहा कि उस पुराने आदेश पर मेरे पास कुछ सवाल हैं। अब, मैं आपको और भी बहुत कुछ बता सकता हूँ। आज हम राजनीतिक हस्तक्षेप की बात कर रहे हैं। जब पश्चिम दूसरे देशों में जाता है, तो जाहिर तौर पर यह लोकतांत्रिक स्वतंत्रता की दृढ़ता के लिए होता है। जब दूसरे देश पश्चिम में आते हैं, तो ऐसा लगता है कि उनका इरादा बहुत ही बुरा है। एक मजबूत और निष्पक्ष संयुक्त राष्ट्र का आह्वान करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा इसलिए मुझे लगता है कि हमें एक व्यवस्था की आवश्यकता है, निष्पक्षता होनी चाहिए। हमें एक मजबूत संयुक्त राष्ट्र की आवश्यकता है, लेकिन एक मजबूत संयुक्त राष्ट्र के लिए एक निष्पक्ष संयुक्त राष्ट्र की आवश्यकता होती है। जब



उनसे उनकी पिछली टिप्पणियों के बारे में पूछा गया, जिसमें उन्होंने कहा था, यदि आपके पास कोई व्यवस्था नहीं है, तो आप एक बहुत ही अराजक दुनिया को देख रहे हैं, तो जयशंकर ने जवाब दिया, देखिए, मुझे लगता है कि हमें एक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की आवश्यकता है, जैसे हमें एक घरेलू व्यवस्था की आवश्यकता है। जैसे आपको किसी देश में समाज की आवश्यकता होती है, वैसे ही आपको उसका एक अंतरराष्ट्रीय संस्करण भी चाहिए और अगर कोई व्यवस्था नहीं होगी तो केवल बड़े देशों को ही लाभ नहीं होगा। मैं तर्क दूंगा कि कोई भी देश जो जोखिम उठाएगा, जो चरमपंथी रुख अपनाएगा, जो व्यवस्था का परीक्षण करेगा, वास्तव में अव्यवस्था का अपने लाभ के लिए उपयोग करेगा। मेरा मतलब है कि हमने अपने पड़ोस में देखा है। जोखिम भरा देश बनने के लिए आपको एक बड़े देश की आवश्यकता नहीं है। मेरे छोटे पड़ोसी हैं जिन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। इसलिए, सबसे पहले, हम सभी को एक व्यवस्था के महत्व को समझना चाहिए।

# पवित्र रमजान का महीना कुरआन की बहार का महीना है

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**लखनऊ।** पवित्र रमजान का महीना कुरआन की बहार का महीना है। इस महीने में हर छोटा-बड़ा, बुजुर्ग और जवान, कुरआन की शिक्षा और अहले बैत (अ.) की तालीम से लाभान्वित होना चाहता है। इसी सिलसिले में मदरसा तजवीद व किरात ने मरकज-ए-तालीम व तरबियत ट्रस्ट महफि ल साकलैन ऑल इंडिया के सहयोग से किरात प्रतियोगिता का पांचवां दौर रौजा-ए-काजमेंन में आयोजित किया। इसमें देश और विदेश से आए कारियों ने खूबसूरत अंदाज में तिलावत की, जिससे शहर का आध्यात्मिक माहौल और भी खूबसूरत हो गया। महफि ल के समापन पर उलमा-ए-किराम के दस्ते मुबारक से पहली, दूसरी और तीसरी पोजीशन हासिल करने वाले कारियों को बेहतरीन इनामात से नवाजा गया। आखिर में इस बज्म-ए-कुरआन का समापन इस दुआ के साथ हुआ कि इस तरह की रूहानी महफि लें हर गांव और हर शहर में आयोजित होने की तौफीक अता हो।

# फिक्की द्वारा आयोजित फ्री हैल्थ कैम्प में सैकड़ों मरीजों को उपचार, चश्मे और जरूरतमंदों को मिला राशन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आराम पार्क क्षेत्र में फेस इस्लामिक कल्चरल कम्युनिटी इंटीग्रेशन (फिक्की) द्वारा संचालित हार्मनी चैरिटेबल हेल्थ सेंटर के तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने विभिन रोगों से पीड़ित सैकड़ों मरीजों की जांच कर उन्हें उचित उपचार प्रदान किया। खासतौर पर शार्प साइट आखों के हॉस्पिटल की टीम ने आँखों से संबंधित बीमारियों से जूझ रहे रोगियों की जांच की तथा फिक्की द्वारा निःशुल्क चश्मे और दवाइयाँ वितरित कीं। इसके अतिरिक्त आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को फातिमा फूड किट प्रदान कर राहत पहुँचाई गई।इस महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य की अध्यक्षता फिक्की के संस्थापक चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी ने किया। कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। कृष्णा नगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सरदार गुरचरण सिंह राजू, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य सुखविंदर सिंह बब्बर, फिक्की के पैट्रन हाफिज सलीम अहमद, सर्वोस्टेप पावर के चेयरमैन मोहम्मद आलम, फेस ग्रुप के प्रबंधक डॉक्टर बिलाल अंसारी, फिक्की की फाइनेंस डायरेक्टर शबाना अजीम, दीपक कपूर, मौहम्मद अहमद जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी उपस्थिति से इस आयोजन को और भी प्रभावी बनाया। फिक्की के प्रयासों की सराहना करते हुए सरदार गुरचरण सिंह राजू ने कहा कि फि क्की बिना किसी धार्मिक भेदभाव के न केवल जरूरतमंदों की मदद करता है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं को आम जनता तक पहुँचाने के लिए भी निरंतर कार्यरत है।डॉक्टर मुश्ताक अंसारी ने जानकारी देते कि इस शिविर में शार्प साइट हॉस्पिटल के अनुभवी डॉक्टरों के अलावा डॉक्टर इकबाल सैफी, डॉक्टर रेहाना, डॉक्टर विजय जायसवाल और डॉक्टर सरस्वती शाह ने भी अपनी निःशुल्क सेवाएँ प्रदान कीं। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 185 रोगियों की जांच कर उनका इलाज किया गया, साथ ही 25 जरूरतमंद महिलाओं को राशन किट भी वितरित की गईं। हाफिज सलीम अहमद ने कहा कि फिक्की का यह सराहनीय कदम समाज के उन तबकों तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने का प्रयास है, जो महंगी चिकित्सा सेवाओं का खर्च वहन करने में असमर्थ हैं। ऐसे आयोजनों से न केवल लोगों को उचित उपचार मिलता है, बल्कि समाज में जागरूकता और मानवता की भावना भी मजबूत होती है।

करण सिंह मेहरा, नरेंद्र सिंह, जैनब अंसारी, पूनम धमीजा, शहनाज अख़्तर, फरहा और नाज खान सहित कई समर्पित कार्यकताओं ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# एएमएम पब्लिक स्कूल में मनाई गई प्रकृति अनुकूल होली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** सौंदा रोड शिवपुरी कॉलोनी स्थित एएमएम पब्लिक स्कूल में होली पर्व हर्षोल्लास के साथ से मनाया गया। इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाओं ने स्कूल के विद्यार्थियों के साथ प्राकृतिक रंगों के साथ होली खेली और बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल द्वारा जारी न्यूज लेटर अरुणोदय के विशेष संस्करण 'उड़ान 3.0' का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर मौजूद स्कूल के चेयरमैन प्रभात मित्तल ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षक शिक्षिकाओं को होली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि होली पर्व खुशियों का प्रतीक है।

इसलिए हमें यह पर्व प्रेम और भाईचारे के साथ बनाना चाहिए। उन्होंने सभी से हानिकारक रसायनों




से निर्मित रंगों का उपयोग करने की बजाय प्राकृतिक और हर्बल रंगों का उपयोग करने की अपील की। स्कूल की प्रधानाचार्या रीता रस्तोगी ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और स्कूल के बच्चों से कहा कि होली पर जल संरक्षण की ओर कदम बढ़ाते हुए पानी से दूर रहें और सुरक्षित तरीके से होली खेलें । इस दौरान स्कूल के चेयरमैन प्रभात मित्तल एवं प्रधानाचार्या रीता रस्तोगी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने स्कूल द्वारा जारी न्यूज लेटर अरुणोदय के विशेष संस्करण 'उड़ान 3.0' का विमोचन किया। प्रभात मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि अरुणोदय के इस विशेष संस्करण में अभी हाल ही में स्कूल द्वारा आयोजित किए गए वार्षिकोत्सव 'उड़ान 3.0' की मुख्य झलकियां, विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं समर्पण को संकलित किया गया है। जो जीवन भर हमारे स्मृति पटल पर अपनी अमिट छाप अंकित कर देगा। इस अवसर पर स्कूल के तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं, अतिथि एवं अभिभावक गण मौजूद थे।

# पानीपत को अत्याधिक विकसित बनाने हेतु मुख्यमंत्री ने दी बजट में 8 सौगते : गजेन्द्र सलूजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** । प्रदेश प्रमुख राष्ट्रीय सदस्यता अभियान एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा ओर केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा ने धन्यवादी संदेश में बताया कि हरियाणा को अत्यधिक विकसित बनाने हेतु हमारे मुख्यमंत्री नायब एवं केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की गति से कार्य कर रहे थे अब जनता ने उन्हें अपने आशीर्वाद के रूप में ट्रिपल इंजन की गति प्रदान की हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का उत्कृष्ट बजट पेश किया। जो कि हर वर्ग के उत्थान में लाभदायक होगा। इसमें चाहे किसान वर्ग हो,युवा वर्ग हो,व्यापारी वर्ग हो, विद्यार्थी वर्ग हो सबका विकास हो ऐसी इस बजट में प्राथमिकता रही। सबका साथ सबका विकास के उद्देश्य पर अहम



भूमिका निभा रहे इस बजट में पानीपत को हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 8 विशाल जनकल्याणकारी सौगातें दी है। सबसे पूर्व पानीपत में बीज प्रशिक्षण केंद्र को स्थापित करने की अहम घोषणा मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा की गई। दूसरी घोषणा मॉडल विद्यालय में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन स्पोर्ट्स ताकि विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा तो मिलेगी ही उसके साथ बच्चे खेल में अपना भविष्य बना सके। अत्याधुनिक मातृत्व - शिशुत्व केंद्र स्थापना करने की घोषणा की गई है। सरकारी हस्पताल जिसमें 200 बेड की व्यवस्था थी उसमें अब अपग्रेड कर दिया जायेगा और वह 300 बेड का विशाल सरकारी हस्पताल बन जाएगा। हस्पताल में 50 बेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण भी होगा। हस्पताल को मिलेगी एडवांस लाइफ स्पोर्ट्स एम्बुलेंस। पानीपत शहर में सीईटीपी की स्थापना की जाएगी। कामकाजी महिलाओं के लिए महिला छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। जिस तरह कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है उसी तरह स्वास्थ्य एवं शिक्षा उनकी भुजाएं इसके हेतु मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पूरे प्रदेश में हर 10 किलोमीटर के दायरे के अंदर आम सरकारी विद्यालयों को राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय अपग्रेड करने की ऐतिहासिक एवं विशाल घोषणा कि है ताकि गरीब परिवार का बच्चा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त सरकारी संस्थान से शिक्षा ग्रहण कर सके।जिस से हर वर्ग लाभान्वित होगा और क्षेत्र विकसित भारत के राह पर कार्य करेगा ।

# सपा नोएडा महानगर संगठन ने नोएडा विद्युत के मुख्य अभियंता से मिलकर साझा किया नोएडा के विद्युत से संबंधित समस्याएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा।** सपा नगर महानगर संगठन का एक प्रतिनिधि मंडल सपा नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में नोएडा सेक्टर 16 में नोएडा विद्युत के मुख्य अभियंता हरीश बंसल से मिलकर नोएडा के सेक्टर ,गांव व कॉलोनी में व्याप्त विद्युत की समस्याओं को उनसे साझा किया। महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि सेक्टर 81के शिव शक्ति एनक्लेव में लगभग 3000 लोग रहते हैं इसमें 2200 लोगों का मीटर लगा चुका है जबकि 800 लोगों का मीटर नहीं लग पा रहा है जिससे उनको काफी परेशानी हो रही है।

विद्युत चीफ ने तुरंत इसकी जांच का आदेश दिया है । नोएडा के कच्ची कोलनियो में बिजली की समस्या लगातार बनी हुई है। इस समस्या को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव के द्वारा पत्र के माध्यम से समाधान के लिए लिखा जा चुका है। जिसके लिए विद्युत चीफ ने शासन स्तर से इसकी समाधान की बात कही है। महानगर महासचिव विकास यादव ने ग्राम सफाबाद व सदरपुर में व्याप्त बिजली की समस्याओं को उठाने का काम किया। बिजली के पोलो की कमी से लोगों को बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

आज उपस्थित मुख्य लोगों में बबलू चौहान, रामवीर यादव, राम सहेली, बबली शर्मा ,राणा मुखर्जी ,सतवीर यादव ,विश्वास ,बृजेश शर्मा ,घनश्याम यादव, सुनीता, परवीन, उपस्थित रहे।

# बहुजन समाज के प्रति सत्य निष्ठा से प्राभावित होकर लोगों ने आजाद समाज पार्टी कांशीराम का दामन थामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश कार्यालय इंदिरा नगर लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चितौड़ के नेतृत्व में बामसेफ ऑफ सूट विंग बहुजन मुक्ति मोर्चा अंबेडकर फाउंडेशन के सम्मानित साथियों ने किरन चौधरी राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुजन मुक्ति पार्टी महिला विंग और विकास कुमार अध्यक्ष भारत मुक्ति मोर्चा सीतापुर की अध्यक्षता में फुले, शाहू, अंबेडकर और कांशीराम की मानवतावादी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने व बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के कारवां को मंजिल तक पहुंचाने का संकल्प लेकर और राष्ट्रीय अध्यक्ष भाई साहब चन्द्रशेखर आजाद जी के बेबाक अंदाज, संघर्ष और बहुजन समाज के प्रति सत्य निष्ठा से प्राभावित होकर आजाद समाज पार्टी कांशीराम का दामन थामा। इस अवसर पर किरन चौधरी राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुजन मुक्ति मोर्चा महिला विंग, अजुर्नेश कुमार पूर्व प्रदेश महासचिव बहुजन मुक्ति मोर्चा, विकास कुमार अध्यक्ष भारत मुक्ति मोर्चा जिला सीतापुर, सुनील कन्नौजिया पूर्व जिला महासचिव बहुजन मुक्ति मोर्चा प्रयागराज, देव कुमार यादव जनपद अमेठी, जितेंद्र कुमार सरोज मंझनपुर कौशांबी, डॉ संतोष कुमार मंझनपुर कौशाबी, मिथिलेश कुमारी गोमतीनगर लखनऊ, श्रीपवन बौद्ध पूर्व कालीन प्रचारक जनपद गोंडा, मंगल कुमार पूर्वकालीन जिला प्रचारक अमेठी बामसेफ, सभाजीत अंबेडकर पूर्व कालीन जिलाचारक अंबेडकर नगर बामसेफ, सुनील बाबू कुशवाहा पूर्व कालीन जिला प्रचारक बामसेफ, शिव नारायण गोपाल इटावा जनपद, राकेश कुमार जनपद मथुरा, संजय कुमार जनपद कानपुर देहात, रमेश चंद्र साहू जनपद कानपुर नगर, जागेश्वर कैथल जनपद कानपुर नगर, रविंद्र प्रसाद जनपद कानपुर नगर मौजूद रहे।

# जायद की 9 फसलें भी आएंगी बीमा और केसीसी के दायरे में : कृषि मंत्री

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** प्रदेश के कृषि मंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को कृषि निदेशालय में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि जायद सीजन की 9 फसलों को फसल बीमा तथा किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के दायरे में लाने का निर्णय लिया

**मूंगफली, मक्का, मूंग, उड़द, पपीता, लीची, तरबूज, खरबूज आंवला की फसलों को किया गया शामिल**

गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि मूंगफली, मक्का, मूंग, उड़द, पपीता, लीची, तरबूज, खरबूज आंवला की फसलों को किसान क्रेडिट कार्ड तथा फसल बीमा योजना के




दायरे में लाने का निर्णय लिया गया है। कृषि मंत्री ने कहा कि इन फसलों को बीमा के दायरे में लाने से किसानों को उनकी फसलों पर मौसम तथा अन्य संभावित अनचाहे नुकसान से बचाया जा सकता है। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को ढैंचा बीज तथा जिप्सम सप्लाई की समुचित व्यवस्था अग्रिम रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय योजना अधिकारियों को निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट को व्यय करने में तेजी लाई जाए। इस अवसर पर कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, प्रमुख सचिव कृषि रवींद्र, सचिव वित्त मिनिस्थी एस, नाबार्ड के प्रबंध निदेशक, कृषि निदेशक तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अ

## महंगाई पर लगाम कसने और रोजगार बढ़ाने की योजनाओं पर बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं : एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल

# आम आदमी व पिछड़ा वर्ग को बजट से मिली निराशा, किसान, मजदूर व छोटे व्यापारियों के हाथ खाली : खोवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हिसार (राजेश सलूजा)।** हरियाणा सरकार द्वारा जारी बजट पर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट

**बजट के माध्यम से जनता को गुमराह करने की कोशिश : एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल**

ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि बजट से आम आदमी व पिछड़ा वर्ग को निराशा मिली है। इतना ही नहीं किसान, मजदूर व छोटे व्यापारियों के हाथ खाली हैं। उन्होंने कहा कि बजट में कई योजनाओं का जिक्र किया गया है, इसी भांति पिछले बजट में भी कई बड़ी-बड़ी योजनाओं की बात कही गई थी लेकिन उन पर कोई काम नहीं हुआ। खोवाल ने कहा कि भाजपा



हमेशा से आंकड़ों का खेल खेलती है। इस बार भी जनता को आंकड़ों में उलझाने की कोशिश की गई है।

खोवाल ने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई पर लगाम कसने के लिए कोई पुख्ता योजना नहीं है और न ही रोजगार बढ़ाने की योजनाओं का बजट में कोई ठोस प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी महंगाई से बुरी तरह त्रस्त है। उसके लिए राशन व रोजमर्रा की सामग्री खरीदना भी दूभर हो गया है। इतना ही नहीं प्रदेश में लगातार बेरोजगारी बढ़ रही है और युवा पीढ़ी नशे की लत का शिकार हो रही है। इसलिए प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार बढ़ रहे अपराधों के खिलाफ नकेल कसने के लिए भी पुख्या योजना की आवश्यकता है लेकिन बजट में इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया।

एडवोकेट खोवाल ने कहा कि बजट में बड़े-बड़े दावे करना भाजपा की नीतियों में शामिल है। असलियत तो यह है कि धरातल पर कोई काम ही नहीं किया जाता। इसी तरह बड़े-बड़े वादे करके भाजपा ने सत्ता हासिल की है लेकिन भाजपा की नीतियों से जनता बुरी तरह परेशान है। उन्होंने कहा कि इस बजट से आम आदमी ही नहीं बल्कि व्यापारी व उद्योगपतियों को भी निराशा मिली है। दरअसल इस बजट से जनता को गुमराह करने की कोशिश की गई है।

# गौरैया संरक्षण के प्रति लोगों को 8 वर्ष से जागरूक कर रहे महेश साहू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** एक समय था जब नन्ही गौरैया का अभियान हर घर में होता था उसकी चीं चीं की मधुर आवाज सुनाई देती थी पर तेजी से नन्ही गौरैया की संख्या कम होने लगी तो सरकारों ने गौरैया संरक्षण के प्रयास शुरू किए। तो वहीं राजधानी लखनऊ के बुद्धेश्वर विहार कालोनी निवासी महेश साहू ने 2017 से वन अधिकारी ए.के. द्विवेदी वर्तमान में डीएफओ कानपुर देहात की प्रेरणा से मेरी प्यारी गौरैया मुहिम शुरू कर प्लाई के कृत्रिम घोंसला , पानी व दाना के लिए मिट्टी के पात्र निःशुल्क वितरित कर रहे हैं। नन्ही गौरैया संरक्षण का प्रयास करने के साथ जागरूकता अभियान चला कर छात्र छात्राओं व आम जनमानस को जागरूक कर रहे हैं। अब तक एक हजार से अधिक कृत्रिम घोंसले निःशुल्क लगा व वितरित कर चुके हैं।वर्ष 2023 में महेश साहू ने मेरी प्यारी गौरैया संरक्षण समिति का गठन किया। महेश साहू नन्ही गौरैया संरक्षण का कार्य पूरी तन्मयता से कर रहे हैं तो लोग उन्हें पक्षी प्रेमी के नाम से पुकारते हैं। यही उनकी पहचान बन गई है। महेश साहू ने अपने घर पर लगभग 1 दर्जन कृत्रिम घोंसले लगा रखे हैं जिसमें नन्ही गौरैया ने अपना आशियाना बना रखा है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267